जबलपुर, मंगलवार
07 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 281
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'कमजोर तब रुकते हैं जब वो थक जाते हैं और विजेता तब रुकते हैं जब वो जीत जाते हैं।'

2 जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलों...
5 बम्हनी कार्यपालन अभियंता पर..
7 ईरान नहीं, खाड़ी देशों में खत्म हो...
11 एनएसजी भारत का अभेद्य कवच...

### ट्रक से टकराई कार 4 बारातियों की मौत

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में दुल्हन लेकर लौट रही बारातियों से भरी कार ट्रक में जा घुसी। हादसे में 4 युवकों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हैं। दूल्हे के चचेरे भाई की गर्दन कटकर अलग हो गई है। शादी वाले घर में जहां कुछ देर पहले तक जश्न था, वहां अब चीख-पुकार और सन्नाटा पसरा है। जानकारी के मुताबिक, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। अंदर बैठे लोग बुरी तरह फंस गए। हादसे में इरफान, आरिस और फरहान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरफाद ने इलाज के दौरान दम तोड़ा।

### शिवसेना नेता की हत्या आरोपी का एनकाउंटर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ शहर में महज 72 घंटों में हुई पांच हत्याओं ने शहर में सनसनी मचा दी है। सोमवार तड़के नांदेड़ के श्रीनगर इलाके में शिवसेना (शिंदे गुट) के युवा सेना शहर अध्यक्ष सोनू कल्याणकर की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसके पैर पर गोली चलाई, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### तालाब में डूबने से 3 दोस्तों की मौत

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में 3 नाबालिग दोस्तों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सोमवार दोपहर तीनों मौज-मस्ती के लिए तालाब गए थे, लेकिन नहाते वक्त कुछ ही पलों में गहराई में समा गए। मामला नई सराय थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान मयंक पिता अवधेश रघुवंशी, देव पिता राकेश रघुवंशी और ओम पिता सतीश रघुवंशी के रूप में की गई है। तीनों अजलेश्वर गांव के हैं। तीनों नाबालिग अपने-अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे।

### बीईओ कार्यालय का लेखा प्रभारी रिश्वत लेते धराया

**बड़वानी।** जिले के राजपुर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लेखा शाखा प्रभारी प्रदीप मंडलोई को लोकायुक्त पुलिस ने सात हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपित द्वारा आवेदक की बहू की अनुकंपा नियुक्ति पत्र दिलाने और वेतन निकालने की एवज में रूपये की मांग की थी। आवेदक की शिकायत की पुष्टि उपरांत लोकायुक्त दल ने राजपुर के बीईओ कार्यालय में लेखा शाखा प्रभारी के रुप में पदस्थ प्रदीप मंडलोई को रिश्वत लेते हुए ट्रेप किया।

# अब हर दिन लगेगा भारी जुर्माना

## वीजा छूट खत्म : यूएई में फंसे हजारों भारतीयों की बढ़ी मुश्किलें

नई दिल्ली

मिडल ईस्ट में बढ़ते तनाव और फ्लाइट रूट बंद होने की वजह से यूएई में रहने वाले विदेशी यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ओवरस्टे वीजा में मिली अस्थायी छूट आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गई है। अब हालात यह हैं कि फ्लाइट्स कैंसिल होने के कारण फंसे हुए यात्रियों पर हर दिन 50 दिराम के जुर्माने की मार पड़ने लगी है। इस कानूनी और आर्थिक संकट को देखते हुए भारत, जर्मनी, आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों ने अपने नागरिकों की सुरक्षित घर वापसी के लिए इमरजेंसी ऑपरेशन तेज कर दिए




हैं। जैसे ही वीजा छूट की समय सीमा खत्म हुई, भारत समेत दुनिया के कई देशों ने रेस्क्यू मोड ऑन कर दिया है। भारत सरकार अबू धाबी में अपने दूतावास और दुबई में वाणिज्य दूतावास के जरिए पूरी जानकारी ली जा रही है। एयर इंडिया और इंडिगो जैसी बड़ी एयरलाइंस ने अपने शेड्यूल में बदलाव किया है ताकि बंद हवाई रास्तों के बीच से सुरक्षित रास्ता निकालकर भारतीयों को वतन वापस लाया जा सके। भारतीय अधिकारी उन लोगों को आपातकालीन वीजा और कानूनी मदद दिलाने में जुटे हैं, जिनके पास अब रुकने का कोई कानूनी विकल्प नहीं बचा है।

### विशेष उड़ानों का इंतजाम

सिर्फ भारत ही नहीं, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने भी अपने नागरिकों के लिए कमर कस ली है। जर्मनी ने लुफ्थांसा और एमिरेट्स के साथ मिलकर विशेष उड़ानों का इंतजाम किया है ताकि फंसे हुए मुसाफिरों को जल्द ही निकाला जा सके। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने दुबई और अबू धाबी एयरपोर्ट से सीधी उड़ने चालू हो गई है। जिसमें बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को प्राथमिकता दी जा रही है। इन देशों की कोशिश है कि उनके नागरिकों को कम से कम वित्तीय नुकसान हो और वे सुरक्षित अपने देश लौट सकें।

### मुसाफिरों के सामने चुनौतियों का पहाड़

दरअसल, 31 मार्च के बाद से हालात और भी पेचीदा हो गए हैं। अब हर ओवरस्टे करने वाले शख्स को रोजाना करीब 1100 से 1200 रुपये का जुर्माना भरना होगा। समस्या यह है कि एक तरफ आसमान पर हवाई पाबंदियों का पहरा है और दूसरी तरफ होटलों का बढ़ता खर्च लोगों की कमर तोड़ रहा है। कई यात्री ऐसे हैं जो अपनी मर्जी से नहीं, बल्कि उड़ानों की कमी की वजह से वहां फंसे हुए हैं, लेकिन अब उन पर कानूनी कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

### तुर्की-फ्रांस का डिप्लोमैटिक मिशन

तुर्की और फ्रांस जैसे देशों ने इस मामले में कूटनीतिक रास्ता अपनाया है। फ्रांस का विदेश मंत्रालय लगातार यूएई प्रशासन के संपर्क में है ताकि तकनीकी कारणों से फंसे नागरिकों पर जुर्माना न लगाया जाए। वहीं तुर्की ने अपने दूतावास के जरिए उन लोगों को वित्तीय और रसद सहायता पहुंचाई है जिनके पास संसाधनों की कमी हो गई है। डेनमार्क ने भी अपने नागरिकों को साफ सलाह दी है कि वे बिना घबराए दूतावास के संपर्क में रहें और किसी भी कानूनी उलझन से बचने के लिए सरकारी निर्देशों का पालन करें।



## 9 पुलिसकर्मियों को सजा-ए-मौत

**थाने में टॉर्चर कर ली थी बाप-बेटे की जान**

**मदुरै।** साल 2020 के चर्चित सथानकुलम कस्टोडियल किलिंग मामले में एक बड़ा और अहम फैसला सामने आया है। मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने इस मामले में दोषी पाए गए तमिलनाडु के 9 पुलिसकर्मियों को मौत की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इस घटना को 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' यानी बेहद जघन्य अपराध मानते हुए यह सख्त सजा दी है। यह फैसला छह साल तक चले लंबे ट्रायल के बाद सुनाया गया। मामले की सुनवाई फर्स्ट एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज जी मुथुकुमारन की अदालत में हुई, जिन्होंने सभी नौ आरोपियों को हत्या और अन्य संबंधित धाराओं में दोषी करार दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यह मामला अत्यधिक क्रूरता और सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है। यह मामला तूतीकोरिन जिले के सथानकुलम से जुड़ा है, जहां व्यापारी पी जयराज और उनके बेटे जे बेन्निक्स की हिरासत में मौत हो गई थी। दोनों को 19 जून 2020 को पुलिस ने कोविड-19 लॉकडाउन नियमों के उल्लंघन के आरोप में हिरासत में लिया था। आरोप था कि उन्होंने अपनी मोबाइल एक्सेसरी की दुकान निर्धारित समय के बाद भी खुली रखी थी। बहरहाल, यह फैसला न केवल पीड़ित परिवार के लिए न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, बल्कि यह पूरे देश में पुलिस हिरासत में होने वाली घटनाओं पर एक सख्त संदेश भी देता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है।

### इन्हें दिया मृत्युदंड

इस मामले में जिन नौ पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया गया है, उनमें इंस्पेक्टर एस. श्रीधर, सब-इंस्पेक्टर पी. रघु गणेश और के. बालकृष्णन शामिल हैं। इसके अलावा हेड कांस्टेबल एस. मुरुगन और ए. समदुरई तथा कांस्टेबल एम. मुथुराज, एस. चेल्लादुरई, एक्स. थॉमस फ्रांसिस और एस. वेलुमुथु के नाम भी शामिल हैं। इस केस में एक दसवां आरोपी स्पेशल सब-इंस्पेक्टर पॉलदुरई भी था, जिसकी ट्रायल के दौरान कोविड-19 से मौत हो गई थी।

## पाक दिखा रहा जोश, प्रधान सेवक खामोश

### कोलकाता को दहलाने की धमकी पर दहाड़ी ममता बनजी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में अब पाकिस्तान की एंट्री हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नदिया जिले में एक रैली के दौरान सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आखिर एक विदेशी मुल्क हमारे शहर कोलकाता को दहलाने की धमकी कैसे दे सकता है और देश के प्रधान सेवक इस पर खामोश क्यों हैं? यह बंगाल चुनाव से पहले राष्ट्रवाद और सुरक्षा के मुद्दे पर छिड़ा एक सियासी जंग है। ममता बनर्जी ने पीएम मोदी की रैली का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुलेआम कोलकाता पर स्ट्राइक करने की धमकी दी है। उन्होंने सवाल उठाया, जब पीएम रविवार को बंगाल आए, तो उन्होंने इस धमकी पर एक शब्द क्यों नहीं बोला? पाकिस्तान को कड़ा



जवाब क्यों नहीं दिया? ममता बनर्जी ने इस पूरे मामले में एक नई साजिश की तरफ इशारा करते हुए कहा कि आखिर एक पाकिस्तानी मंत्री की इतनी हिम्मत कैसे हुई? क्या इसके पीछे कोई और कहानी है? उन्होंने इस पूरे मामले की जांच की मांग करते हुए साफ कर दिया कि बंगाल की जनता अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं करेगी।

**वोटिंग और काउंटिंग के लिए स्पेशल टिप्स**- ममता बनर्जी ने अपने कार्यकर्ताओं को सावधान करते हुए कहा कि 4 मई को जब नतीजे आएंगे, तो शुरुआती रुझानों से घबराना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी जानबूझकर ऐसी हवा बनाएगी जैसे वही जीत रही है। ममता ने कार्यकर्ताओं को जोश भरते हुए कहा, जब तक आखिरी वोट की गिनती न हो जाए, काउंटिंग सेंटर मत छोड़ना। जीत हमारी ही होगी।

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री-गृहमंत्री को झटका

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को तत्काल जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि जिला अदालत द्वारा दिए गए पुलिस रिमांड की अवधि पूरी की जाएगी, लेकिन इसके बाद रिमांड आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

### दिल्ली में बड़ी सुरक्षा चूक का मामला

## विधानसभा का बैरियर तोड़ अंदर घुसी कार

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को एक बड़ी सुरक्षा चूक का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश के रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक अनियंत्रित कार दिल्ली विधानसभा के गेट नंबर 2 का बैरियर और लोहे का दरवाजा तोड़ते हुए सीधे परिसर के भीतर जा घुसी। इस अप्रत्याशित घटना के बाद विधानसभा की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, तेज रफ्तार कार ने




गेट नंबर 2 पर लगे सुरक्षा घेरे को ध्वस्त कर दिया। सुरक्षाकर्मियों के कुछ समझ पाने से पहले ही कार ड्राइवर तेजी से विधानसभा के स्पीकर और नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता के ऑफिस की ओर बढ़ा। हैरान करने वाली बात यह रही कि ड्राइवर ने पोर्च के पास जाकर फूलों का एक गुलदस्ता रखा और फिर वहां से भागने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया और सीसीटीवी फुटेज के जरिए कार के मूवमेंट को ट्रैक किया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

## धुरंधर-2 का जमाना चल रहा: मुख्यमंत्री

### मप्र के 17 जिलों में भाजपा कार्यालयों का हुआ भूमिपूजन

भोपाल

भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के मौके पर मध्यप्रदेश के 17 जिलों में कार्यालयों का भूमिपूजन किया गया। भोपाल के प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया। यहीं से भूमिपूजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल वर्चुअली जुड़े। इस मौके पर



मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत तीसरा देश बन गया है, जो अपने दुश्मनों को उनके देश में घुसकर मारता है, जो हमारे अपने देश के अंदर कष्ट देते हैं। मोदी जी के माध्यम से धुरंधर 2 का समय चल रहा है, लेकिन हमें धुरंधर 1 का समय भी याद आता है। हमें मालूम है कि नकली नोट छाप-छापकर पाकिस्तान परेशान करता था। उस पाकिस्तान को भी क्या ठिकाने लगाया। यह असली धुरंधर का जमाना है। अपनी परेशानियों का समाधान अपने पास ही है। जब समर्थ और सामर्थ्यशाली नेतृत्व होता है, तो सारे उलझे-सुलझे प्रश्नों का उत्तर मिलता है। तभी तो विक्रमादित्य बनारस में जाकर धर्म की जय-जयकार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा- कौन सा फीनिक्स पक्षी है जो राख बनकर फिर जीवित हो जाता है, हमने वह पक्षी नहीं देखा, लेकिन हमने भाजपा को देखा है, जिसकी विचारधारा अटल और अमर हो गई है। हमारे नेताओं का चरित्र और दर्शन अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नेतृत्व से भाजपा के हर कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाया है।

## 9 को कलेक्टरों के दफ्तर घेरेगी किसान कांग्रेस

भोपाल

मध्यप्रदेश में गेहूं खरीदी में देरी और ओलावृष्टि के मुआवजे को लेकर राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर किसानों के साथ 'क्रूर विश्वासघात' का आरोप लगाते हुए आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के आह्वान पर 9 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालयों का घेराव करेंगे। प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार किसानों को बिचौलियों के हाथों लूटने के लिए मजबूर कर रही है। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र



सिंह चौहान ने कहा कि यदि मंडियों में बारदाने की व्यवस्था नहीं हुई और खरीदी तुरंत शुरू नहीं की गई, तो कांग्रेस कार्यकर्ता उग्र प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के भोपाल स्थित निवास के सामने उपवास पर बैठा जाएगा। धर्मेंद्र सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि सरकार ने खरीदी की तारीखों को तीन बार आगे बढ़ाया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम में 10 अप्रैल तथा अन्य संभागों में 15 अप्रैल से खरीदी शुरू करने का निर्णय किसानों को मजबूर करने वाला है, ताकि वे अपनी फसल कम दाम पर व्यापारियों को बेच दें। उन्होंने कहा कि केंद्र ने 160 लाख टन पंजीकरण के मुकाबले केवल 78 लाख टन खरीदी की सीमा तय कर किसानों को नुकसान पहुंचाया है।

## 'कोर्ट है नौटंकी का मंच नहीं'

### दिल्ली हाईकोर्ट में केजरीवाल और एसजी के बीच जोरदार बहस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में सोमवार को हाईकोर्ट के भीतर जबरदस्त कानूनी ड्रामा देखने को मिला। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद अदालत में पेश हुए और जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा से इस मामले की सुनवाई से हटने की गुहार लगाई। इस दौरान सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल और केजरीवाल के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। अदालत की कार्यवाही शुरू होते ही अरविंद केजरीवाल ने अपनी पैरवी खुद संभाल ली। उन्होंने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा से आग्रह किया कि वे उन्हें बरी किए जाने के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई न करें। केजरीवाल ने अपनी रिक्यूजल याचिका को रिकॉर्ड पर लेने की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केजरीवाल की मांग का कड़ा विरोध करते हुए अदालत में कहा कि याचिका में लगाए गए आरोप बेबुनियाद और अदालत की अवमानना करने वाले हैं। उन्होंने तीखे लहजे में टिप्पणी की कि 'अदालत कोई नौटंकी का मंच नहीं है' और यह भी सुझाव दिया कि यदि केजरीवाल खुद बहस करना चाहते हैं, तो उन्हें अपने वकीलों को हटा देना चाहिए। सुनवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि केजरीवाल के अलावा 7 अन्य आरोपियों ने भी जस्टिस




शर्मा को इस मामले से हटाने के लिए अर्जी दी है। इस पर जस्टिस शर्मा ने स्पष्ट किया कि यदि कोई और भी ऐसी याचिका देना चाहता है तो दे सकता है, ताकि वे सभी अर्जियों पर एक साथ विचार कर अपना फैसला सुना सकें। यह पूरा मामला 27 फरवरी के उस फैसले से जुड़ा है, जिसमें ट्रायल कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत 21 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। उस दौरान निचली अदालत ने सीबीआई के मामले को खारिज करते हुए कहा था कि यह न्यायिक जांच में टिकने योग्य नहीं है। इसके बाद सीबीआई ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी, जिस पर 9 मार्च को जस्टिस शर्मा की बेंच ने सभी 23 आरोपियों को नोटिस जारी किया। अब आरोपी पक्ष उसी बेंच के सामने सुनवाई का विरोध कर रहा है, जिससे मामला और जटिल हो गया है।

### बंगाल के टॉप अफसर पर बरसा सुप्रीम कोर्ट

## फोन क्यों नहीं उठाते, खुद को इतना बड़ा न समझें

नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीधे तौर पर मुख्य सचिव से सवाल किया, आप फोन क्यों नहीं उठाते? इस मामले की सुनवाई के दौरान एनआईए ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि इस पूरे घटनाक्रम में अब तक 11 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक, तीन मुख्य एफआईआर न्यायिक अधिकारियों को धमकी देने और घेराव से जुड़ी हैं। एनआईए की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि एक महिला जज को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से रोका गया था। इस पर कोर्ट ने सवाल किया कि क्या वही महिला जज थीं, जो वीडियो में रोती नजर आई थीं। एनआईए ने यह भी बताया कि एक एफआईआर महिला अधिकारी को प्रवेश से रोकने, दूसरी घेराव और तीसरी स्थानीय पुलिस की लापरवाही को लेकर दर्ज



की गई है। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में नाकेबंदी को लेकर 9 अन्य एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। कुल मिलाकर 11 मामलों में जांच चल रही है। इसके साथ ही 24 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कोर्ट को बताया गया कि अब तक 309 संदिग्धों की पहचान की जा चुकी है। 432 लोगों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण की मांग की गई है। फिलहाल जांच स्थानीय पुलिस कर रही थी, लेकिन अब एनआईए ने सभी मामलों की जांच अपने हाथ में लेने की अनुमति मांगी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए अपने विशेष अधिकारों की बात कही।

### कृपया जमीन पर रहिए

मुख्य न्यायाधीश ने मुख्य सचिव से कहा कि आप हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के फैसलों को भी गंभीरता से नहीं लेते। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए मुख्य सचिव ने सफाई दी कि वो दिल्ली में बैठक में थे और उन्हें कोई कॉल नहीं मिला। इस पर जस्टिस बागची ने कहा, आप इतने ऊंचे नहीं हो सकते कि मुख्य न्यायाधीश आप तक पहुंच ही न सकें। कृपया जमीन पर रहिए।

### एनआईए को सौंपी सभी जांच

कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत आदेश पारित करते हुए एनआईए को सभी 12 मामलों की जांच सौंप दी। कोर्ट ने कहा कि भले ही ये मामले एनआईए के निर्धारित दायरे में न आते हों, लेकिन न्यायिक अधिकारियों पर हमले बेहद गंभीर हैं। कोर्ट ने राज्य पुलिस को निर्देश दिया कि वो केस डायरी और जांच से जुड़े सभी रिकॉर्ड तुरंत एनआईए को सौंपे।

# जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलों एवं बूथ स्तर पर मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

### 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

### नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों व मनोनीत पार्षदों का विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष ने शाल श्रीफल भेंट कर किया सम्मान




शहडोल (स्वतंत्रमत)।

भारतीय जनता पार्टी का 47वाँ स्थापना दिवस राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के साथ ही मध्य प्रदेश के जिला, मंडलों व बूथों पर वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भारी उत्साह पूर्वक मनाया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा के मार्गदर्शन में जिले भर में जिला कार्यालय से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा झंडा वंदन किया गया। 'अटल निलय' जिला कार्यालय में, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक मनीषा सिंह विधायक शरद कोल व सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने किया ध्वजारोहण। झंडा वंदन की पश्चात आतिशबाजी एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भाजपा जिला अध्यक्ष व विधायकों ने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की दी बधाई। कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी संस्थापक महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर उनको नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया गया। तत्पश्चात प्रदेश भाजपा कार्यालय से पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से शहडोल पार्टी कार्यालय में सुना गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जाएगा साथ ही 13 अप्रैल को विशेष स्वच्छता अभियान एवं गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत चौपाल कार्यक्रम किए जाएंगे साथी 9 अप्रैल को जिले भर के सक्रिय सदस्यों बैठक भी आहूत की गई है एवं 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले के प्रत्येक बूथ पर अंबेडकर जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक मनीषा सिंह विधायक शरद कोल प्रदेश पदाधिकारी शालिनी शरावगी रवि शंकर त्रिपाठी, पूर्व विधायक प्रमिला सिंह जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जगवानी, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा, राकेश पांडे, मनोज गुप्ता, संतोष लोहानी, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, सुनैना सिंह, गीता सिंह, कविता सिंह, सौरभ गोले, रवींद्र वर्मा, श्रीकृष्ण गुप्ता, विनय केवट, अमित गुप्ता बंटी, अंकुश शर्मा, अमित बजाज, सुधीर दुबे, सुशील शर्मा धर्मेंद्र सिंह मीनू, आदित्य चपरा, सूर्यकांत निराला, जानू छाबड़ा, गौरव तिवारी, शीला तिवारी, मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी ,मृदुल मिश्रा ,सचिन सेठिया, पिंकू शुक्ला, सत्यभामा गुप्ता, निभा गुप्ता, नीलम चतुर्वेदी, रचना श्रीवास्तव, राखी शर्मा, अंजुला नामदेव, संचिता सरवटे, सहित भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पार्टी स्थापना दिवस का कार्यक्रम संपूर्ण जिले में जिला मुख्यालय समेत मंडलों एवं बूथ स्तर पर भारी उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत सभी के द्वारा अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाया गया और पार्टी के संस्थापक सदस्यों महापुरुषों को याद करते हुए उनके योगदान के लिए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में नवनियुक्त भाजपा प्रदेश पदाधिकारी शालिनी सरावगी एवं रवि शंकर त्रिपाठी का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया साथ ही जिले के नगर पालिका एवं नगर परिषदों में नगरीय निकाय एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा मनोनीत पार्षदों नियुक्त होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष एवं विधायकों ने शाल श्रीफल भेंट कर मनोनीत पार्षदों का सम्मान किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम का सफल मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा द्वारा किया गया एवं आभार भाजपा जिला मंत्री कृष्ण गुप्ता द्वारा किया गया।




## 11वीं मध्य प्रदेश राज्यस्तरीय सीनियर सेपकटकरा प्रतियोगिता सम्पन्न

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय सीनियर सेपकटकरा प्रतियोगिता का आयोजन, वही एसोसिएशन के जिला सचिव रामकिशोर चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 25 जिलों से 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सेपकटकरा एसोसिएशन के सचिव प्रतीक केसरवानी, सह सचिव आशीष मिश्रा, तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कमलकान्त साहू जी एवं अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। साथ ही संभागीय आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, और पं. शंभूनाथ विश्वविद्यालय की कुलपति ने खिलाड़ियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उद्घाटन समारोह में अधिकारियों ने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेपकटकरा जैसे खेल से युवा अपने भविष्य को नई दिशा दे सकते हैं। वही समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश सेपकटकरा मध्यप्रदेश के महासचिव प्रतीक केशवानी सहसचिव आशीष मिश्रा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, जिला सचिव रामकिशोर चौरसिया, उपस्थित रहे, भी निर्णायक की भूमिका में युवराज सिंह उमंग चतुर्वेदी, अमित पुष्पद, हिरदेश, वंशिका, वर्षा, दिव्यांशी, अमृतंजली, नीतेश, रिया, शिवम, पंकज, साहिल, रघुनाथ की भूमिका रही, और राज्य व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। वहीं चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल कराया जायेगा।



## कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों की समीक्षा

### 100 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण के दिए निर्देश

शहडोल (स्वतंत्रमत)। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के पत्रों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों में 100 दिन, 300 दिन और 500 दिन से ऊपर की शिकायतें लंबित हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी इन शिकायतों की मानीटरिंग करें तथा इनका निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो विभाग सी या डी श्रेणी में हैं वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाएं तथा ए श्रेणी में आने के लिए कार्य करें। लगातार सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के भी उन्होंने निर्देश दिए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

## पुलिस ने नाबालिग बालिका की दस्तयाबी कर परिजनों को किया सुपुर्द

शहडोल (स्वतंत्रमत)। थाना गोहपारू क्षेत्रांतर्गत फरियादी द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को घर से बिना बतायें कहीं चली गई है। आस-पास एवं रिश्तेदारी में तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। फरियादी द्वारा संदेह व्यक्त किया गया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर थाना गोहपारू में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान गोहपारू पुलिस द्वारा सक्रियता एवं तत्परता से कार्यवाही करते हुए अपहृता नाबालिग बालिका को ग्राम चुहिरी बस स्टैण्ड से सुरक्षित दस्तयाब किया गया। दस्तयाबी उपरांत गोहपारू पुलिस द्वारा नाबालिग के परिजनों को सूचित कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## मानसिक प्रताड़ना से आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



थाना गोहपारू क्षेत्रांतर्गत 19 नवम्बर 2024 को मृतिका अंजना सिंह कंवर निवासी नवागांव के गुम होने पर गुम इंसान कायम कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान 19 नवम्बर 2024 को प्रातः मृतिका का शव घर के पीछे बने कुएं में मिला, जिस पर मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही की गई। मर्ग जांच के दौरान मृतिका के परिजनों एवं चश्मदीद साक्षियों के कथन लिये गये। जांच में पाया गया कि घटना दिनांक को मृतिका अपनी रिश्ते की बहन के साथ कॉलेज जा रही थी, तभी रास्ते में आरोपी पवन सिंह कंवर निवासी ग्राम गंधिया द्वारा उसका हाथ पकड़कर जबरन साथ चलने का दबाव बनाया गया तथा उसके ऊपर पेट्रोल जैसा तरल पदार्थ डालकर उसे भयभीत व प्रताड़ित किया गया। उक्त घटना से मानसिक रूप से आहत होकर मृतिका उसी दिन शाम को घर से बिना बताए निकल गई तथा बाद में कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी द्वारा पूर्व में भी मृतिका को लगातार प्रताड़ित किया जाता था, जिससे परेशान होकर मृतिका ने यह कदम उठाया।

संपूर्ण जांच में आरोपी पवन सिंह कंवर के विरुद्ध धारा बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार था, जिस पर पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। विवेचना के दौरान साइबर सेल, सीडीआर एवं टावर लोकेशन की सहायता से आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर करणी कृपा फैक्ट्री, तुमगांव जिला महासमुंद (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

## विभागों की समीक्षा कर दिए निर्देश



मण्डला(स्वतंत्रमत)। जिला योजना भवन में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन जल जीवन मिशन सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता और गति दोनों सुनिश्चित की जाए तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान को जिले में व्यापक रूप से संचालित कर गतिविधियां की जाए उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में आमजन को समय पर और सुचारु रूप से राशन वितरण सुनिश्चित करें कलेक्टर ने जबलपुर संभाग आयुक्त धनंजय सिंह द्वारा ली जाने वाली वीसी बैठक के मद्देनजर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे तय विषयों पर अद्यतन जानकारी तैयार रखें।

जिले की स्थिति संभाग में बेहतर बनी रहे यह सुनिश्चित करें शिक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बालिका शौचालयों के निर्माण एवं मरम्मत की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए इसके लिए एसडीएम को प्राचार्यों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।



## धनपुरी नगरपालिका द्वारा हटाया गया अतिक्रमण

शहडोल (स्वतंत्रमत)। मुख्य नगरपालिका अधिकारी पूजा बुनकर के नेतृत्व में धनपुरी नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य एवं नवाचार किये जा रहे है। इसी अनुक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी पूजा बुनकर द्वारा नगरपालिका अंतर्गत विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कॉलेज तिराहा से नरगड़ा नाला के बीच बने शहर के मुख्य नाले का निरीक्षण कर हुए मैदानी अमले द्वारा नाले के ऊपर हुए अतिक्रमण को हटवाया एवं विभिन्न वार्डो की साफ-सफाई के कार्य भी कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिए।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान की गूंज प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

जिले में गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर जनजागरण तेज होता नजर आ रहा है। इसी क्रम में इंडियन कॉफी हाउस में च्गौ सम्मान आह्वान अभियानज्ज के तहत एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों को गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूक किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अभियान के उद्देश्य स्पष्ट करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है और उनका संरक्षण केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि गौवंश की सुरक्षा, देखभाल एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को गौ सम्मान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जनसमर्थन जुटाया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर पत्रक पर अपने हस्ताक्षर कर इस मुहिम को समर्थन दिया। इस अभियान में नंदी गौ सेवा धाम की टीम की सक्रिय भागीदारी रही। टीम के सदस्य विकास जोतवानी, अमन यादव, सिद्धांत रजक, खुशी सोनी एवं परी जोतवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि च्गौ सेवा ही राष्ट्र सेवा हैज्ज और समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह गौ संरक्षण के इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक समाज और प्रशासन मिलकर प्रयास नहीं करेंगे, तब तक गौवंश की स्थिति में व्यापक सुधार संभव नहीं है। अंत में सभी उपस्थितजनों ने एक स्वर में च्जय गौ माताज्ज के उद्घोष के साथ गौ संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## भारत विकास परिषद शहडोल का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

### नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा द्वारा सत्र 2026-27 की प्रथम मासिक बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। स्थानीय होटल सिटी स्टार में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी ने अपने कर्तव्यों की शपथ ली।

### दीप प्रज्वलन से शुभारंभ

कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गायन और भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में शाखा अध्यक्ष शैलेश ताम्रकार, सचिव डॉ. प्रशांत बाबू खरया एवं प्रांतीय संगठन सचिव आलोक खोडियार उपस्थित रहे।



**नई कार्यकारिणी का गठन**- विंध्य प्रांत के संगठन सचिव आलोक खोडियार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई। आगामी सत्र के लिए घोषित कार्यकारिणी इस प्रकार है अध्यक्ष शैलेश ताम्रकार, सचिव डॉ. प्रशांत बाबू खरया ,कोषाध्यक्ष कपिल खोडियार, उपाध्यक्ष विनय तिवारी, सह सचिव राजेश श्रीवास्तव इसके साथ ही संरक्षक सदस्य के रूप में भरत शरण सिंह, आनंद सिंह, डॉ. जी.एस. परिहार एवं मेघा पवार का चयन किया गया। विभिन्न गतिविधियों के लिए निकिता अग्रवाल संस्कार, रवि पाठक संपर्क, विक्रम कल्याणी सेवा, कुलदीप सिंह पर्यावरण और डॉ. नूतन सिंह महिला प्रमुख को संयोजक नियुक्त किया गया।

**नवीन सदस्यों का स्वागत**-समारोह के दौरान संगठन की शक्ति बढ़ाते हुए दो नवीन सदस्यों, संतोष कुमार दुबे एवं रश्मि गुप्ता को भी परिषद की सदस्यता दिलाई गई।

### सेवा और संस्कार पर जोर

प्रांतीय संगठन सचिव आलोक खोडियार ने परिषद के ध्येय वाक्यों संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण को आत्मसात कर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं नवनियुक्त अध्यक्ष शैलेश ताम्रकार ने आगामी वर्ष में सामाजिक हित के कार्यों को गति देने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का सफल संचालन विक्रम कल्याणी द्वारा किया गया एवं अंत में सचिव डॉ. प्रशांत बाबू खरया ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य उत्साह के साथ सम्मिलित हुए।

### संयुक्त कलेक्टर ने छात्रों को दिया करियर गाइडेंस

कटनी (स्वतंत्रमत)। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी के प्राचार्य एम किंडो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र पटेल ने भविष्य से भेंट अंतर्गत बच्चों से भेंट की। संयुक्त कलेक्टर के द्वारा कक्षा 12वीं एवं कक्षा दसवीं के बच्चों को गाइडेंस दिया गया कि किस तरह से अलग-अलग क्षेत्र में करियर के लिए कैसे तैयारी करनी होती है। संयुक्त कलेक्टर ने अपने करियर की शुरुआत कैसे की से भी बच्चों को अवगत कराया एवं 11वीं पास छात्रों को उन्होंने बधाई दी और भविष्य में और अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया ।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद् धनपुरी जिला- शहडोल म.प्र.

क्रमांक/न0पा0/भण्डार/2025-26/22 धनपुरी दिनांक 02/04/2026

### ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 6 |
| 1 | 2594_DATE_25.03.2026 2026_UAD_494927_1 | CONSTRUCTION OF GANESH HIGHER SECONDARY SCHOOL AT WARD NO 14 PHASE-1 | 180 दिवस 241.10 लाख | 15000/- एवं 120600/- | 27/4/2026 5.30 PM |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धनपुरी
जिला शहडोल म.प्र.

# गत सत्र की अपेक्षा इस वर्ष दोगुने प्रवेश कराने का रखें लक्ष्य: कुलगुरू प्रो. वर्मा

## रादुविवि में प्रवेश समिति की बैठक का हुआ आयोजन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।


रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय शिक्षा विभागों में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया पर चर्चा के लिए सोमवार को कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय प्रवेश समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कुलगुरु प्रो. वर्मा ने कहा कि सत्र 2025-26 में प्रवेश संख्या में 92 प्रतिशत वृद्धि हुई थी, इस बार विश्वविद्यालय में गत सत्र की अपेक्षा दोगुना प्रवेश कराना है। इस लक्ष्य को लेकर हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी, सरल और समयबद्ध तरीके से पूरा होने पर जोर दिया जाए। प्रवेश नियमों, सरकारी दिशानिर्देशों और आरक्षण नीति का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने एवं प्रवेश प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन और तकनीकी सहायता को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाए।

### विभाग स्तर पर तैयारी शुरू करने दिए निर्देश

बैठक के प्रारंभ में विवि प्रवेश समिति सदस्यों की ओर से नवागत कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल का स्वागत किया गया। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए विभाग स्तर पर तैयारी शुरू करने के निर्देश भी कुलगुरु द्वारा सभी विभागों को दिए गए। बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विवि प्रवेश समिति समन्वयक प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने विभागों में संचालित विषयों में प्रवेश करने और आवेदनों की संख्या बढ़ाने के लिए योजना तैयार करने की बात कही। बैठक में प्रवेश प्रक्रिया, नियमों और समय-सारणी को अंतिम रूप देने, नई शिक्षा नीति के तहत सेमेस्टर पद्धति, एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदनों पर चर्चा की गई। नए सत्र की आवेदन प्रक्रिया में ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य करने से लेकर प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि को लेकर विश्वविद्यालय द्वारा पोर्टल पर सूचना अपडेट करने के भी निर्देश जारी किये गए। बैठक में प्रो. अलका नायक, प्रो. एसएस संधू, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, डॉ. अजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं के साथ बंद हो दुर्व्यवहार दोषियों पर तुरंत की जाए कार्यवाही

### विविध मांगों को लेकर एनएसयूआई ने संभागीय आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जबलपुर के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने मप्र शासन का ध्यान एक अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील मामले की ओर आकर्षित करते हुए उच्चस्तरीय जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। यह मामला जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित कन्या छात्रावास, राइट टाउन से संबंधित है, जहां छात्राओं ने छात्रावास अधीक्षिका द्वारा दुर्व्यवहार, अभद्र भाषा के प्रयोग तथा बुनियादी सुविधाओं के अभाव जैसी गंभीर शिकायतें उठाई हैं। इस संबंध में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने मप्र के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन संभागीय आयुक्त जबलपुर संभाग को सौंपा है और उक्त प्रकरण में तत्काल कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्राओं द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु जब उच्च अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो अपेक्षित संवेदनशीलता के स्थान पर उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार किया गया। यह भी आरोप है कि जांच के नाम पर पहुंची टीम द्वारा छात्राओं पर मामले को दबाने का दबाव बनाया गया तथा पुन: शिकायत करने पर छात्रावास से निष्कासन की धमकी दी गई। इस प्रकार की कार्रवाई न केवल छात्राओं के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती है।

**उच्चस्तरीय जांच की मांग**

एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने शासन से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी छात्रावास अधीक्षिका, संबंधित सहायक आयुक्त एवं जांच दल के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार, नीलेश माहर, राहुल रजक, अनिल मिश्रा, वरूण यादव, अर्पित सोनकर, अभिषेक दहिया, आकाश सेन, जयसूर्या मिश्रा, सहित छात्र उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकलेगी भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

सर्व ब्राह्मण महासभा, गोसलपुर व ग्रामीण स्वजातीय विप्र बंधु के साथ पदाधिकारी द्वारा भगवान परशुराम जयंती के जन्मोत्सव को लेकर रामसागर तालाब स्थित राधा कृष्ण कुटी मंदिर में बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया की परशुराम जयंती के पावन दिवस पर सभी सामाजिक बंधु राधा कृष्णन कुटी में भगवान परशुराम का पूजन अर्चन वैदिक मंत्रों के साथ करते हुए शोभा यात्रा की शुरुआत करेंगे। भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से होकर गुजरेगी, जुलुस का समापन ग्राम में स्थित सभी देवी देवताओं के पूजन के बाद महाआरती के साथ होगा। इस दौरान अध्यक्ष महेश तिवारी ने बताया की भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां हमारे देवी-देवताओं, ऋषियों और धर्मावलंबियों ने मानवता की रक्षा के लिए समय-समय पर विश्व को जीवन जीने की प्रेरणा दी और आसुरी शक्तियों को परास्त किया।

# पुस्तक ज्ञान का आधार, इसे व्यवहार में लाएं



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पुस्तक की विषय वस्तु, पात्र,मुख्य बिंदु, सरल भाषा, सरसता, प्रवाह शीलता सटीक चित्रण समाहित किए हुए होना चाहिए, अच्छी पुस्तक तार्किक विषय वस्तु से परिपूर्ण, पूर्वाग्रह मुक्त, प्रामाणिक चिंतन एवं नवीन विचार प्रस्तुत करती है। उक्त बांते मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के संस्थापक इंजी विनोद नयन ने शब्दरथ साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के पुस्तक चर्चा कार्य्रम में कहीं इस आयोजन का संयोजन डॉ मकबूल अली, एवं परिकल्पना डॉ रानू रूही ने की। पुस्तक चर्चा में नगर के पांच वरिष्ठ साहित्यकारों एवं गीतकारों की पुस्तक पर वरिष्ठ साहित्यकारों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई जिसमें डॉ.अनामिका तिवारी के व्यंग संग्रह दरार बिना घर सूना की चर्चा महामहोपाध्याय डॉ.हरिशंकर दुबे द्वारा निर्मला तिवारी निर्मल के गीत गजल संग्रह वेदना की एक नदियां की कृति चर्चा डॉ. छाया सिंह, गीतकार अभय तिवारी के गीत संग्रह यादों की छांव पर चर्चा डॉ.शिव कुमार सिंह ठाकुर ने वरिष्ठ साहित्यकार बसंत शर्मा के दोहा संग्रह ढाई आखर की समीक्षा वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. मुकुल तिवारी ने तथा मनोहर चौबे आकाश के गीत संग्रह सपनों की कश्ती की समीक्षा डॉ.विजय तिवारी किसलय ने की। इस अवसर पर साहित्यकार में इंदु सिंह कंचन, कृष्णा राजपूत, डॉ.विनोद बाजपेई, डॉ संध्या पाठक आदि उपस्थित रहे।

# 108 कलश के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** प्रज्ञा विहार कॉलोनी में जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री द्वारा आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की 108 कलश के साथ भव्य कलशयात्रा शोभायात्रा श्री शिव मंदिर बाबाताल से निकाली गई। जिसमें भगवान शंकर पार्वती,राधा कृष्ण की झांकी के साथ महंत नृसिंह देवाचार्यजी महाराज रथ पर भक्तों को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे। महिलाएं युवतियां पीले वस्त्र में 108 कलश धारण कर धार्मिक धुनों के बीच नृत्य करते हुए चल रहीं थी एंव युवा धर्म ध्वजा लेकर सबसे आगे चल रहे थे। कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील आयोजक मंडल के देववती अग्निहोत्री शैलेंद्र अग्निहोत्री, पंकज अग्निहोत्री आदि ने की है।

# संत अलॉयसियस महाविद्यालय से इनोवेटिव आइडियाज का हुआ चयन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय) के नोडल केन्द्र संत अलॉयसियस महाविद्यालय स्वशासी में अगस्त 2025 में एमएसएमई आइडियाथॉन 5.0 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता समस्त भारत में एक साथ आयोजित होती है, जिसमें महाविद्यालय से दो आइडियाज, विन बिन एवं स्मार्ट स्विच बीएलडीसी को चयनित करते हुए 15 लाख एवं 4 लाख रूपयों की ग्रांट दी गई। मप्र से चयनित कुल 24 आइडियाज में से जबलपुर से केवल दो आइडियाज चयनित हुए। यह कार्य गौरव गोयल, असिस्टेंट डायरेक्टर एमएसएमई डीएफओ इन्दौर के मार्गदर्शन में सफल हो सका है। महाविद्यालय के चेयरमैन बिशप डॉ. जेजी वल्लन अरासू एवं प्रधानाचार्य डॉ. फा. जे. बेन एन्टोन रोज ने विजेताओ तथा सक्षम कौशिक वैष्णवी, पुस्कर गुप्ता युवराज मेहता, प्राप्ति दीक्षित विन-बिन एवं मोनू घोषी, सक्षम रजक, वत्सल बर्मन, अरूण पटेल, तनिष्क बर्मन, सजल चतुर्वेदी एवं नोडल ऑफिसर डॉ. आशु जैन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

# महिला कॉलेज से सटाकर खोल दी शराब दुकान, जमकर हुआ विरोध

### गोहलपुर क्षेत्र का मामला, दुकान तत्काल हटाने की मांग



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोहलपुर क्षेत्र में महिला कॉलेज और धार्मिक स्थलों के समीप अंग्रेजी एवं देसी शराब की दुकान खोले जाने का विरोध शुरू हो गया है। सोमवार को दुकान खुलते ही स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दुकान महिला कॉलेज के बिलकुल बाजू में स्थित है। इसके अतिरिक्त, पास ही अंजुमन स्कूल और रयान स्कूल जैसे प्रतिष्ठित संस्थान हैं, जहां हजारों छात्र-छात्राओं का आना-जाना लगा रहता है। शराब दुकान के समीप ही काली माता का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार, नवरात्रि जैसे पवित्र त्योहारों के दौरान यहाँ भारी भीड़ रहती है, ऐसे में शराब दुकान का संचालन सांप्रदायिक सौहार्द और शांति के लिए चुनौती बन सकता है। शांति नगर और अहमदनगर जैसी घनी बस्तियों के पास शराब दुकान खुलने से महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर डर का माहौल है।

### प्रशासन को चेतावनी

इस संबंध में एड परवेज अख्तर ने बताया कि आबकारी विभाग को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि इस दुकान को तत्काल प्रभाव से यहां से स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस जनहित की मांग को अनदेखा किया और दुकान बंद नहीं की गई, तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।



# मनु गौतम का निधन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पनागर के प्रताप वार्ड निवासी मनु गौतम का 32 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह श्री अनिल गौतम के पुत्र है। अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड पड़ाव स्थित शमशान घाट में किया गया।

# घेराव के लिए 10 हजार कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

भारतीय युवा कांग्रेस की बैठक अधारताल स्थित युवक कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक 13 अप्रैल को उदय भानु चिब के नेतृत्व में जबलपुर में कलेक्ट्रेट कार्यालय घेराव की रणनीति तय करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया भी उपस्थित रहे। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए 10 हजार कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है बैठक में सतेंद्र (सोनू) कुकरेले और ,शुभम श्रीवास्तव, पारस जैन,ऋषभ मिश्रा, सागर शुक्ला, अभिषेक यादव, भानु यादव, अभ्युत बाजपेयी, शिशांत सिंह ठाकुर,अमीर पहलवान, राजा रैकवार, राहुल बघेल, अमित सोनकर, उपस्थित रहे।



# रेलवे राजभाषा विभाग ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

माखनलाल चतुर्वेदी जयंती के अवसर में रेल मंडल के बागरातवा रेलवे स्टेशन में मंडल के राजभाषा विभाग के तत्वावधान में राजभाषा अधिकारी संदीप शर्मा, नीलेश राय, महेंद्र गढ़वाल, सहित विभिन्न कर्मचारियों ,स्थानीय साहित्यकारों व बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें 10 कवियों ने अपनी-अपनी प्रतिनिधि कविताओं, ग़ज़लों व हास्य व्यंग्य रचनाओं का वाचन किया। कवि गोष्ठी में साहित्यकार, कवि एवं रचनाकार जिनमें अमित गोलछा, ब्रजेश त्रिवेदी, मनोज साहू 'निडर', अमज़द खान, बीकेश सिंह राजपूत, अशोक यादव, गौरव बरखने, सहित किशोर कुमार साहू ने अपनी प्रतिनिधि कविताओं व रचनाओं का वाचन किया। श्रोताओं के रूप में रेल कर्मचारीगण, स्थानीय शिक्षक गण व अन्य उदीयमान कवि व लेखक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

अपने उद्बोधन में राजभाषा अधिकारी ने माखनलाल चतुर्वेदी के जीवन, व्यक्तित्व, कृतित्व एवं साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला तथा उनकी रचनाओं का पाठ भी किया।

# जिसने लगाई गंगा में राम नाम की डुबकी, उसका हुआ कल्याण

### श्रीरामकथा के द्वितीय दिवस जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य के उद्गार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

श्रीराम नाम की गंगा वह पावन सत्य धारा है, जिसमें स्नान करने से जीव का सहज ही तारण होता है। जिसने भी रामनाम की पावनी गंगा में डुबकी लगाई, उसका कल्याण हो गया। अत: बिना किसी विचार के राम नाम का अनुशरण करना चाहिए। इस आशय के उद्गार तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण, जगदगुरु, रामानंदाचार्य रामभद्राचार महाराज ने अवधपुरी ग्वारीघाट में चल रही श्रीरामकथा के द्वितीय दिवस के अवसर पर मंगल प्रवचन में व्यक्त किए। समरसता सेवा संगठन के आयोजनत्व में हो रही पावन रामकथा में राम नाम और उसकी महिमा की मानस और वेदांत आधारित व्याख्या की।



उन्होंने कहा कि इस जगत में कम से कम 9 अमंगल हैं, श्रीराम नाम इन सबसे पार लगाने वाली शक्ति है। उन्होंने 'सबको तारती है राम नाम की गंगा' भजन सुना सबको मंत्र मुग्ध कर दिया।

### मंत्री राकेश सिंह ने प्राप्त किया आशीर्वाद

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आयुर्वेद कॉलेज मैदान गौरीघाट में आयोजित श्रीराम कथा में शामिल होकर रामकथा का श्रवण करते हुए संतजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन हमें संयम और सेवा की प्रेरणा देता है, हम सभी को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। मंत्री सिंह ने बुधौलिया हॉस्पिटल के पीछे संजीवनी नगर गढ़ा, आनंद कुंज गढ़ा, रुद्राक्ष पार्क महादेव गार्डन के समीप तथा केशरवानी आटा चक्की के पास न्यू शास्त्री नगर में श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए और प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### संदीप जैन ने किया पादुका पूजन

महाराजश्री के व्यास पीठ पर आसीन होने के बाद प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य यजमान डॉ. प्रकाश धीरावाणी, सुदर्शन जगदीश चोहटेल, डॉ अमीरचंद सोनकर, डॉ जितेन्द्र जामदार, समरसता सेवा संगठन अध्यक्ष संदीप जैन ,दीपक महरौलिया , गुलशन माखीजा, लोकराम कोरी , वीरेन्द्र केसरवानी, दास प्रसाद अहिरवार , प्रदीप चौहान द्वारा पादुका पूजन किया गया।

# जोहिला एरिया में कोयले में मिट्टी मिलाकर हो रहा खेला..!

## कॉलरी प्रबंधन पर गंभीर आरोप..!

## कांग्रेस का आंदोलन का ऐलान

उमरिया (स्वतंत्रमत)

नौरोजाबाद जोहिला क्षेत्र की कॉलरी एक बार फिर विवादों के केंद्र में है, लेकिन इस बार मामला साधारण गड़बड़ी का नहीं, बल्कि सुनियोजित आर्थिक खेल का बताया जा रहा है। आरोप है कि कोयले में मुरूम (मिट्टी) मिलाकर उसका वजन बढ़ाया जा रहा है और इसी खेल के जरिए करोड़ों का हेरफेर किया जा रहा है। इस पूरे मामले ने कॉलरी प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सीधे सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, यह गड़बड़ी बेहद संगठित तरीके से की जा रही है। जेसीबी मशीनों के जरिए कोयले में मुरूम मिलाया जाता है, जिससे वजन कृत्रिम रूप से बढ़ जाता है। इसके बाद इस मिश्रण को डंपरों में भरकर सीडिंग यार्ड तक ले जाया जाता है और वहां से बिना किसी ठोस गुणवत्ता जांच के सीधे मालगाड़ियों में लोड कर दिया जाता है। सवाल यह उठता है कि इतनी बड़ी प्रक्रिया बिना जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी या सहमति के कैसे चल सकती है।

स्थानीय सूत्रों और जानकारों का कहना है कि यह खेल केवल निचले स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ऊपर तक की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। साइड इंचार्ज और सेल्स से जुड़े अधिकारियों की भूमिका को लेकर भी गंभीर संदेह जताया जा रहा है। लोगों का साफ कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हो जाए तो कई चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं। इस बीच, सोशल मीडिया पर एक



वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कथित तौर पर कोयले में मुरूम मिलाते हुए दृश्य दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इसने पूरे मामले को और ज्यादा गरमा दिया है। आम लोगों में इसको लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस ने अब इस मुद्दे को लेकर खुलकर मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंजीनियर विजय कोल ने सीधे तौर पर कॉलरी प्रबंधन और प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह केवल भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि क्षेत्र की छवि खराब करने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी और कथित माफिया मिलकर शासन को करोड़ों का नुकसान पहुंचा रहे हैं। विजय कोल ने साफ चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस मामले में सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि जिले में कोल माफिया, दलाल और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा और जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन से लेकर घेराव तक किया जाएगा। कांग्रेस का कहना है कि यह लड़ाई केवल एक घोटाले की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम को साफ करने की है। वहीं, जोहिला एरिया के जीएम एस एस चौहान ने इस पूरे मामले से अनभिज्ञता जताते हुए जांच कराने की बात कही है। अब सभी की नजर नए जीएम पर टिकी है कि वे इस गंभीर आरोपों वाले मामले में क्या कदम उठाते हैं। क्या वे सख्त कार्रवाई कर दोषियों को बेनकाब करेंगे या फिर यह मामला भी कागजी जांच तक सिमट कर रह जाएगा? इस कथित घोटाले का असर दूरगामी हो सकता है। मिलावटी कोयला उद्योगों तक पहुंचेगा तो मशीनों को नुकसान, उत्पादन में गिरावट और गुणवत्ता में कमी तय है। इसका सीधा असर बाजार और आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ेगा। यानी यह मामला सिर्फ कॉलरी तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे आर्थिक तंत्र को प्रभावित करने वाला बन सकता है। फिलहाल, नौरोजाबाद जोहिला की कॉलरी पर उठे ये गंभीर सवाल और कांग्रेस के आंदोलन की चेतावनी ने प्रशासन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब देखना होगा कि नए जीएम इस मिट्टी के खेल पर लगाम लगाने के लिए क्या ठोस कदम उठाते हैं या फिर यह मामला भी समय के साथ ठंडे बस्ते में चला जाता है।

# मढ़ीवाह गैंगरेप कांड में 5 दरिंदे गिरफ्तार,एक नाबालिग भी शामिल

उमरिया (स्वतंत्रमत)



मुख्यालय से चंद कदम दूर मढ़ीवाह में हुई हैवानियत की घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए इस सनसनीखेज गैंगरेप कांड के सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है।वारदात 29 मार्च रविवार की है,जब एक युवती अपने मित्र के साथ मुख्यालय से सटे मढ़ीवाह पहुंची थी,जहाँ पास के जंगल में दोनों घूमने गए,यहां पहले से घात लगाए बैठे दरिंदों ने सुनसान का फायदा उठाकर युवती को अपना शिकार बना लिया। विरोध करने पर युवती के मित्र के साथ बेरहमी से मारपीट की गई।अचानक हुए इस हमले से सहमे दोनों किसी तरह जान बचाकर भागे और घर पहुंचे।सदमे और डर के चलते मामला तुरंत सामने नहीं आ सका, लेकिन करीब पांच दिन बाद पीड़ित पक्ष ने हिम्मत जुटाकर कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई।शिकायत मिलते ही पुलिस ने मोर्चा संभाला और तेजी से कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को धर दबोचा।रविवार को सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। सूत्रों के मुताबिक,गिरफ्तार आरोपियों में अमड़ी गांव के मनीष बैगा,विशाल बैगा, हरिपाल बैगा और सूरज बैगा शामिल हैं,जबकि एक नाबालिग की संलिप्तता भी सामने आई है।इस घटना के बाद इलाके में गुस्सा और दहशत दोनों है, वहीं पुलिस सख्त कार्रवाई का भरोसा दिला रही है।

## महुये का थैला ले भागा बाघ, देखता रह गया किसान, बांधवगढ़ से आया चौंकाने वाला मामला

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के पनपथा बफर क्षेत्र के बंदरचुई इलाके में एक अनोखी घटना सामने आई है,जंगल में महुआ बीन रहे एक ग्रामीण के पास अचानक बाघ पहुंच गया,ग्रामीण पेड़ के नीचे महुआ बीनकर थैले में भरकर रखा हुआ था, तभी बाघ वहां आकर पहले कुछ देर पेड़ के नीचे बैठा रहा। इसके बाद उसने महुआ से भरा थैला मुंह में दबाया और जंगल की ओर चला गया। घटना के दौरान ग्रामीण कुछ दूरी पर खड़ा होकर बाघ को देखता रहा,पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आया है,जो सोमवार को चर्चा का विषय बना रहा। बताया जा रहा है कि यह क्षेत्र बफर एरिया में आता है,जहां पर्यटकों का भी आना-जाना लगा रहता है,वीडियो सामने आने के बाद वन अमले ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। पनपथा बफर क्षेत्र के अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि वीडियो की जानकारी मिलने के बाद जंगल में सर्चिंग बढ़ा दी गई है। साथ ही महुआ बीनने के लिए जंगल जाने वाले ग्रामीणों को सतर्क रहने और समूह में जाने की सलाह दी जा रही है।

## न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जेल का निरीक्षण

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** सचिव न्यायाधीश मोहन डावर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया द्वारा जेल का निरीक्षण / अवलोकन किया गया। बंदियों के बैरकों में जाकर बंदियों के आपराधिक प्रकरण की जानकारी,



हिस्ट्री टिकट का अवलोकन कर प्रकरण क्रमांक, न्यायालय का नाम, पेशी दिनांक, इनकमिंग टेलीफोन, प्रत्यक्ष मुलाकात एवं कैदियों का वजन, उम्र, नियुक्त अधिवक्ता के संबंध में बंदियों से पूछतांछ की गई। जेल के संबंध में कोई शिकायत या समस्या होने की भी जानकारी ली गई। कैदियों को विधिक अधिकार बताये गये। सभी कैदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध है। जेल में स्वच्छता बनी है। जेल अधीक्षक द्वारा व्यवस्थित रुप से साफ- सफाई एवं कैदियों को समय समय पर विधिक सहायता एवं अन्य सहायता दी जा रही है। इसी अवसर पर 6 बंदियों को लीगल डिफेंस काउंसिल विजय राय द्वारा विधिक सहायता /नि:शुल्क अधिवक्ता प्रकरण के पैरवी के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत कराया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक डी.के. सारस तथा प्रमुख मुख्य प्रहरी शिवशंकर कोल, एवं जेल के ड्यूटीरत समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे पटरी भराई काम को अधूरे में ही छोड़कर कर भाग गया ठेकेदार..!

मानपुर (स्वतंत्रमत)

जिले के पीडब्लूडी विभाग के ठेकेदारों की मननानी चरम पर है जिनके स्वतंत्र मनमानी की चरचा इस समय क्षेत्रीय मीडिया में उछाल ले रही है। पिछले महीना समरकोईनी सड़क में गुणवत्ता विहीन डामर पट्टी चढ़ाये जाने की चरचा जोरों से चल रही थी, जिसको सेकर समाचार पत्रों में खबरें लगने से उस निर्माण कार्य में सुधार आया था। दैनिक स्वतंत्रमत समाचार के माध्यम से मानपुर बाई पास सड़क में पटरी भरवाने को सेकर मांग किया गयाथा, जो पटरी भरने का काम पिछले माह चालू करवाया गयाथा, जिसकी एनओसी कागजाग न होने से मानपुर वन विभाग द्वारा जेसीबी सहित कई ट्रैक्टरों पकड़वाकर खड़े करवा सिया गयाथा जिन्हें दो दिन बाद छोड़



दिया गया, तभी से उस सड़क में पटरी भरवाने का काम बंद पड़ा है, सूत्रों के अनुसार इस पटरी को भरने के लिये राजस्व भूमि से अवैध मिट्टी खनन हो रहाथा जिनके पास नगर और राजस्व विभाग के कोई एनओसी रिकार्ड नहीं था, जिसकी जानकारी होते हुये भी विभाग चुप्पी साध ली है.! मानपुर के लोकप्रिय विधायक सुश्री मीना सिंह जी के प्रयास से मानपुर बाई पास डामरू और चौड़ी करण सड़क का निर्माण सत्र 2025 - 26 में करवाया गया था, जिस 5 वर्ष के सुरक्षा ग्यारंटी वाले सड़क के किनारे वर्षात में कटे पटरी को आज दिनांक तक नहीं भरवाया गया, जिसका भुक्तान हो जाने की चरचा जोरों से है! इस सड़के दोनो तरफ के पटरी कट कर गहके एलं घातक गड्डे - नालियों में तब्दील हो चुका है, कई जगह रोड उखड़ कर टूट चुका है एवं अर्थवर्क वेस बनाने के लापरवाही से कई जगह रोड बुरी तरह ये दब गई है, बड़े विसाल गड्ढा एवं नाली में तब्दील पूरे पटरी को आज दिनांक तक नहीं भरवा गया है, बीच में सड़क को आज दिनांक नहीं बनवाया गया है जे पहसे हो अधूरा करके छोड़ दिया गया था, जिससे उस सड़क पर चलना जान को जोखिम में डालने के बराबर है, जहां निर्माण एजेंशी लोक निर्माण विभाग चुप्पी साध रखी है.! वहीं निर्माण क्षेत्रीय लोगों का कहना है लोक निर्माण विभागीय निर्माण कार्य स्थलों में विभागीय कार्यकारी अभियंता अनुविभागीय अधिकारी की बात तो दूर उपयंत्री लोगों का पहुंचना असम्भव रहता है, इस विभाग के निर्माण कार्य के किसी भी क्षेत्र में एक वोर्ड तक लगे न मिलेंगे जिससे कोई विभागीय भृष्टाचार को परख न पाये जिससे सिकायतों का मुद्दा न बन पाये और बड़े सरलता से शास्कीय राषियों का बंदरबाट होता रहे.! जिन गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य अथवा विभागीय योजनाओं के सम्बंध जानकारी लेने के लिये यदि विभाग के ईई एसडीओ उपयंत्री को फोन लगाया जाय तो इनके द्वारा कभी भी फोन नहीं उठाया जाता है, इसी सम्बंध में जानकारी के लिये यदि कार्यालय जायें तो वहां भी ये उपस्थित न मिल पायेंगे, क्यों कि फिल्ड में रहने का बहाना इनके पास तो रहता ही है, वही कटनी और उमरिया जिला के डवल चार्ज होने का बहाना ईई जी के पास पहसे से बना हुआ है, कौन जाने किस दिन कहां उपस्थिति रहती होगी .? घर बंगले में अथवा कार्यालय व फिल्ड में.? बड़े दुख की बात यह है कि ऐसे स्वतंत्र विभाग और ठेकेदारों के कार्यों पर क्या जिला एवं सम्भागीय प्रशाषन का ध्यान न जाता होगा.?

## समाधान योजना में बालाघाट जिला प्रदेश में अव्वल



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी समाधान योजना के तहत बालाघाट जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले में निर्धारित 53,007 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 42,667 हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 81 प्रतिशत है। यह उपलब्धि पूरे मध्य प्रदेश में सबसे अधिक बताई जा रही है। इस सफलता पर मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बालाघाट के अधीक्षण अभियंता श्री अमित कुमार मेरावी ने सभी लाभान्वित उपभोक्ताओं एवं योजना को सफल बनाने में सहयोग करने वाले नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। श्री मेरावी ने बताया कि शेष पात्र हितग्राहियों को ध्यान में रखते हुए योजना की अवधि अब 15 मई 2026 तक बढ़ा दी गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से जिलेभर में लगभग 200 विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा और उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

# कटंगी में ग्राम पंचायत सचिवों को दिया गया जल परीक्षण का प्रशिक्षण

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जल गंगा संवर्धन गतिविधि के अंतर्गत जनपद पंचायत कटंगी में मंगलवार को ग्राम पंचायत सचिवों के लिए जल परीक्षण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क॥श्वष्ठ) बालाघाट द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवों ने भाग लिया। कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड कटंगी के केमिस्ट द्वारा सचिवों को फील्ड टेस्ट किट (स्नङ्कय) के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल जनित बीमारियों की रोकथाम और जल



गुणवत्ता की नियमित निगरानी को सुदृढ़ करना है। अधिकारियों ने बताया कि स्नङ्कय किट के उपयोग से अब मौके पर ही पानी की शुद्धता की जांच संभव हो गई है। प्रशिक्षण के दौरान सचिवों को स्नङ्कय किट के उपयोग की विधि समझाई गई तथा पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन, पीएच और बैक्टीरिया जैसी अशुद्धियों की पहचान करना सिखाया गया। साथ ही निर्देश दिए गए कि प्रत्येक पेयजल स्त्रोत की वर्ष में कम से कम दो बार रासायनिक एवं जीवाणु संबंधी जांच अनिवार्य रूप से की जाए। सचिवों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि वे अपने-अपने ग्राम की जल एवं स्वच्छता समिति के साथ मिलकर पेयजल स्त्रोतों की नियमित जांच सुनिश्चित करेंगे। सीईओ श्री सारथी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सार्वजनिक नलों के पानी की समय-समय पर जांच कर जलजनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित करें। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ जितेन्द्र कारमेघे और उपयंत्री विनोद कुमरे ने स्नङ्कय किट को गांव स्तर पर जल गुणवत्ता जांच का सरल एवं प्रभावी माध्यम बताया। प्रशिक्षण में केमिस्ट सीमा मेश्राम, मीना राहंगडाले, नेमसिंह मर्सकोले तथा विकासखंड समन्वयक मोहिनी पटले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान कुछ ग्राम पंचायत सचिवों ने मौके पर ही जल परीक्षण कर उसकी प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

## स्विफ्ट कार लेकर फरार हुए चोर




**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले में वाहन चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला चंदिया थाना क्षेत्र के बाका गांव से सामने आया है, जहां अज्ञात चोर एक स्विफ्ट कार लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि वाहन मालिक ने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी, लेकिन सुबह उठने पर कार मौके से गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी जब वाहन का कोई सुराग नहीं मिला तो पीड़ित ने चंदिया थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके पूर्व भी एक बुलेरो वाहन को चुरा लिया गया था, जिसे बाद में रीवा जिले से बरामद किया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत टेमनी**
**जनपद पंचायत खैरलांजी, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 06/04/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत टेमनी, जनपद पंचायत खैरलांजी अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 (1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक ) के लिए 15 वित्त, 5वां वित्त, पंच परमेश्वर, जी राम जी, विधायक निधि, पीएम अव सरंचना, गौण खनिज, पंचायत निधि, जनपद निधि, जिला पंचायत निधि, स्वच्छ भारत मिशन आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री, सीमेंट, रेत, गिट्टी 20-40 एमएम, लोहा 8-10-12 एमएम, रेत, ईट, मिट्टी, सेटरिंग, मुरूम, ईट, सीमेंट, पाईप, नल-जल सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पुल-पुलिया, फोटाकॉपी स्टेशनरी, कम्प्यूटर सामग्री एवं डस्टबिन, सिमेंट कुर्सी, भवन निर्माण सामग्री, स्वच्छता सामग्री, उपकरण ट्रैक्टर, मिक्सर मशनी, पेबर मानक एवं अन्य सामग्री की आवश्यकता है। अतः फर्मो से कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म दिनांक 07.04.2026 से 13.04.2026 तक कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर निविदा बंद लिफाफे में जमा कर सकते है। भेजे गए लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किए जाएंगे।

नकुल प्रसाद लिल्हारे, सरपंच | चित्रोश देवाहे, सचिव | सुधीर श्यामकुवर, रोजगार सहायक

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत टेमनी


# क्या प्राइवेट स्कूल संघ के दबाव में झुके प्राचार्य...!

## टीसी लेकर आने के बाद प्राचार्य बोले - अब नहीं मिलेगा प्रवेश

बालाघाट/कटंगी(स्वतंत्र मत)

बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी में संचालित होने शासकीय सांदीपनि विद्यालय में नगर के प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता प्राइवेट स्कूल के संचालकों के दबाव में प्रवेश नहीं दे रहे है जबकि पूर्व में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को सांदीपनि स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश दिया गया है। नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में भी अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्राइवेट स्कूल के बच्चों को प्रवेश फार्म वितरित किए गए और उन्हें प्रवेश देना था उन बच्चों के नाम शनिवार 04 अप्रैल को ही सूचना पटल पर प्रकाशित भी कर दिए गए। लेकिन सोमवार को जब अभिभावक अपने बच्चों के साथ प्राइवेट स्कूलों से निकाली गई टीसी और अन्य तमाम दस्तावेज लेकर सांदीपनि स्कूल पहुंचे तो प्राचार्य ने प्रवेश देने से साफ इनकार कर दिया। प्राचार्य ने लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि सांदीपनि स्कूल में पहले पोषक शालाओं के बच्चों को प्रवेश दिया



जाएगा। उसके बाद पहले 01 किमी फिर क्रमश दूरी में आने वाले सरकारी स्कूलों के बच्चों को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि विगत वर्ष सांदीपनि स्कूल में इस निर्देशों का पालन नहीं किया गया। टीसी लाने के बाद अचानक से प्रवेश नहीं दिए जाने की बात से गुस्साए अभिभावकों ने प्राचार्य से मुलाकात कर विरोध प्रकट किया। अभिभावक इस गंभीर समस्या को लेकर विधायक आवास भी पहुंचे किंतु विधायक के भोपाल में होने की वजह से अभिभावकों की उनसे मुलाकात नहीं हो पाई है। विधायक से दूरभाष पर चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि प्राचार्य वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों का पालन करते हुए प्रवेश ले रहे हैं इसमें कुछ भी नहीं किया जा सकता। अभिभावकों ने प्रवेश नहीं मिलने पर सांदीपनि स्कूल के सामने बैठकर धरना देने और कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी पीड़ा रखने की बात कहीं है। सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य और विधायक गौरव सिंह पारधी लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा जारी नियमानुसार स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश की बात कह रहे है। उनका कहना है कि पहले 1 फिर 2 किमी. की परिधि के बच्चों को प्रवेश देना है। इसके बाद भी अगर सीटें रिक्त रह जाती है तो क्रमश किमी. के दायरे में आने सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। ध्यान देने वाली बात यह है कि विकासखंड कटंगी में सीएम राइज स्कूल को छोड़कर एक भी अंग्रेजी माध्यम का प्राथमिक और माध्यमिक सरकारी स्कूल नहीं है। ऐसे में दूरी के दायरे का कोई औचित्य ही नहीं रह जाता। विकासखंड में प्राइवेट स्कूल ही अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान करते है। ऐसे में जब से सांदीपनि स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हुई है या तो नवप्रवेशी छात्र/छात्रा को ही प्रवेश मिला या फिर प्राइवेट स्कूल से आने वाले बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश दिया गया।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बालाघाट (म.प्र)**

कमांक /1811 / अति.कले./वि.अधि./2026

बालाघाट दिनांक 23/03/2026

**-: आम-सूचना :-**

हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत विवाह पंजीयन हेतु आवेदकगण राहुल सहारे उम्र-28 वर्ष पिता श्री महेश सहारे जाति गोवारी निवासी वार्ड नं. 07 कंटगी तह. कंटगी जिला बालाघाट (म.प्र) एवं आवेदिका स्तूती चौरे उम्र 25 वर्ष पिता श्री मिलिन्द चौरे जाति महार निवासी ग्राम. बम्हनगांव तह. किरनापुर जिला बालाघाट (म.प्र) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसमे उन्हें विवाह पंजीयन जारी किया जाना है विवाह पंजीयन हेतु सुनवाई दिनांक 08/04/2026 को नियत की गई हैं।

अतः उक्त विवाह पंजीयन के सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सुनवाई दिनांक08/04/2026 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। नियत समयवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अपर कलेक्टर
एवं रजिस्टार हिन्दू विवाह, जिला बालाघाट



**कार्यालय ग्राम पंचायत टिटवा**
**जनपद पंचायत बालाघाट, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /पंचा./2026 दिनांक 06/04/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत टिटवा, जनपद पंचायत बालाघाट अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2026-27 (1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक ) के लिए 15 वित्त, 5वां वित्त, पंच परमेश्वर, जी राम जी, विधायक निधि, पीएम अव सरंचना, गौण खनिज, पंचायत निधि, जनपद निधि, जिला पंचायत निधि, स्वच्छ भारत मिशन आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री, सीमेंट, रेत, गिट्टी 20-40 एमएम, लोहा 8-10-12 एमएम, रेत, ईट, मिट्टी, सेटरिंग, मुरूम, ईट, सीमेंट, पाईप, नल-जल सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पुल-पुलिया, फोटाकॉपी स्टेशनरी, कम्प्यूटर सामग्री एवं डस्टबिन, सिमेंट कुर्सी, भवन निर्माण सामग्री, स्वच्छता सामग्री, उपकरण ट्रैक्टर, मिक्सर मशनी, पेबर मानक एवं अन्य सामग्री की आवश्यकता है। अतः फर्मो से कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म दिनांक 07.04.2026 से 13.04.2026 तक कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर निविदा बंद लिफाफे में जमा कर सकते है। भेजे गए लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किए जाएंगे।

श्रीमती वंदना उइके, सरपंच | कालिम खान, सचिव | आत्माराम खैरवार, रोजगार सहायक

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत टिटवा

# बिजली की मार से परेशान होकर ग्रामीणों ने घेरा विद्युत मंडल कार्यालय

# बम्हनी कार्यपालन अभियंता पर लगे गंभीर आरोप

मण्डला(स्वतंत्र मत)

कार्यपालन अभियंता बिछिया के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत पूर्ति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां पर बेतहाश कटौती तो कहीं बिजली बिलों में अधिकता की मार से उपभोक्ता परेशान हो गया है। लेकिन कोई भी सुनवाई नही हो रही है यहां तक की छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर उपभोक्ताओं को जिला मुख्यालय में अधीक्षण अभियंता से मिलना पड़ रहा है। कार्यपालन अभियंता और अमला जमकर लापरवाही बरत रहा है। वर्षो से जमा अमला और अधिकारी व्यवस्था बनाने की बजाय व्यवस्था बिगाड़ने में अधिक सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बम्हनी क्षेत्र के कातामाल का बताया गया। जहां के ग्रामीणों ने बिजली कटौती से परेशान होकर बम्हनी के विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर दिया। जिसकी सूचना मिलने पर बम्हनी पुलिस थाना और विद्युत मंडल का अमला पहुंचा और जैसे तैसे ग्रामीणों को समझाया। इस पंचायत के ग्रामों में कागजों में विद्युत पूर्ति दिखाई जा रही है लेकिन हकीकत कुछ और ही है। यहां के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पिछले कई वर्षो से उन्हें बिना मीटर रीडिंग के मनमाने बिजली बिल थमाए जा रहे हैं





जिससे आम उपभोक्ताओं को आर्थिक और मानसिक रूप से भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने इस संबंध में एक लिखित शिकायत देकर संबंधित अधिकारियों से जांच और कार्रवाई मांग की है। आरोप है कि बिजली विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी और ठेकेदार बिना किसी नियमित मीटर रीडिंग के ही उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर बिल थमा रहे हैं। इन बिलों में 3000, 4000, 5000 रुपये तक की राशि दर्शाई जा रही है जबकि अधिकांश घरों में या तो मीटर लगे ही नहीं हैं या फिर मीटर लंबे समय से खराब पड़े हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब मीटर रीडिंग ही नहीं हो रही है तो बिल किस आधार पर बनाए जा रहे हैं, यह समझ से परे है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके घरों में न्यूनतम बिजली उपयोग होने के बावजूद भारी भरकम बिल थमा दिए जाते हैं। इससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि बिल वितरण का कार्य ठेकेदारों के माध्यम से कराया जा रहा है जो बिना किसी पारदर्शिता के उपभोक्ताओं को बिल दे रहे हैं। आरोप है कि इन बिलों में न तो स्पष्ट मीटर रीडिंग दर्शाई जाती है और न ही उपभोग की सही जानकारी दी जाती है। इससे उपभोक्ताओं को यह पता ही नहीं चल पाता कि उनसे वसूली जा रही राशि सही है या नहीं। गांव के कई लोगों ने बताया कि जब वे संबंधित कर्मचारियों से इस बारे में पूछताछ करते हैं, तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। कई बार तो शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती जिससे ग्रामीणों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला प्रशासन तक कई बार शिकायत की है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में भी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली विभाग की इस लापरवाही और अनियमितता के कारण उन्हें हर महीने अनावश्यक रूप से अधिक राशि का भुगतान करना पड़ रहा है। कई गरीब परिवार ऐसे हैं जो इन भारी बिलों का भुगतान करने में असमर्थ हैं और कर्ज लेने को मजबूर हो रहे हैं। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि यह समस्या केवल ग्राम पंचायत कातामाल तक सीमित नहीं है बल्कि आसपास के कई गांव भी इससे प्रभावित हैं। क्षेत्रों में बिजली बिलिंग की स्थिति लगभग एक जैसी बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इन गांवों में बिजली का उपयोग सीमित है फिर भी भारी-भरकम बिल दिए जा रहे हैं। इससे लोगों में विभाग के प्रति अविश्वास की भावना बढ़ती जा रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि जब वे बिजली बिल जमा करने के लिए जाते हैं तो वहां भी उन्हें कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बिलों में गड़बड़ी होने के कारण सही राशि का निर्धारण नहीं हो पाता जिससे भुगतान प्रक्रिया में देरी होती है। कई बार तो उपभोक्ताओं को बिना कारण ही पेनल्टी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि समय पर बिल जमा नहीं किया जाए, तो बिजली कनेक्शन काटने की चेतावनी दी जाती है जिससे लोग डर के कारण गलत बिल भी भरने को मजबूर हो जाते हैं। ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी कर्मचारियों व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस पूरे मामले में अब तक संबंधित विभाग या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कब तक ग्रामीणों को इस तरह की समस्याओं से जूझना पड़ेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे। उनका कहना है कि यह केवल बिजली बिल का मामला नहीं है बल्कि आम लोगों के अधिकारों और न्याय से जुड़ा मुद्दा है।

## ट्राला ने डम्पर को मारी टक्टर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** नेशनल हाईवे 30 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। जानकारी के अनुसार सेमरखापा ग्राम के बाईपास के पास यह दुर्घटना उस समय हुई जब जबलपुर की ओर से रायपुर की तरफ जा रहा एक तेज रफ्तार ट्राला अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राले का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्राला चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद नेशनल हाईवे 30 पर लंबा जाम लग गया जिससे दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू कराने के प्रयास शुरू किए।

## कान्हा में फिर एक बाघ की मौंत

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** 5 अप्रैल को फिर एक वन्यजीव मादा बाघ की मृत्यु की घटना सामने आई घटना कन्हारी के कक्ष क्र आरएफ 112 करोंदावारे बीट कन्हारी वन परिक्षेत्र कान्हा की बताई गई। जिस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आसपास छानबीन की कार्यवाही की गई। पोस्टमार्टम .डॉ. संदीप अग्रवाल वन्यप्राणी चिकित्सक कान्हा टायगर रिजर्व मण्डला, डॉ. आर. एम. भुरमूदे पशु चिकित्सक मण्डला, डॉ. सुनील गोयल पशु चिकित्सक पशु चिकित्सालय बैहर के द्वारा किया गया है। शव परीक्षण विशेषज्ञ दल के अनुसार प्रथम दृष्टया मादा बाघ को अन्य बाघ द्वारा मारा जाना प्रतीत होता है।

## नवनियुक्त अध्यक्षों को दी बधाई

**मण्डला/मोहगाँव(स्वतंत्रमत)।** कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निवास विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहगांव के सभी 6 मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ अशोक मर्सकोले द्वारा की गई। निवास विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहगाँव अंतर्गत सभी 6 मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति में मोहगांव मंडलम अध्यक्ष पद पर इमरान खान, चाबी मंडलम अध्यक्ष धनेश झारिया, सिंगारपुर मंडलम अध्यक्ष हल्केराम कुडापे, देवगाँव मंडलम अध्यक्ष राजेंद्र झारिया, मुनू मंडलम अध्यक्ष अमरीष मिश्रा, चौगान मंडलम अध्यक्ष पद पर अमर सिंह तेकाम की नियुक्ति की गई इनके नियुक्त होने पर समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है।

## स्कूटी ने महिला को मारी टक्कर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** नेशनल हाईवे 30 पर एक बार फिर लापरवाही ड्राइविंग देखने को मिली, यहां स्कूटी सवार ने पैदल जा रही एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना ग्राम पंचायत माधोपुर के अंतर्गत आने वाले जगनाथर गांव की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार घायल महिला की पहचान रुकमणी पटेल उम्र 39 वर्ष निवासी जगनाथर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला सड़क किनारे पैदल जा रही थी तभी तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने नियंत्रण खो दिया और सीधे महिला को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत नेशनल हाईवे हेल्पलाइन 1033 और पुलिस को सूचना दी।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

भारतीय जनता पार्टी मंडल बिछिया का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कल्याण आश्रम बिछिया में आयोजित हुआ। वर्ग की समयावधि 24 घंटे तथा कुल सत्र 8 में आयोजित रही। वर्ग में उपस्थित होने वाली अपेक्षित सूची में शक्ति केंद्रों के प्रमुख मंडल कार्यकारिणी मंडल के बूथ अध्यक्ष, मंडल के बूथ बीएलए 2, मंडल मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री, जिला के पदाधिकारी, मंडल में निवासरत कार्यसमिति सदस्य एवं निवासरत जनप्रतिनिधिगण रहे। वर्ग का प्रारंभ आगंतुक अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्यचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। वरिष्ठ पदाधिकारियों के स्वागत उपरांत मंडल अध्यक्ष ने वर्ग



कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। वर्ग के प्रारंभ का प्रथम सत्र कार्य विस्तार की दृष्टि पंडित सिंह धुर्वे द्वारा झल्लू लाल तेकाम की अध्यक्षता में लिया गया। द्वितीय सत्र सरकार की उपलब्धि रोचीराम गुरवानी द्वारा जवाहर साहू की अध्यक्षता में लिया गया। तृतीय सत्र पार्टी का इतिहास डॉ. विजय आनंद मरावी द्वारा कुंज बिहारी साहू की अध्यक्षता में लिया गया। चतुर्थ सत्र सोशल मीडिया एवं एआई नमो एप संगठन ऐप द्वारा यशवंत बजाज की अध्यक्षता में लिया गया तथा पांचवां सत्र प्रदेश सरकार की उपलब्धि बिजेंद्र सिंह कोकड़िया द्वारा दल सिंह यादव की अध्यक्षता में लिया गया। मंच संचालन मंडल महामंत्री नरेश राजपूत एवं आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री नरेश सार्वे ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने मे शशिकांत श्रीवास्तव, अशोक नान कानी, राजेंद्र अग्रवाल राकेश यादव, प्रहलाद झरिया, जमना यादव,दीपक कटारे, भूपेंद्र मिंटू ठाकुर, बद्री झरिया, सहदेव झरिया, योगेश यादव, कमलू यादव, नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य इलावती पटिया, पूर्व जनपद सदस्य नैनवती कुडापे, गीता कोस्टा, रुक्मणी साहू,राधा सोनी,सुनीता ताम्रकार,बीना झरिया,संगीता ठाकुर, गंगा जोगी, रानी परते की भूमिका रही।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह तिथि घोषित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला प्रशासन के निर्देशन में वर्ष 2026-27 के अंतर्गत ज्मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजनाज् के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में किया जाएगा। इस संबंध में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा तिथियों एवं स्थलों की जानकारी दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 अप्रैल को जनपद पंचायत नैनपुर एवं नगर पालिका परिषद नैनपुर क्षेत्र में ग्राम पंचायत इन्द्री में कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें लगभग 130 जोड़ों के विवाह संपन्न कराए जाएंगे। इसी दिन जनपद पंचायत मवई में भी 70 जोड़ों का विवाह प्रस्तावित है। 22 अप्रैल को निवास क्षेत्र के स्टेडियम ग्राउंड में जनपद पंचायत निवास, बीजाडांडी, नारायणगंज एवं नगर परिषद निवास के अंतर्गत लगभग 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित किया जाएगा।

## असहाय बेजुबान डॉग्स के अंगों से मुनाफा

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जय मां अम्बे नर्मदा एंटर प्राइजेज को नगर पालिका ने 500 डॉग्स की नसबंदी करने का ठेका दिया था संस्था ने ढाई माह मे केवल 6 डॉग के ऑपरेशन किये डॉग्स के नसबंदी ऑपरेशन मे निकाले गए आर्गन की गिनती के आधार पर राशि स्वीकृत होती संस्था ने बाहर से अतिरिक्त आर्गन किराए से लाकर गिनती कराके लाखों रु का चूना लगाती इसके पहले पशु अधिकार कार्यकर्ता निशा सिंह ने प्रशासन को सूचित कर



माल जप्त कर कानूनी कार्यवाही की मांग की थी और पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा को लिखित मौखिक सूचना एक अप्रैल को दी साथ ही कलेक्टर सोमेश मिश्रा को सूचित किया गया और निवेदन किया कि अवैध अंगों की हेरा फेरी हो इससे पहले अंगों की जप्ती की जाये या रूम की सील बंदी हो कोई कार्यवाही न होने पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पीयूष मिश्रा को शिकायत करते हुए डिप्टी पशु चिकित्सा विभाग यूएस तिवारी को अवगत कराया लेकिन वही ढाक के तीन पात लगभग सभी उच्चाधिकरियो को जानकारी होने के बावजूद कोई कार्यवाही न होने से शिकायतकर्ता काफी क्षुब्ध हैं और ठेकेदार संस्था और प्रशासन की सांठगांठ होने का आरोप लगा रही हैं आवारा डॉग्स के नसबंदी के नाम पर पूरे देश मे करोड़ो का घोटाला हो रहा है पूरा सिस्टम डॉग्स का दुश्मन हो गया है निशा सिंह का कहना है कि यदि माल बरामद नहीं होता है तो प्रशासन आरोपी संस्था को सबूत खत्म करने का मौका दे रही है।



## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर की वार्षिक बैठक

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए तहसील व ब्लॉक अध्यक्ष मंचासीन हुए। जिसमें बिछिया डी एल गवले, अंजनिया रामभजन पटेल, बीजाडांडी बद्री प्रसाद यादव, मंडला रामकुमार पाठक, बम्हनी बंजर एम के राय, चिरई डोंगरी श्रीराम कृपाल सिंह कुशराम, मोहगांव एन के दुबे, नारायणगंज श्रीनाथ सिंह ठाकुर ने सदस्यता व आय -व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात जिला शाखा मंडला के कोषाध्यक्ष एस के पटेल ने जिला शाखा मंडला का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा सदस्यता की समीक्षा की गई। बैठक के द्वितीय चरण में माह फरवरी 26 व मार्च 26 में सेवा निवृत हुए पेंशनरों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सर्वश्री आरडी जाटव, लखन कछवाहा, अनिल पटेल, नंदकिशोर चक्रवर्ती, मुकेश झरिया, किशन लाल मरावी, राजेश कुमार गुप्ता तथा बद्री प्रसाद यादव का पुष्पाहार व शॉल से सम्मान किया गया तथा पेंशनर एसोसिएशन की सदस्यता दिलाई गई।

## महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला सम्पन्न



**मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)।** जनपद पंचायत घुघरी अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरेहली में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने महिलाओं एवं बालिकाओं को बाल विवाह निषेध महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विधिक सेवा प्राधिकरण की पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने जन लोक उपयोगी अदालत हिट एंड रन योजना एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी देते हुए टोल फ्री नंबर 15100 से अवगत कराया साथ ही महिलाओं को टिकाऊ खेती, पशुपालन एवं कौशल विकास योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दीपक बाजपेयी, सहायक ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रदीप पाठक, सरपंच, उपसरपंच एवं ग्राम के अनेक महिला-पुरुष उपस्थित रहे।



## भाजपा ने मनाया 47वां स्थापना दिवस

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय सहित मंडल स्तर तक कार्यकर्ताओं ने भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया। भाजपा कार्यालय को एक दिन पूर्व ही आकर्षक लाइट एवं फूल-मालाओं से सुसज्जित किया गया स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से भाजपा कार्यालय एवं सभी मंडलों में देखा गया जिसमें कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता दर्ज कराई कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर की गई इसके पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा विधिवत पार्टी ध्वज फहराया इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और आतिशबाजी कर स्थापना दिवस की खुशियां मनाते हुए मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प से प्रेरित एक विचारधारा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने 47 वर्षों के सफर में जनसेवा, सुशासन और विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।

## कार्यकर्ताओं के प्रयास से खुला प्याऊ

मण्डला(स्वतंत्रमत)

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर के विकासार्थ विद्यार्थी गतिविधि के कार्यकर्ताओं द्वारा रानी दुर्गावती महाविद्यालय में जल मंदिर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इन दिनों लगातार बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अनेकों अभियान चला रहे हैं इसके साथ ही सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के कार्यकर्ताओं द्वारा द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर आम जनता की सेवा के लिए प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था कराई जा रही है इसी कड़ी में



सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई कार्यकर्ताओं द्वारा निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था शुरू किया गया जिसका शुभारंभ प्राचार्य रानी दुर्गावती महाविद्यालय हाथों से किया गया। इस दौरान सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टेट परीक्षा का पुरजोर विरोध

### 8 को जिला, 11 को ब्लाक और 18 को भोपाल में किया जाएगा प्रदर्शन

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** शिक्षको ने टेट की परीक्षा का पुरजोर विरोध शुरू कर दिया है। शासन के निर्देशों के तहत अब शिक्षको को अपनी शासकीय सेवाएं आगे जारी रखने के लिए आगामी सत्र में इम्तेहान देने होंगे। जिसमे उनकी योग्यताएं निरीक्षित होंगी। शिक्षक समुदाय का कहना है कि अपनी शासकीय सेवा में भर्ती की सारी अहर्ताएं पूरी करने के बाद वे शिक्षक बने है। 25 से 28 वर्षो की सरकारी नौकरी के बाद अब शिक्षको की परीक्षाओं का फरमान असंगत है। इस आदेश की चौतरफा मुखालफत होना शुरू हो गई है। नैनपुर में आगामी रणनीति तय करने अध्यापक सयुंक्त मोर्चा संघ की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें समूचे विकास खंड से सैकड़ो अध्यापक संवर्ग के शिक्षक शामिल हुए। जिसमें अध्यापक शिक्षक सयुंक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के प्रांतीय निर्देशन में 8 अप्रैल को जिला में, 11 अप्रैल को ब्लॉक में प्रदर्शन कर रैली के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद आगामी 18 अप्रैल को भोपाल में जंगी प्रदर्शन की तैयारी संयुक्त मोर्चा कर रहा है। बताया गया कि ब्लाक , जिला के साथ प्रांत स्तर पर संयुक्त मोर्चा व्यापक प्रदर्शन करेगा । जिसमे नैनपुर बलाक से शिक्षक समुदाय अपनी पुरजोर सहभगिता रखेगा। कल की बैठक में उपस्थित महिला और पुरुष अध्यपको ने एक स्वर में अपना तीखा विरोध जताया । साथ ही इस प्रदर्शन में एक जुटता का परिचय देने का आह्वान किया। बताया गया कि आगामी 8 अप्रैल को जिला मुख्यालय में रैली निकालकर प्रदर्शनक साथ शिक्षक टेट परीक्षा का विरोध करेंगे। इसके अलावा 11 अप्रैल को विकास खंड मुख्यालय में रैली निकालकर प्रदर्शन किया जायेगा। इसके बाद प्रांतीय आह्वान पर 18 अप्रैल को सभी शिक्षक समुदाय संयुक्त मोर्चा के बैनर तले भोपाल में एकत्र होकर अपना विरोध जताएंगे। जाहिर है कि टेट परीक्षा के मद्देनजर पहली बार मध्य प्रदेश में सभी शिक्षक अधयापक संवर्ग एक जुट हो गये है।

## सुनील चौरसिया का निधन

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व्यापारी सुनील चौरसिया का लंबी बिमारी के चलते उपचार के दौरान निज निवास में निधन हो गया। आपकी



अंतिम यात्रा में नगर के चिरपरिचित नागरिकों व्यापारियों परिजनों ने सम्मिलित होकर 2 मिनट का मोन रख अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया।

संपादकीय

# नक्सल-मुक्त भारत

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीते दिनों लोकसभा में दावानुमा घोषणा की है कि भारत लगभग नक्सल-मुक्त हो गया है। नक्सल-मुक्त स्थिति के लिए 31 मार्च, 2026 आखिरी तारीख तय की गई थी, लेकिन संसद में नक्सलवाद पर बहस हुई, जिसके जवाब में गृहमंत्री ने घोषणा की और नक्सलवाद के विस्तार की स्थितियों और कारकों का भी खुलासा किया। गृहमंत्री ने उल्लास और उत्साह में यह भी घोषणा की कि देश में 'लाल कॉरिडोर' का खात्मा कर दिया गया है। जो 2-4 नक्सली नेता फरार हैं, वे या तो आत्मसमर्पण कर देंगे अथवा उन्हें ढेर कर दिया जाएगा। बहरहाल अब 'नक्सलवाद' शब्द इतिहास में दर्ज होकर रह जाएगा।

देश से 'वामपंथी, माओवादी आतंकवाद' के खात्मे में करीब 59 साल लग गए। जो आंदोलन वामपंथी नेता चारु मजूमदार और कानू सान्याल के नेतृत्व में 1967 में पश्चिम बंगाल से शुरू किया गया था, वह वैचारिक कम और हथियारबंद, हिंसक अधिक था। बेशक आंदोलन को किसान, मजदूर, भूमिहीन, आदिवासी की लड़ाई का आवरण दिया गया। आर्थिक असमानता, शोषण, अन्याय, पूंजीवाद, भूमि का असमान वितरण या भूमिहीनता, सर्वहारा, बुर्जुआ आदि शब्दों को नारों के तौर पर इस्तेमाल किया गया, लेकिन 2026 तक भी वे नारे खोखले, आडंबर साबित हुए, क्योंकि असमान स्थितियां आज भी देश में हैं। नक्सली देश की संसदीय व्यवस्था के खिलाफ थे और देश में 'सशस्त्र क्रांति' लाने के पक्षधर थे। जो आंदोलन या उग्रवाद देश के करीब 150 जिलों तक फैला था और जिसे 'रेड कॉरिडोर' नामकरण दिया गया था, वाकई वे इलाके रक्त-रंजित थे। नक्सलियों ने समानता और न्याय की अपनी सोच गढ़ते हुए 7532 मासूम, बेगुनाह लोगों को मारा। करीब 5000 सुरक्षा-जांबाजों को 'शहीद' किया। देश के करीब 17 फीसदी हिस्से पर जिनका 'रेड कॉरिडोर' था, देश की 12 करोड़ से अधिक आबादी 'लाल उग्रवाद' से प्रभावित और दमित थी, वह कैसा सामाजिक आंदोलन था? जिन्होंने करीब 20,000 युवाओं की हत्या की। करीब 92 फीसदी अत्याधुनिक हथियार पुलिस और सुरक्षा बलों से छीन लिए, यह समानता और गरीबी-उन्मूलन का कैसा आंदोलन था?

'लाल आतंकवाद' के खिलाफ लड़ाई और उसे खत्म करने की मुहिम पर सरकार को 2000 करोड़ रुपए सालाना खर्च करने पड़ रहे थे। देश को नक्सल-मुक्त करने के अभियानों, संघर्षों, मुठभेड़ों के दौरान 706 नक्सली मार दिए गए, 2208 को गिरफ्तार कर जेलों में भेज दिया गया और 4839 ने आत्मसमर्पण किया। ये तमाम खुलासे गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में किए हैं और सुरक्षा बलों, पुलिस के जवानों को 'सैल्यूट' किया है। मुक्ति-अभियान के बावजूद एक तबका ऐसा है, जिसने जेएनयू में जश्न मनाया था, जब नक्सलियों ने हमला कर सीआरपीएफ के 76 जवानों को एक साथ 'शहीद' किया था। यही तबका 'अरबन नक्सल' है, वे आज भी नक्सलियों के पैरोकार हैं और उनके पक्ष में आलेख लिखते रहे हैं। एक हिंसक आंदोलन की पैरोकारी भी 'अपराध' है। नक्सलवाद की स्थापना और सक्रियता के बाद, एक ही साल में, 3620 हिंसक घटनाएं की गई थीं। 2002 में 'राजधानी एक्सप्रेस' रेलगाड़ी पर हमला बोल कर 130 बेगुनाह यात्रियों को मार दिया गया था। बहरहाल, बेशक 'लाल आतंकवाद' का लगभग खात्मा हो जाए, लेकिन आपराधिक, हत्यारी मानसिकता के अवशेष जिंदा रहते हैं। उन्हें भी कुचलना चाहिए।

# कोरियन ड्रामा से भारतीय सीरियल तक : मनोरंजन की दिशा में पुनर्विचार



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

विश्व के मनोरंजन जगत में पिछले कुछ वर्षों में यदि किसी देश ने टेलीविजन और वेब सीरीज के माध्यम से पूरी दुनिया को सबसे अधिक प्रभावित किया है तो वह दक्षिण कोरिया है। कोरियन ड्रामा आज केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक प्रभाव, सामाजिक शिक्षा, भावनात्मक परिपक्वता और जीवन मूल्यों के प्रस्तुतीकरण का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोग कोरियन ड्रामा देख रहे हैं और उनसे प्रभावित हो रहे हैं। यह केवल तकनीक या अभिनय का प्रभाव नहीं है, बल्कि उनकी कहानियों की संवेदनशीलता, जीवन की वास्तविकता और मानवीय रिश्तों की गहराई का प्रभाव है। कोरियन ड्रामा का सबसे बड़ा गुण यह है कि वे जीवन की वास्तविक समस्याओं को बहुत संवेदनशील और मानवीय तरीके से प्रस्तुत करते हैं। उनमें परिवार है, प्रेम है, संघर्ष है, बीमारी है, मानसिक तनाव है, करियर की समस्याएं हैं, सामाजिक दबाव है, लेकिन इन सबके साथ समाधान भी है, आशा भी है, सकारात्मकता भी है। वे केवल समस्या नहीं दिखाते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। उनके पात्र अतिनाटकीय या अवास्तविक नहीं होते, बल्कि आम आदमी जैसे होते हैं, जिनकी समस्याएं भी वास्तविक होती हैं और संघर्ष भी वास्तविक होता है। कोरियन ड्रामा की एक विशेषता यह भी है कि वे सीमित एपिसोड में एक पूर्ण कहानी प्रस्तुत करते हैं। उनमें अनावश्यक विस्तार, अंतहीन षड्यंत्र और कृत्रिम मोड़ नहीं होते। कहानी का एक उद्देश्य होता है और वह उद्देश्य पूरा होते ही कहानी समाप्त हो जाती है। इस कारण उनमें कसाव, गुणवत्ता और प्रभाव बना रहता है। वे दर्शकों के समय और संवेदना दोनों का सम्मान करते हैं। यदि हम भारतीय टीवी सीरियल्स की ओर देखें, तो स्थिति इसके विपरीत दिखाई देती है। अधिकांश धारावाहिक सास-बहू के अंतहीन संघर्ष, पारिवारिक षड्यंत्र, पुनर्जन्म, चमत्कार, बदला, ईर्ष्या और दिखावे के जीवन के इर्द-गिर्द घूमते रहते हैं। एक ही कहानी वर्षों तक चलती रहती है और उसमें वास्तविक जीवन से कोई संबंध नहीं रह जाता। परिवार, जो प्रेम, सहयोग और संवाद का केंद्र होना चाहिए, उसे षड्यंत्र और राजनीति का केंद्र बना दिया जाता है। इससे समाज में नकारात्मक मानसिकता का निर्माण होता है। भारतीय फिल्मों की स्थिति भी बहुत अलग नहीं है। आज समाज जिन समस्याओं से जूझ रहा है, वे अलग हैं-मानसिक तनाव, अवसाद, अकेलापन, पारिवारिक विघटन, पीढ़ियों के बीच संवाद की कमी, बेरोजगारी, करियर का दबाव, स्वास्थ्य समस्याएं, नशा, पर्यावरण संकट आदि। इन विषयों पर आधारित मनोरंजन बहुत कम देखने को मिलता है।



कोरियन ड्रामा की लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि वे दर्शकों को भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाते हैं। उन्हें देखकर व्यक्ति केवल मनोरंजन नहीं करता, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ता है, जीवन को समझता है, रिश्तों की अहमियत को समझता है, धैर्य और संघर्ष की प्रेरणा पाता है। कई कोरियन ड्रामा मानसिक स्वास्थ्य, अवसाद, ऑटिज्म, अस्पताल जीवन, वकीलों के संघर्ष, शिक्षकों के जीवन, छोटे उद्यमियों के संघर्ष जैसे विषयों पर बने हैं। वे दर्शकों को संवेदनशील बनाते हैं, आक्रामक नहीं। भारत में भी कुछ अच्छे धारावाहिक बने हैं, जैसे हम लोग, बुनियाद, संजीवनी, बालिका वधू, उड़ान, तारक मेहता का उल्टा चश्मा आदि, जिन्होंने समाज को कुछ सकारात्मक संदेश दिए। लेकिन ऐसे धारावाहिकों की संख्या बहुत कम है। आज जरूरत ऐसे धारावाहिकों और फिल्मों की है जो समाज को मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएं, जीवन जीने की कला सिखाएं, तनाव से मुक्ति का मार्ग दिखाएं, परिवार को जोड़ने का संदेश दें और सकारात्मक सोच का निर्माण करें।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मनोरंजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं होना चाहिए, बल्कि मन का निर्माण होना चाहिए। यदि फिल्म या धारावाहिक देखकर व्यक्ति अधिक आक्रामक, असंतुष्ट, तनावग्रस्त या अवास्तविक जीवन की कल्पनाओं में खो जाए, तो वह मनोरंजन नहीं, मानसिक प्रदूषण है। लेकिन यदि कोई फिल्म या धारावाहिक व्यक्ति को प्रेरित करे, जीवन में आशा जगाए, समस्याओं से लड़ने की शक्ति दे, रिश्तों को समझने की दृष्टि दे, तो वह वास्तविक मनोरंजन है। आज समाज में मानसिक बीमारियां, अवसाद, अकेलापन और तनाव तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में मनोरंजन उद्योग की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। उन्हें ऐसे धारावाहिक और फिल्में बनानी चाहिए जो मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को स्वस्थ बनने की प्रेरणा दें, सकारात्मक सोच का निर्माण करें, योग, ध्यान, संवाद, परिवार, मित्रता और जीवन के उद्देश्य के महत्व को दिखाएं। यदि इस दिशा में काम किया जाए, तो मनोरंजन उद्योग समाज के लिए वरदान बन सकता है। यह भी विचारणीय है कि आखिर क्यों हमारे अधिकांश सीरियल सास-बहू के संघर्ष से शुरू होकर षड्यंत्र और बदले पर समाप्त होते हैं, और हमारी फिल्में मारधाड़ और हीरोगिरी पर आधारित होती हैं। इसका एक कारण यह है कि निर्माता यह मानते हैं कि दर्शक यही देखना चाहते हैं। वास्तविकता यह है कि दर्शकों को अच्छा, संवेदनशील और सार्थक कंटेंट मिलेगा, तो वे उसे भी उतना ही पसंद करेंगे, जैसा आज वे कोरियन ड्रामा को पसंद कर रहे हैं। इसका अर्थ है कि समस्या दर्शकों की पसंद में नहीं, बल्कि कंटेंट की दिशा में है। समय आ गया है कि भारतीय मनोरंजन जगत अपनी दिशा पर पुनर्विचार करे। उन्हें यह सोचना होगा कि वे समाज को किस दिशा में ले जा रहे हैं। क्या वे समाज को संवेदनशील, सकारात्मक और स्वस्थ बना रहे हैं, या केवल मनोरंजन के नाम पर नकारात्मकता, हिंसा और षड्यंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं? मनोरंजन उद्योग केवल उद्योग नहीं है, वह समाज निर्माण का माध्यम भी है।

कोरियन ड्रामा हमें यह सिखाते हैं कि मनोरंजन भी समाज को शिक्षित कर सकता है, प्रेरित कर सकता है, भावनात्मक रूप से परिपक्व बना सकता है और जीवन को समझने की दृष्टि दे सकता है। भारतीय सिनेमा और टेलीविजन यदि इस दिशा में काम करें, तो वे केवल मनोरंजन नहीं करेंगे, बल्कि समाज को बेहतर बनाएंगे। मनोरंजन का सर्वोच्च रूप वही है जो मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाए, जो निराशा में आशा दे, जो टूटते परिवारों को जोड़ने की प्रेरणा दे, जो तनावग्रस्त व्यक्ति को शांति दे, जो जीवन की समस्याओं का समाधान सिखाए। जब भारतीय धारावाहिक और फिल्में इस दिशा में बननी शुरू होंगी, तब मनोरंजन वास्तव में समाज निर्माण का माध्यम बन सकेगा। यही समय की आवश्यकता है और यही भविष्य की दिशा भी।

बात पते की

# बचा लो... यहां तो कई मोरन हैं



देव शंकर अवस्थी

जिन्हें कुछ करना होता है, वे हर कठिनाई को पार करते हुए लक्ष्य को पा लेते हैं। राजस्थान के डूंगरपुर जिले में स्थित खड़गदा गांव के लोगों ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया। गांव से निकली मोरन नदी एकदम सूख चुकी थी। गांव वालों के अथक प्रयासों से नदी में फिर से साफ-स्वच्छ जलधार बहने लगी। मोरन नदी सूखकर खत्म हो चुकी थी। कचरा, गंदगी और मरे मवेशियों को नदी में फेका जाता रहा। एक स्थानीय कथावाचक कमलेश शास्त्री ने नदी को बचाने की मुहिम छेड़ दी। कथा से होने वाली कमाई व दानदाताओं के सहयोग से ढाई करोड़ रुपए एकत्र किए। करीब बीस किमी नदी न केवल साफ-स्वच्छ हुई बल्कि उसमें इतना बहाव हो गया कि नौकाएं चलने लगीं। गांव वालों की मेहनत देखकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने नदी के समग्र विकास के लिए तीन सौ करोड़ की घोषणा कर दी। इस राशि से रिवर व्यू फ्रंट के अलावा अनेक कार्य होंगे। यह प्रेरक चर्चा इसलिए हो पड़ी कि शायद हम भी उससे कुछ सीख ले सकें। हमारे यहां दुर्गति को प्राप्त नदियों की कमी नहीं। परियट और गौर को मृतप्राय नदी ही माना जाएगा। परियट की गंदगी ने हिरन को भी प्रदूषित कर दिया। यही हिरन परियट के अलावा पूरे जबलपुर शहर की गंदगी को नर्मदा में ले जाकर उड़ेलती है। दो दशक पहले प्रदूषण निवारण मंडल के अधिकारी से पूछा कि परियट की गंदगी के बारे में आपका क्या ख्याल है? अफसर ने तपाक से कहा.. परियट भी कोई नदी है क्या? उसकी कपटपूर्ण मुस्कान ने ही बता दिया कि.. यह डेरी वालों के टुकड़ों पर पलने वाला दलाल है। बाहर से आए अधिकारियों में बहुत कम होते हैं जो ईमानदारी से काम करने की इच्छा रखते हैं। बाकी के सिर्फ लूटने-खसोटने आते हैं। उन्हें शहर के भूगोल, संस्कृति और इतिहास से कोई लेना-देना नहीं रहता? विकास की बातें तो बहुत हुईं लेकिन मरती नदियों की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। कहने के लिए हजारों करोड़ की योजनाएं बनीं लेकिन सड़ती नदियों को वे छू भी नहीं पाईं। विकास की बात करने वाले जबलपुर के ऊपरी क्षेत्र में जाएं, जहां से परियट और गौर नदियां शहर में प्रवेश करतीं हैं। उन्हें पता चल जाएगा कि इन नदियों का पानी इतना शुद्ध है कि पानी पीने में भी हिचक नहीं होगी। इन नदियों को कभी साफ-स्वच्छ किया जाएगा, इसका प्लान दूर-दूर तक नजर नहीं आता। यदि सहायक नदियों की ओर ध्यान नहीं दिया तो वह दिन दूर नहीं, जब नर्मदा भी घोर प्रदूषित नदियों की श्रेणी में आ जाए।

**18 साल में टनल नहीं खोद पाए**- सरकारी निर्माण कार्यों में लेटलतीफी के मामले में हमारे देश की कोई जोड़ नहीं। कोई भी कार्य निर्धारित अवधि में हो जाए, ऐसा बहुत कम ही होता है। रानी अवंतीबाई परियोजना यानी बरगी बांध की दाईं तट नहर को सतना तक ले जाना है। वर्ष 2007 में खबर छपी कि स्लीमनाबाद में नहर को पहाड़ी क्षेत्र से निकालने के लिए बारह किमी लंबी टनल खोदी जाएगी। यह देश की सबसे लंबी जलसुरंग होगी। लगभग 18 साल हो गए लेकिन पता चला कि अभी भी 15 से 20 प्रतिशत काम बाकी रह गया है। विंध्यवासियों ने सपने संजोए होंगे कि नर्मदा के पानी से उनकी फसलें लहलहा उठेंगी। इंतजार करते-करते अब तो उनकी आंखें भी पथरा गई होंगी।

**और अंत में** - आजकल चाय और कैफे के एक से बढ़कर एक स्टाल खुल रहे। पता चलता है कि फलां चाय की शुरुआत दो आईआईटियन मित्रों ने की है। गुड़ की फलां चाय को विदेश से पढ़ाई कर आए लोगों ने शुरू किया है। लोग तो इस बात से हैरान हैं कि बच्चे को आईआईटी कराएं या चाहई की दुकान खुला दें। जब चाय की दुकान ही खुलवाना है तो आईआईटी भेजकर क्या करें।

# स्वास्थ्य जीवन की सबसे बड़ी पूंजी



अनिरुद्ध सिंह'कुसुम'
लेखक/पत्रकार

विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल पर विशेष

व्यक्ति का सबसे करीबी दोस्त है उसका स्वास्थ्य और अपने इस दोस्त के सहारे उसकी स्थिती परिस्थिति समय कैसा भी हो वो इन सब पर विजय प्राप्त कर लेता है। और यदि ये दोस्त व्यक्ति के पास नही तो फ़िर उसके पास सारी दुनिया की खुशी किसी काम की नहीं। दुनिया के हर व्यक्ति का प्रथम कर्तव्य यही है अपने स्वास्थ्य का ना सिर्फ़ ख्याल रखे बल्कि उसका संरक्षण एवं संवर्धन भी करे या यूं कहें कि व्यक्ति का अपने स्वास्थ्य का ख्याल उसकी पूजा है आखिरकार प्रत्येक व्यक्ति के शरीर में जो आत्मा है वो ईश्वर का ही अंश है , स्पष्ट है यदि व्यक्ती स्वस्थ्य है तो उसकी आत्मा भी खुश और यदि व्यक्ती बीमार है, रोगग्रस्त है तो उसकी आत्मा खुश नहीं होगी।

एक अच्छा स्वास्थ्य व्यक्ति के जीने भर के लिए ही नहीं बल्कि व्यक्ति की सफ़लता की धुरी उसका स्वास्थ्य ही है और आपके सामने दुनिया के जितने भी सफल व्यक्ति हैं आप देखिए सब स्वस्थ हैं खिलाड़ी, कलाकार, व्यवसाई,वैज्ञानिक सभी स्वस्थ है और इस स्वास्थ के लिए उन्होने कठिन साधना की है अपने आपको नियमों में बांधा है खान पान, घंटो व्यायाम, ध्यान में दिए तब जाकर वो हमारे आइकॉन बने। एक बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए आपको तपस्वी बनना पड़ता है,। लेकिन देश का युवा स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है।एक विडंबना देखिए जंक फ़ूड के प्रीमियम ग्राहक कौन है कॉरपोरेट के युवा धुरंधर जिनकी सेलरी एक लाख से शुरू होती है आगे उनकी योग्यता पर निर्भर है, एक आम आदमी के बस में पांच सौ का पिज़्ज़ा नहीं, और ये सभी कॉरपोरेट में उच्च वेतन प्राप्त करने वाले युवा बेहतर जानते हैं जंक फ़ूड के दुष्परिणाम ,लेकिन खाते वही है नतीज़ा नौकरी के चार साल में ही शुगर और फैटी लीवर के शिकार इनके इस तरह व्यवहार से इनकी शिक्षा पर ही प्रश्न चिन्ह है, ऐसी शिक्षा किस काम की जो आपको स्वास्थ रहना ही ना सिखा पाए ऐसे लोगों की डिग्री महज़ कागज़ का टुकड़ा है। देश के युवा का मोटापे का शिकार होना ना सिर्फ़ उनके लिए खतरा है, बल्कि देश के लिए भी खतरनाक है, क्योंकि देश भविष्य युवा ही होते हैं। देश में मोटापे के शिकार युवाओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है, चिंताजनक बात ये है कि हम चीन के बाद दूसरे स्थान पर आ गए हैं। लगभग 22-24% महिलाएं, 12-23% पुरुष मोटापे से ग्रस्त हैं, और किशोर लड़कों में यह दर 6.6% तक पहुंच गई है। 2030 तक भारत में 5-19 वर्ष के 2.7 करोड़ से अधिक बच्चे और किशोर मोटापे से ग्रस्त होंगे, जो वैश्विक बोझ का 11% होगा। बच्चों के मोटापे के मामले में यह विश्व में दूसरा सबसे बड़ा देश है।

### भारत में मोटापे के प्रमुख आंकड़े:

**वयस्क मोटापा:** NFHS-5 के अनुसार, मोटापे का शिकार में महिला और पुरूष सभी हैं। 24% महिलाएं और 22.9% पुरुष मोटापे या अधिक वजन से ग्रस्त हैं।

**युवा/किशोर**- 2026 तक भारत में 5-9 वर्ष के 14.9 मिलियन बच्चे और 10-19 वर्ष के 26.4 मिलियन बच्चे अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त हो जाएंगे।

**भविष्यवाणी**- 2050 तक भारत की लगभग एक-तिहाई आबादी मोटापे की समस्या से जूझ सकती है।

**विश्व में स्थान:** भारत, चीन के बाद, दुनिया में बच्चों के मोटापे के मामले में दूसरे स्थान पर है, 2025 में 41 मिलियन बच्चे प्रभावित होने का अनुमान है।

### मोटापे का मुख्य कारण:

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड (जंक फूड) का सेवन 2006 में 900 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2019 में 37.9 बिलियन डॉलर हो गया है। युवाओं में शारीरिक गतिविधियां नदारद- 74% भारतीय किशोर अनुशंसित शारीरिक गतिविधि नहीं कर रहे हैं।

### कैसे रहें स्वस्थ

आज तकनीक के इस युग में हर जानकारी आपके हाथ में है, जिस मोबाइल से हम पिज्जा आर्डर करते हैं, उसी मोबाईल से हमें जंक फ़ूड स्वास्थ्य के हानिकारक है की जानकारी भी मिलती है। और हमारे पूर्वज बहुत पहले ही स्वास्थ्य की महत्ता समझ चुके थे इसलिए उन्होंने एक बेहतर आहार चर्या अपना ली थी, जिसमें हर मौसम के अनुकूल भोजन करने के नियम बनाए थे, समय का ध्यान रखा गया और कैसे भोजन करना है, और किस पदार्थ के साथ क्या ना खाएं आदि। पानी कितना,कब और कैसे ये सब बांते एक अच्छे स्वास्थ में बेहतर भूमिका निभाती हैं। हमारी लापरवाही हम इन्हें अपनाते नहीं है,सच ये है कि हम इन्हीं नियमों को अपनाते हैं, पर जब बीमार हो जाते हैं, ये है स्वास्थ्य के प्रति हमारी समझ हमारा नज़रिया। विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मनाया जाने वाला एक वार्षिक वैश्विक आयोजन है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना का प्रतीक है और एक निर्दिष्ट सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता को उजागर करता है।विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 का विषय है सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लिए वैश्विक कार्रवाई। यह विषय इस बात पर केंद्रित है कि दुनिया भर के लोग आर्थिक कठिनाइयों का सामना किए बिना रोकथाम, उपचार, पुनर्वास और उपशामक देखभाल सहित आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सकें। एक बेहतर स्वास्थ्य एक अनुशासित दिनचर्या से ही संभव है, और बेहतर स्वास्थ्य ही आपकी सफ़लता की धुरी है।

# न्यायमूर्ति नागरत्ना का 'मत'



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने भारतीय संविधान में निहित संवैधानिक स्वतन्त्र संस्थाओं की लोकतन्त्र में महत्ती भूमिका को रेखांकित करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में जिस राजनीतिक अधिकार सम्पन्नता को प्राधिकृत किया गया है उसका संचालन स्थापित संवैधानिक संस्थाओं के 'अराजनैतिक' स्वरूप को बरकरार रखते हुए ही नागरिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए किया जा सकता है। इस सन्दर्भ में उन्होंने चुनाव आयोग, लेखा महानियन्त्रक व वित्त आयोग जैसी संस्थाओं का नाम लिया और कहा कि इनका कार्य निष्पादन बिना किसी राजनीतिक प्रभाव के किया जाना बहुत जरूरी है जिससे भारत का लोकतन्त्र सही मायनों में जवाबदेह और जिम्मेदार हो सके। श्रीमती नागरत्ना पटना के राष्ट्रीय विधी विश्वविद्यालय में आयोजित राजेन्द्र प्रसाद व्याख्यानमाला का प्रथम भाषण दे रही थीं। उन्होंने चुनाव आयोग के हर हालत में निष्पक्ष व तटस्थ बने रहने को पूरे लोकतन्त्र के लिए बहुत जरूरी बताया और कहा कि आयोग को अपना कार्य राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाओं की परवाह किये बगैर पूरी पवित्रता और निष्ठा के साथ करना चाहिए। उनका मत है कि उपरोक्त इन तीनों संस्थाओं को अपने दायित्वों का निर्वाह चुनावी नतीजों के राजनीतिक प्रभावों से मुक्त रहते हुए करना चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना के अनुसार इन तीनों संस्थाओं का असल कार्यक्षेत्र वहीं से शुरू होता है जहां से राजनीतिक कार्यक्षेत्र की तटस्थता पर सन्देह का प्रारम्भ होता है। जाहिर है कि चुनाव आयोग समेत वित्त आयोग व लेखा महानियन्त्रक के कार्यालय भारत में राजनीतिक प्रशासन तन्त्र के भीतर ही काम करते हैं परन्तु संविधान में इन तीनों संस्थाओं को ही स्वतन्त्र व स्वायत्तशासी का दर्जा दिया गया है जिससे ये अपना कार्य राजनीतिक दलों की बनने वाली किसी भी सरकार से निरपेक्ष रहते हुए बेखौफ होकर कर सकें। इनमें से चुनाव आयोग का सम्बन्ध सीधे आम नागरिकों के साथ रहता है क्योंकि प्रत्येक भारतीय नागरिक को मतदाता बनने का अधिकार यह आयोग ही देता है। ऐसा करके वह अपने उस संवैधानिक दायित्व को निभाता है जिस पर देश का पूरा लोकतन्त्र टिका हुआ है क्योंकि भारत में विभिन्न सरकारों का गठन आम नागरिक ही अपने मताधिकार का प्रयोग करके करता है। न्यायमूर्ति नागरत्ना का यह कहना कि आधारभूत तरीके से स्वतन्त्र संवैधानिक संस्थाओं की तटस्थता संविधान में निहित है, पूरी तरह शाश्वत सत्य है परन्तु जहां तक विशिष्ट रूप से चुनाव आयोग का सम्बन्ध है तो वर्तमान में मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के कार्यकलापों को लेकर देश की विपक्षी पार्टियों में भारी रोष है जिसकी वजह से उन्होंने संसद के दोनों सदनों में उन्हें पदमुक्त करने का प्रस्ताव भी दाखिल कर रखा है। हम सभी जानते हैं कि चुनाव आयोग ने जिस तरह से पूरे देश में मतदाता सूचियों की पुनरीक्षण कराने का फैसला किया, उसकी प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों में भारी बेचैनी है जिसकी वजह से यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक में पहुंचा परन्तु न्यायमूर्ति नागरत्ना के विचार भारतीय लोकतन्त्र की उस मूलभूत व्यवस्था को लेकर है जिसकी स्थापना संविधान में लोकमूलक प्रशासन की गरज से की गई है। वित्त आयोग की भूमिका के बारे में उनका यह मत कि वित्तीय निर्भरता राजनीतिक निर्भरता को जन्म दे सकती है, अतः वित्त आयोग को अपना कार्य राज्यों की राजनीतिक संरचना से निरपेक्ष रहते हुए ही करना चाहिए, हर तरीके से तार्किक है क्योंकि वित्त या अर्थ और राजनीति व्यावहारिक दुनिया में एक-दूसरे से बंधे हुए ही होते हैं। इसकी वजह यह है कि भारत के संसदीय ढांचे में विभिन्न राज्यों के जो चुनाव होते हैं उनकी राजनीतिक वरीयताएं राष्ट्रीय चुनावों से पूरी तरह भिन्न होती हैं जिसकी वजह से हम अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दलों की सरकारें भी देखते हैं। आज भी भारत के दस राज्यों में गैर भाजपा दलों की सरकारें काबिज हैं जबकि केन्द्र में पिछले तीन चुनावों से भाजपा की सरकार चल रही है। अतः इस विविधीकृत राजनीतिक प्रशासनिक प्रणाली में राज्यों के समुचित विकास के लिए पर्याप्त धन स्रोतों की सुलभता से बंधा वित्त आयोग अपना दायित्व पूर्णतः निष्पक्ष व तटस्थ होकर तभी निभा पायेगा जब वह राजनीतिक आग्रहों से मुक्त रहेगा।

# लाइन में नहीं लगना है तो अफसर बनो या फिर नेता ...




इन दिनों देश भर में लाइनों की बड़ी चर्चा है ,सारा देश किसी ना किसी लाइन में लगा हुआ दिखाई दे रहा है,कोई गैस की लाइन में लगा है, तो कोई पेट्रोल की,तो कोई केरोसिन की लाइन में है । विपक्षी दल छाती फाड़ फाड़ कर चिल्ला रहे हैं कि इस सरकार ने पूरे देश के लोगों को लाइन में लगा दिया है अब इन विपक्ष के नेताओं को कौन बताएं कि इस देश में हर व्यक्ति को बचपन से ही लाइन में लगने की आदत डाली जाती है बच्चा जब अपनी पढ़ाई शुरू करने स्कूल में एडमिशन लेता है उस दिन से ही उसे प्रार्थना के लिए स्कूल के मैदान में लाइन में लगा दिया जाता है यानी जिंदगी की शुरुआत से ही लोगों को लाइन में लगने की आदत डाल दी जाती है। लोग बाग कहते हैं कि लाइन और अनुशासन का चोली दामन का साथ है देश की आर्थिक राजधानी मुंबई चले जाइए वेस्ट की बसों के लिए कोई धक्का मुक्की नहीं होती, सारे यात्री लाइन में लगे रहते हैं और जितने यात्रियों को कंडक्टर बिठाना चाहता है बैठा देता है बाकी जो बचते हैं वे फिर लाइन में लग जाते हैं । देश में कहां लाइन नहीं लगी हुई है आप नजर तो डालो हर जगह आपको लाइन ही लाइन दिखेगी, यहां तक कि पुलिस ने भी अपने डिपार्टमेंट में पुलिस लाइन खोल कर रखी है लाइन ही लाइन, कुकिंग गैस लेना है, सिलेंडरों की लाइन लगी है, पेट्रोल भरवाना है वहां भी लाइन, अच्छी खासी पिक्चर देखना हो तो टिकट के लिए भी लाइन लगी है, राशन लेने जाना है तो भी लाइन में लगना पड़ता है, ट्रेन से कहीं जाना है तो जनरल टिकट के लिए लाइन लगाना पड़ती है, भंडारे का प्रसाद लेना है वहां भी लाइन लगी है, केरोसिन चाहिए तो लग जाओ लाइन में, केदारनाथ में अगर भगवान के दर्शन करना है तो लंबी लाइन में इंतजार करना पड़ेगा यही हाल %वैष्णो देवी का है आप चले जाओ बद्रीनाथ वहां भी जब तक लाइन में नहीं लगोगे तब तक ईश्वर आपको दर्शन नहीं देंगे। उज्जैन में महाकाल के दर्शन अभिलाषी हैं तो बिना लाइन लगाए कुछ नहीं होने वाला ,यानी ऐसी कोई सी भी जगह नहीं बची है जहां लाइन ना लगती हो, यहां तक कि अपने प्रतिनिधि चुनने के लिए जब आप वोट डालने जाते हो तो आपको लाइन में खड़ा कर दिया जाता है ,पूरा देश, पूरे लोग लाइनों में लगे हैं और उनको कोई फर्क इसलिए नहीं पड़ता क्योंकि उनको बचपन से ही स्कूल के माध्यम से लाइन में लगने की प्रैक्टिस कराई जाती है ,लेकिन हां यदि आप लाइन में लगना नहीं चाहते, लोग लाइन में लगे रहें और आप छाती ठोक कर लाइन से अलग हटकर जो कुछ करना चाहे कर सकते हैं तो उसके लिए आपको या तो अफसर बनना पड़ेगा या फिर नेता क्योंकि इनके लिए लाइन कोई मायने नहीं रखती, लाइन सिर्फ आम आदमी के लिए होती है जो भी इस लाइन से मुक्ति पाना चाहता हो तो नेतागिरी में आ जाए, विधायक बन जाए, सांसद बन जाए, मंत्री बन जाए, या फिर आईएएस आईपीएस अफसर बन जाए ।

### भैया एक लीटर तो ले लो

जिस तरह से मिडिल ईस्ट में युद्ध चल रहा है और उसके चक्कर में पेट्रोल,डीजल, कुकिंग गैस की मारामारी चल रही है उसको देखते इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों का जलवा देखते ही बनता है, हर दूसरा आदमी इलेक्ट्रिक कार स्कूटर में चल रहा है क्योंकि कौन झंझट पाले। कभी भी अमेरिका का दिमाग खराब हो जाए और वो किसी तेल वाले देश पर हमला कर दे और फिर पेट्रोल की डीजल की मारामारी शुरू हो जाए इससे बेहतर है कि इलेक्ट्रिक व्हीकल ले लो ,घर में रिचार्ज कर लो और दिन भर में पचास साठ किलोमीटर आराम से घूम लो पैसे भी बचेंगे और पेट्रोल की झंझट भी नहीं रहेगी, जिस गति से इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियां बिक रही हैं उसको देखते हुए लगता है कि वो दिन दूर नहीं जब पेट्रोल पंप में बैठे कर्मचारी चिल्ला चिल्ला कर गाड़ी वालों को बुलाएंगे की भैया एक लीटर पेट्रोल तो ले लो सुबह से एक बूंद पेट्रोल नहीं बिका है पापी पेट का सवाल है एक लीटर भरवाओगे एक लीटर फ्री दे देंगे कुछ तो हम लोगों की तरफ भी देखो लेकिन लोग उनके सामने से निकल जाएंगे और बोलेंगे कि जब हम लोग लाइन में लगे रहते थे तब तो तुम लोगों का जलवा शबाब पर था। पेट्रोल की झंझट को देखते हुए अपन भी सोच रहे हैं कि इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी ले लें और ठस्स के साथ पेट्रोल पंप के सामने से निकल जाएं।

### दारूखोरों की बल्ले बल्ले

पता चला है कि चंडीगढ़ में अब पेट्रोल पंप और शॉपिंग मॉल में शराब मिलेगी, नई आबकारी नीति के तहत सरकार ने कहा है कि कुछ सुरा प्रेमी शराब की दुकानों में जाने में संकोच करते हैं उन्हें डर लगता है कि कोई नाते रिश्तेदार उन्हें दारू की दुकान से शराब खरीदते हुए ना देख ले इसलिए बेहतर है कि शराब शॉपिंग मॉल और पेट्रोल पंपों में भी बेची जाए इससे गाड़ी का पेट भी भर जाएगा और दारूखोरों का भी, किसी को शक भी नहीं होगा कि अगला दारू ले रहा है उसको तो यही लगेगा कि वो अपनी गाड़ी में पेट्रोल डलवा रहा है पेट्रोल के साथ कोने में चुपचाप दारू के पैसे देकर वो बेहतरीन दारू लेकर चलता बनेगा ,यही हाल शॉपिंग मॉल में भी होगा किसी को कानों कान खबर नहीं होगी कि भाई जी दारू के चक्कर में शॉपिंग कांप्लेक्स में घूम रहे हैं लोग तो यही समझेंगे कि शॉपिंग मॉल में कुछ खरीदने आए होंगे। हर सरकार को दारु पीने वालों से बड़ी हमदर्दी रहती है कितनी सुविधाएं उनको दे दें इसके लिए पूरा डिपार्मेंट सोच विचार में डूबा रहता है और क्यों ना डूबा रहे सारी सरकारें इन दारूखोरों के दम पर ही तो चल रही है जिस दिन आदमी दारु पीना छोड़ देगा उस दिन तमाम सरकारें फटीचर हो जाएंगी क्योंकि सबसे ज्यादा राजस्व इन शराब की दुकानों से ही आता है इसलिए इन रिंदों के लिए अगर सरकारें नए-नए ठिकाने खोज रही है तो इसमें बुराई की बात नहीं है।

### सुपर हिट ऑफ़ द वीक

गजल और भाषण में क्या अंतर है किसी ने श्रीमान जी से पूछा।

प्रेमिका की हर बात गजल लगती है और बीवी की हर बात भाषण, श्रीमान जी ने बाकायदा उत्तर दे दिया।

# ईरान नहीं, खाड़ी देशों में खत्म हो जाएगा जीवन
# बुशहर परमाणु प्लांट पर हुए हमलों ने बढ़ाई चिंता

नई दिल्ली



मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच शनिवार को ईरान के बुशहर न्यूक्लियर एनर्जी पावर प्लांट से मात्र 350 मीटर की दूर पर मिसाइल गिरी। बुशहर न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट पर हुए हमले ने पूरे खाड़ी देशों में खौफ पैदा कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित न्यूक्लियर प्लांट पर लगातार हो रहे हमले रेडिएशन का कारण बन सकते हैं। इससे तेहरान ही नहीं बल्कि, खाड़ी देशों की राजधानियों में जीवन को समाप्त कर सकता है। ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण की परियोजना शाह मोहम्मद रजा पहलवी के शासनकाल के दौरान 1975 में शुरू हुई थी। शुरुआत में से ही जर्मनी की सीमेंस कंपनी को सौंपा गया था। लेकिन 1979 की इस्लामी क्रांति और ईरान-इराक युद्ध (1980–1988) के कारण इसका काम बाधित हो गया था।

ईरान ने 1980 के दशक के उत्तरार्ध में इस परियोजना को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया, लेकिन जर्मनी की सरकार ने परमाणु प्रसार संबंधी चिंताओं के कारण सीमेंस को पीछे हटने के लिए मना लिया। अंततः इस संयंत्र का निर्माण रूस द्वारा किया गया , जिसने 1996 में अनुबंध अपने हाथ में लिया और सितंबर 2013 में आधिकारिक तौर पर इसे सौंप दिया।


1999 में रिएक्टर को चालू करने की निर्धारित समय सीमा वित्तीय विवादों, भू-राजनीतिक दबाव और अन्य कारकों के कारण 11 वर्षों तक विलंबित रही। बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र ईरान के दक्षिणी भाग में स्थित है। इसमें 1,000 मेगावाट का प्रेशराइज्ड वॉटर रिएक्टर लगा हुआ है। ष्टह्वह्व की रिपोर्ट के मुताबिक, यह ईरान की कुल बिजली का लगभग 1–2 प्रतिशत प्रदान करता है। बुशहर में वर्तमान में चल रहे रिएक्टर में रूस से प्राप्त 4.5 प्रतिशत तक समृद्ध यूरेनियम का उपयोग किया जाता है। सऊदी अरब के अनुसार , बुशहर संयंत्र में लगभग 282 टन परमाणु सामग्री मौजूद है। इसमें रिएक्टर कोर में 72 टन सक्रिय ईंधन और संयंत्र के ऊंचे भंडारण पूल में लगभग 210 टन प्रयुक्त ईंधन शामिल है। प्रयुक्त ईंधन में सीजियम-137 की मात्रा लगभग 2,600 पेटाबेकरेल है, जो चेर्नोबिल आपदा के दौरान उत्सर्जित मात्रा से दस गुना अधिक है।

लगभग 2,50,000 लोगों की आबादी वाला शहर बुशहर, ईरान की राजधानी की तुलना में कुवैत, बहरीन और कतर के काफी करीब है। बुशहर से कुवैत नगर लगभग 270 किलोमीटर दूर है, बहरीन की राजधानी मनामा लगभग 350 किलोमीटर दूर है, सऊदी अरब के दम्माम, धहरान और अल खोबार 400 किलोमीटर दूर हैं, दोहा लगभग 450 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है, जबकि रियाद 750 किलोमीटर दूर है। फारस की खाड़ी के दूसरी ओर ईरान के सामने स्थित तीनों रेगिस्तानी राज्यों में प्राकृतिक जल भंडार बहुत कम हैं और यहां 1.8 करोड़ से अधिक लोग रहते हैं, जिनके पीने योग्य पानी की एकमात्र आपूर्ति खाड़ी से प्राप्त खारे पानी को विलवणीकृत करके प्राप्त की जाती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि विकिरण फैलने की स्थिति में खाड़ी का पानी दूषित हो जाएगा, जिससे यहां के जीवन रक्षक डिसेलिनेशन प्लांट (खारे पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्र) पूरी तरह ठप हो सकते हैं। ऐसे में अगर अमेरिका या इजरायल द्वारा रिएक्टर या ईंधन भंडारण पूल पर हमला होता है, तो इससे खतरनाक रेडिएशन निकलकर वायुमंडल में फैल जाएंगे। जाग्रोस पर्वतमाला द्वारा बुशहर के उत्तर में निर्मित ढाल और उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण विकिरण कुवैत, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात की ओर बह जाएगा।

# सीजफायर पर नहीं बनी बात! ईरान का होर्मुज खोलने से इनकार, पाकिस्तान ने भी साधी चुप्पी

नई दिल्ली




मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच सीजफायर और ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट फिर से खोलने की खबरें सामने आ रही थी। इस बीच ईरान ने अस्थायी युद्ध-विराम के बदले होर्मुज स्ट्रेट को खोलने से इनकार कर दिया है।

एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि ईरान अस्थायी संघर्ष-विराम के बदले में होर्मुज स्ट्रेट को फिर से नहीं खोलेगा। उन्होंने आगे कहा कि तेहरान का मानना है कि वाशिंगटन में स्थायी संघर्ष-विराम के लिए तत्परता की कमी है।

ईरानी अधिकारी ने पुष्टि की कि ईरान को तत्काल संघर्ष-विराम के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव मिला है और वह उसकी समीक्षा कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि तेहरान समय-सीमाओं को स्वीकार करने और कोई निर्णय लेने के लिए दबाव डाले जाने को स्वीकार नहीं करता है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने उन रिपोर्टों की पुष्टि या खंडन करने से इनकार कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि पाकिस्तान ने ईरान पर चल रहे अमेरिका-इजरायल युद्ध को समाप्त करने के लिए एक ढांचे का प्रस्ताव दिया है। अंद्राबी ने अल जजीरा को बताया, 45-दिन के युद्धविराम के प्रस्ताव, या 15-सूत्रीय आदान-प्रदान के बारे में कई रिपोर्टें आई हैं। हम इन अलग-अलग, विशिष्ट घटनाओं पर कोई टिप्पणी नहीं करते। हमारा मुख्य बिंदु यह है कि शांति प्रक्रिया जारी है। बता दें कि इससे पहले रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से बताया था कि ईरान और अमेरिका के बीच दुश्मनी खत्म करने का फ्रेमवर्क पाकिस्तान ने तैयार किया है। जिसके बाद पाकिस्तान ने इसे रातों-रात ईरान और अमेरिका के साथ शेयर किया है। जिसमें तुरंत सीजफायर के बाद के कॉम्प्रिहेंसिव एग्रीमेंट के साथ टू-लेयर अप्रोच की आउटलाइन है। यह प्लान सोमवार से लागू हो सकता है, जिसके बाद ईरान होर्मुज को फिर से खोल सकता है। इससे भी पहले रविवार को एक्सियोस न्यूज ने रिपोर्ट किया कि 45 दिन के संभावित सीजफायर को लेकर अमेरिका-ईरान बातचीत कर रहे हैं। जिससे युद्ध हमेशा के लिए खत्म हो सकता है।

# पत्रकारिता के अलग-अलग आयामों में समन्वय आवश्यक : योगी



**गोरखपुर (वार्ता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि पत्रकारिता के अलग.अलग आयामों प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के बीच परस्पर समन्वय होना आवश्यक है। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होने कहा कि यदि किसी एक ही तथ्य को मीडिया के अलग.अलग आयाम भिन्न.भिन्न तरीके और दृष्टिकोण से प्रस्तुत करेंगे तो आमजनमानस के सामने भ्रम की स्थिति होगी। ऐसी स्थिति मीडिया के प्रति जनविश्वास को भी प्रभावित करेगी। इसलिए यह आवश्यक है कि मीडिया के सभी अंग समान मानक, मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप आगे बढ़ें। उन्होने कहा कि आज पत्रकारिता में विभिन्न प्रकार की चुनौतियां हैं। पत्रकारिता में प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के स्वरूप हैं। आज परिवारों में प्रत्येक सदस्य का रूझान मीडिया के अलग अलग रूपों में रहता है। आज पत्रकारिता के सभी रूपों को समग्रता के साथ जोड़ने की आवश्यकता है। प्रिंट मीडिया, विजुअल मीडिया के अपने कुछ मानक हैं, अपनी आचार संहिता है पर सोशल मीडिया को अभी इससे जोड़ना है।योगी ने कहा कि पत्रकारिता को स्वयं को बेलगाम नहीं होने देना है बल्कि पत्रकारिता के मूल्यों व आर्दशों के साथ आगे बढ़ाना है। भारत में 200 वर्ष के पत्रकारिता का मूलभाव राष्ट्र सेवा, समाज सेवा व एक भारत श्रेष्ठ भारत का भाव रहा है। हमें इसी भाव के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मीडिया में एक ऐसा भी वर्ग है जो समाज को गुमराह करके अशांति फैलाने का कार्य करता है। हमें मीडिया के ऐसे रूप से बचने आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि सोशल मीडिया तथा प्रिंट मीडिया में एक ही खबर में भिन्नता होती है तो वह जनमानस को विचलित करती है। यह दुविधा की स्थिति खतरनाक होती है। हमें ऐसी स्थिति नहीं हो ऐसा प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार मूल्यों व आर्दशों पर आधारित पत्रकारिता के साथ सदैव खड़ी है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र संवाद से चलता है। संवाद में आलोचना हो सकती है मगर इस आलोचना को व्यक्तिगत रंजिश नहीं मनाना चाहिए। जब हम एक सूत्र की मनोस्थिति से कार्य करते हैं तो सदैव सार्थक परिणाम सामने आते हैं। पत्रकारिता समाज का आईना होता है। पत्रकारिता जिस दृष्टि से समाज के मुद्दो को प्रस्तुत करता हैए समाज उसी दृष्टि से उसे समझता है। पत्रकारिता को जन विश्वास प्रतीक के रूप में बने रहने के लिए सही और गलत के प्रति एक भाव में रहना चाहिए। पत्रकारिता में किसी भी मुद्दे पर दो भाव नहीं होने चाहिए क्योंकि यह भाव जन विश्वास पर कुठाराघात करता है।

# शरीफ विश्वविद्यालय पर हमला ट्रंप की अज्ञानता का प्रतीक: मोहम्मद रजा आरिफ

नयी दिल्ली, (वार्ता)

ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने तेहरान के शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को निशाना बनाकर किए गए कथित बंकर-बस्टर बम हमले की निंदा करते हुए इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बर्बरता करार दिया है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त श्री आरिफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शरीफ विश्वविद्यालय पर बंकर-बस्टर बम हमला ट्रंप के पागलपन और अज्ञानता का प्रतीक है।

ईरानी उपराष्ट्रपति ने कहा, वह (ट्रंप) यह समझने में विफल रहे हैं कि ईरान का ज्ञान कंक्रीट में नहीं दबा है जिसे बमों से नष्ट किया जा सके, असली किला तो हमारे प्रोफेसरों और लोगों की इच्छाशक्ति है।

श्री आरिफ ने जोर देकर कहा, इतिहास की कोई भी बर्बरता ईरानी लोगों से विज्ञान को छीनने में कभी सक्षम नहीं हुई है। विज्ञान हमारी आत्माओं में रचा-बसा है और यह किला कभी नहीं ढहेगा। गौरतलब है कि सोमवार तड़के हुए इस हमले पर अमेरिका ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। शरीफ विश्वविद्यालय की तुलना अक्सर अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से की जाती है, क्योंकि ईरान में वैज्ञानिक अध्ययन को आगे बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस विश्वविद्यालय से जुड़े कई प्रोफेसरों की पहले भी हत्या की जा चुकी है, जिन पर देश के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े होने के आरोप थे।

# फ्रांस ने बेचा अमेरिका में रखा अपना सोना, 8.1 अरब यूरो का हुआ मुनाफा

**पेरिस, (वार्ता)।** बैंक ऑफ फ्रांस ने कहा है कि उसने न्यूयॉर्क में रखे अपने शेष स्वर्ण भंडार को वापस ले लिया है और उसके स्थान पर पेरिस स्थित अपने भंडार में समान मात्रा का सोना रख लिया है। बैंक के अनुसार यह मात्रा 129 टन है, जो उसके कुल स्वर्ण भंडार का लगभग पांच प्रतिशत है। फ्रांस लंबे समय से अपने कुछ स्वर्ण भंडार को फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क में रखता आया था। फ्रांस ने 1960 के दशक में ही अपने स्वर्ण भंडार को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, जब ब्रेटन वुड्स सिस्टम के अंत की ओर परिस्थितियां बनीं। इसके बावजूद न्यूयॉर्क में थोड़ी मात्रा में सोना अब तक रखा हुआ था। पिछले दो दशकों में बैंक पुराने या गैर-मानक स्वर्ण भंडार को आधुनिक अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बार से बदल रहा है। फ्रांस ने 2024 की आंतरिक समीक्षा के बाद जुलाई 2025 से जनवरी 2026 के बीच अमेरिका में रखे सोने को बदलने की प्रक्रिया पूरी की।

# सफ़ाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता : रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली, (वार्ता)



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि सफाई कर्मचारी शहर को साफ और व्यवस्थित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए उनके हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है। श्रीमती गुप्ता ने मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारी यूनियन की कोर कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। इस संवाद में अलग-अलग यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल हुए और उन्होंने अपने मुद्दे, सुझाव और जमीनी स्तर पर आने वाली दिक्कतों को खुलकर सामने रखा। संवाद के दौरान सफाई कर्मचारियों की भर्ती और नियमितीकरण का मुद्दा प्रमुख रहा। इसके अलावा कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा की कमी, वेतन से जुड़ी समस्याएं और सेवा से संबंधित अन्य परेशानियों पर भी बात की।उन्होंने भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर को साफ और व्यवस्थित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए उनके हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है।

# पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता सरकार की 'विदाई का बैंड बाजा' बजाया: नकवी

रामपुर (वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को यहां कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता सरकार की बिदाई का बैंड बाजा बजा दिया है, यही कारण है कि उनका मां,माटी, मानुष का झांसा मांस, माछी, मुसलमान के झोल में बदल गया है।

श्री नकवी ने आज रामपुर में भाजपा स्थापना दिवस पर कहा कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार अपने कार्यकाल में मां की सुरक्षा, मानुष का सशक्तिकरण और माटी के सम्मान में फेल होने के बाद अब मांस, माछी और मुसलमान को अपने कुशासन का कवच बनाने में लगी है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने उनके कुशासन की 'री इंट्री पर नो इंट्री' का बोर्ड लगा दिया है, इस बार तृणमूल कांग्रेस के जंगल राज के सफाए के साथ भाजपा के मंगल राज की स्थापना होगी।

श्री नकवी ने ओवैसी एंड कम्पनी पर बिना नाम लिए कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग हर चुनाव में सेक्युलर शेरवानी, कम्युनल कारस्तानी के साथ मुसलमानों का जिल्लेईलाही बनने की कोशिश करते रहते हैं। इनकी सोच मुसलमानों में भाजपा के प्रति असहिष्णुता, अस्पृश्यता का साम्प्रदायिक संक्रमण फैला कर उनका सियासी शोषण की होती है। मुसलमानों को प्रगति की मुख्य धारा से काटने की अपराधिक साज़िश से सावधान और साम्प्रदायिक छल को समझदारी के बल से छूमंतर करना होगा।



भाजपा नेता ने केरल में कांग्रेस और कम्युनिस्टों में चल रही उठा-पटक और सिर-फुटव्वल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली में एक दूसरे को गला लगाने वाले केरल में एक दूसरे का गला दबाने में जुटे हैं। केरल में कांग्रेस-कम्युनिस्ट का कम्युनल चैंपियन बनने की प्रतिस्पर्धा इनके खोखले सैद्धांतिक गुब्बारे और सत्तालोलुप सियासत की हवा निकाल रही है।

श्री नकवी ने वर्तमान वैश्विक संकट पर कहा कि दुनिया गवाह है कि मुल्कों की अस्थाई जंग ने मानवता को स्थाई जख़्म दिया है, आज के वैज्ञानिक युग में विश्व युद्ध का विचार ही सम्पूर्ण मानव सृष्टि के विनाश को आमंत्रण है। जंग के जख़्म पर अमन का मरहम मानवता की हिफाज़त कर सकता है। उन्होंने कहा कि बारूदी ढेर पर बैठे वर्तमान वैश्विक संकट के दौर में भारत समझदारी, संवेदनशीलता, संवाद, समन्वय से खुद को संकट से सुरक्षित रखने के सार्थक प्रयास कर रहा है।

श्री नकवी ने कहा कि आज विश्व को विस्तारवाद %विस्तारवादी सनक, विकासवादी सोच की दुश्मन है%, युद्ध में जहां कोई भी देश अपने संसाधनों को दूसरों के विनाश में बर्बाद करता है, शान्ति में अपने संसाधनों का देश के विकास में इस्तेमाल करता है। युद्ध विनाश और शान्ति विकास का रास्ता है।

श्री नकवी ने कहा कि की नहीं बल्कि विकासवाद की ज़रूरत है, किसी भी युद्ध की विभीषिका का मनोवैज्ञानिक जख़्म पीढियों तक ताज़ा रहता है, हिरोशिमा, नागासाकी इसका ज्वलंत उदाहरण है। आज दुनिया को आर्थिक असमानता, अशिक्षा, बेरोजगारी, आतंकवाद, असहिष्णुता, अराजकता के खिलाफ विश्व युद्ध की जरूरत है, यही वैश्विक संकट के अन्त और स्थायित्व की गारण्टी है। कोई भी युद्ध समस्या का समाधान नहीं बल्कि खुद एक समस्या है। श्री नकवी ने कहा कि भारत अपनी सम्प्रभुता, सुरक्षा-सम्मान को सर्वोपरी रख वैश्विक संकट के सार्थक समाधान की सोंच के साथ संकट के सागर से अमन का अमृत निकलने के पक्ष में है। बुद्ध की धरती युद्ध के धमाकों को मानवता के वसूल और मुल्कों के वजूद का शत्रु मानती है।

श्री नकवी ने कुछ कविता और शेर के जरिए वैश्विक संकट पर संदेश दिया ।

वो ज़ब्र भी देखा है तारीख़ की नज़रों ने।
लम्हों ने खता की थी सदियों ने सजा पाई।।
जंग में क़त्ल सिपाही होंगे।
सुरखुरू ज़िल्ले ईलाही होंगे।।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन




# अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की फिल्म भूत बंगला का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और फिल्मकार प्रियदर्शन की आने वाली फिल्म भूत बंगला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। चार्ट-बस्टर गाने, दिलचस्प पोस्टर और एक प्रॉमिसिंग टीज़र दिखाने के बाद, मेकर्स ने भूत बंगला का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है।अक्षय कुमार, परेश रावल और राजपाल यादव की गोल्डन तिकड़ी के साथ असरानी के कॉमेडी के तड़के ने इस ट्रेलर से सबका दिल जीत लिया है और खूब हंसाया भी है। भूत बंगला 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जो 14 साल बाद बॉलीवुड की आइकॉनिक एक्टर-डायरेक्टर जोड़ी, अक्षय कुमार और प्रियदर्शन को वापस ला रही है। केप ऑफ गुड फिल्म्स के सहयोग से बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड की एक डिवीजन, बालाजी मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भूत बंगला, में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव, जीशु सेनगुप्ता और मिथिला पालकर नज़र आएंगे। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित और अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर द्वारा प्रोड्यूस की गई इस फिल्म के एडवांस पेड प्रिव्यूज 16 अप्रैल 2026 की रात नौ बजे से सिनेमाघरों में शुरू होंगे।

# अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनायी थी सुचित्रा सेन ने

भारतीय सिनेमा जगत में सुचित्रा सेन को एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने बंगला फिल्मों में उल्लेखनीय योगदान करने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशेष पहचान बनायी। सुचित्रा सेन .मूल नाम रोमा दासगुप्ता. का जन्म छह अप्रैल 1931 को पवना .अब बंगलादेश. में हुआ। उनके पिता करुणोमय दासगुप्ता हेड मास्टर थे। वह अपने माता-पिता की पांच संतानों में तीसरी संतान थी। सुचित्रा सेन ने प्रारंभिक शिक्षा पवना से हासिल की। वर्ष 1947 में उनका विवाह बंगाल के जाने-माने उद्योगपति अदिनाथ सेन के पुत्र दीबानाथ सेन से हुआ।वर्ष 1952 में सुचित्रा सेन बतौर अभिनेत्री बनने के लिये फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा और बंगला फिल्म ..शेष कोथाय ..में काम किया। फिल्म हालांकि प्रदर्शित नहीं हो सकी। वर्ष 1952 में प्रदर्शित बंगला फिल्म ..सारे चतुर ..अभिनेत्री के रूप में उनकी पहली फिल्म थी। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता उत्तम कुमार के साथ पहली बार काम किया।निर्मल डे निर्देशित हास्य से भरपूर इस फिल्म में दोनों कलाकारों ने दर्शकों को हंसाते-हंसाते लोटपोट कर दिया और फिल्म को सुपरहिट बना दिया।इसके बाद इस जोड़ी ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया। इनमें वर्ष हरानो सुर और सप्तोपदी खास तौर पर उल्लेखनीय है।वर्ष 1957 में अजय कार के निर्देशन में बनी फिल्म ..हरानो सुर ..वर्ष 1942 में प्रदर्शित अंग्रेजी फिल्म ..रैंडम हारवेस्ट ..की कहानी पर आधारित थी। वर्ष 1961 में सुचित्रा-उत्तम कुमार की जोड़ी वाली एक और सुपरहिट फिल्म .सप्तोपदी ..प्रदर्शित हुयी। द्वितीय विश्व युद्ध के कुपरिणामों की पृष्ठभूमि पर आधारित इस प्रेम कथा फिल्म में सुचित्रा सेन के अभिनय को जबरदस्त सराहना मिली। इसका अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि आज भी बंगला फिल्मों की अभिनेत्रियां इस फिल्म में उनकी भूमिका को अपना ड्रीम रोल मानती है। वर्ष 1955 में सुचित्रा सेन ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में भी कदम रख दिया। उन्हें शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के मशहूर बंगला उपन्यास.देवदास.पर बनी फिल्म में काम करने का अवसर मिला। विमल राय के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उन्हें अभिनय सम्राट दिलीप कुमार के साथ काम करने का अवसर मिला। फिल्म में उन्होंने .पारो. के अपने किरदार से दर्शको का दिल जीत लिया। वर्ष 1963 में ही सुचित्रा सेन की एक और सुपरहिट फिल्म ..सात पाके बांधा ..प्रदर्शित हुयी.जिसमें उन्होंने एक ऐसी युवती का किरदार निभाया, जो विवाह के बाद भी अपनी मां के प्रभाव में रहती है। इस कारण उसके वैवाहिक जीवन में दरार आ जाती है। बाद में जब उसे अपनी गलती का अहसास होता है .तब तक बहुत देर हो चुकी होती है और उसका पति उसे छोड़कर विदेश चला जाता है।इस संजीदा किरदार से सुचित्रा सेन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्हें इस फिल्म के लिए मास्को फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ फिल्म अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह फिल्म इंडस्ट्री के इतिहास में पहला मौका था, जब किसी भारतीय अभिनेत्री को विदेश में पुरस्कार मिला था। बाद में इसी कहानी पर 1974 में कोरा कागज फिल्म का निर्माण किया गया ,जिसमें सुचित्रा सेन की भूमिका को जया भादुड़ी ने रुपहले पर्दे पर साकार किया। वर्ष 1975 में सुचित्रा सेन की एक और सुपरहिट फिल्म ..आंधी.. प्रदर्शित हुयी। गुलजार निर्देशित इस फिल्म में उन्हें अभिनेता संजीव कुमार के साथ काम करने का अवसर मिला। इसमें उन्होंने एक ऐसे राजनेता की भूमिका निभाई,जो अपने पिता के प्रभाव में राजनीति में कुछ इस कदर रम गयी कि अपने पति से अलग रहने लगी। ..आंधी.. कुछ दिनों के लिये प्रतिबंधित भी कर दी गयी। बाद में जब यह प्रदर्शित हुयी तो इसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता अर्जित की। इस फिल्म के लगभग सभी गीत उन दिनों काफी मशहूर हुये थे। इन गीतों में ..तेरे बिना जिंदगी से शिकवा तो नही .. तुम आ गये हो नूर आ गया है सदाबहार गीतों की रंणी में आते हैं। सुचित्रा सेन के अंतिम बार वर्ष 1978 में प्रदर्शित बंगला फिल्म.. प्रणोय पाश .में अभिनय किया। इसके बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से संन्यास ले लिया और राम कृष्ण मिशन की सदस्य बन गयीं तथा सामाजिक कार्य करने लगी। वर्ष 1972 में सुचित्रा सेन को पदमश्री पुरस्कार दिया गया।अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के बीच खास पहचान बनाने वाली सुचित्रा सेन 17 जनवरी 2014 को इस दुनिया को अलविदा कह गयी।



# राणाबाली की टीम ने खास वीडियो के साथ रश्मिका मंदाना पर लुटाया प्यार



रश्मिका मंदाना के जन्मदिन के मौके पर फिल्म राणाबाली के मेकर्स ने एक खास वीडियो शेयर किया है और उन्हें एक प्यारा सा मैसेज दिया है। यह वीडियो रश्मिका के किरदार जायम्मा के बनने के पीछे की कुछ झलकियां दिखाता है।वीडियो में साफ़ दिखता है कि इस ऐतिहासिक किरदार को निभाने के लिए उन्होंने कितनी मेहनत और लगन दिखाई है, चाहे वो उनका लुक हो या किरदार की इमोशनल गहराई। विजुअल्स को देखकर पता चलता है कि उन्होंने इस परफॉरमेंस में अपना दिल और जान लगा दी है। यह फिल्म उनके रियल-लाइफ पार्टनर विजय के साथ उनकी वापसी भी है, जिनसे उन्होंने हाल ही में शादी की है। मेकर्स ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, उस इंसान के लिए जो अपनी चमक और प्यारी मुस्कान से दुनिया में रंग भर देती है हमारी जायम्मा उर्फ रश्मिका मंदाना को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएँ। फिल्म राणाबाली एक हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म है जो भारत के अतीत की कुछ अनसुनी सच्ची घटनाओं को पर्दे पर उतारती है। इसमें विजय देवरकोंडा औपनिवेशिक भारत (ब्रिटिश राज) के बैकड्रॉप पर एक खूंखार योद्धा के रूप में नजर आएंगे, जबकि रश्मिका उनकी पत्नी जायम्मा का किरदार निभा रही हैं। राहुल संकृत्यान द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज के सहयोग से माइथ्री मूवी मेकर्स के वाई. रवि शंकर और नवीन येरनेनी द्वारा प्रोड्यूस की गई रणबाली में रश्मिका मंदाना फीमेल लीड के तौर पर नज़र आएंगी। यह फिल्म विजय देवरकोंडा के साथ उनकी वापसी है, जो पर्दे पर एक दमदार जोड़ी होने का वादा करती है। फिल्म में कलाकारों की एक मजबूत फौज है, जिसमें इंटरनेशनल एक्टर अर्नोल्ड वोस्लू भी शामिल हैं, जो इसे ग्लोबल लेवल पर और भी खास बनाते हैं।

# किसानों के प्रति सरकार का रवैया उदासीन और लापरवाहीपूर्ण, किसान संघ का आरोप

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** खेत खलियान किसानों की समस्याओं के निदान करने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा।किसान संघ ने ज्ञापन में बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर किसानों में रोष व्याप्त है। सरकार किसानों आय दो गुना से आठ गुना तक बढ़ाने की बात कर रही कृषि कल्याण वर्ष मना रही है। सहकारी बैंकों द्वारा 0 प्रतिशत व्याज पर सेवा सहकारी संस्था की ड्यू डेट 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाए जाने पर किसानों को साल भर का 7 प्रतिशत ब्याज एवं 14 प्रतिशत दंड लग गया इससे किसानों पर आर्थिक बोझ आ




गया। क्यों कि सरकार ने गेहूँ खरीदी की तारीब 10 अप्रैल कर दी और सोसायटी के पैसे जमा करने की तिथि 28 मार्च ऐसे में किसान पेसे कहा से जमा करेंगे ऐसे में करीब 60 प्रतिशत किसान डिफॉल्टर हो गए हैं पिछले वर्ष के डिफाल्टर किसार्नी को सरकार द्वारा ब्याज की राशि वापस करने का वादा किया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। नरसिंहपुर जिले की सभी शुगर मिलो पर किसानो का करोड़ो रूपया का भुगतान बकाया है।

जिला प्रशासन को के मध्य से बार बार अवगत कराने के बाद भी गन्ना किसानो का भुगतान ल होने के कारण अपने पुत्र पुत्रियों के विवाह जैसे अनेको पारिवारिक दायित्व की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। सभी किसानो का गन्ना अधिनियम अनुसार एक मुश्त व्याज सहित भुगतान कराया जाये।

गेहूँ के खापे पराली जलाने पर किसानों पर एफ आई आर करना ब गलत है ।अन्न दाता को जेल भेजना एवं अर्थदंड लगना ठीक नहीं है।किसानों के देशद्रोही जेसा व्यहवार किया जा रहा है जो इस देश को अन्न उत्पादन कर देता है । इस बार किसानों ने मेहनत से मध्य प्रदेश में गेहूँ का बंपर उत्पादन हुआ है सरकार को 11 क्विंटल प्रति विघा के हिसाब से गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य पर करना चाहिए। शासन प्रशासन को जानकारी है कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी प्रतिवर्ष होती है तब भी बारदान की व्यवस्था नहीं होना शासन की अक्षमता तथा घोर लापरवाही है ।जिसका दण्ड किसानों को भुगतना पड़ रहा है जिम्मेदारों को चिन्हित करके कार्यवाही होना चाहिए। ग्रीष्म कालीन मूंग खरीदी का पंजीयन सरकार शीघ्र शुरू करे।

# एल.एल. सोनी बने अध्यक्ष



नरसिंहपुर।स्वतंत्रमत।

सुविजिता होटल में जिला समिति नरसिंहपुर का अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम इंजीनियर उमेश दुबे प्रांताध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य, इंजीनियर एस आर बिलथरिया ,इंजीनियर अशोक दुबे ,इंजीनियर डी के गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य एवं इंजीनियर आर पी चौबे क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर की अध्यक्षता में अधिवेशन सम्पन्न हुआ। यू के गौतम पूर्व उप प्रांताध्यक्ष, निर्वाचन अधिकारी एवं सी एस दवे प्रांतीय सचिव, सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा सुव्यवस्थित रूप से निर्वाचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । निर्वाचन मेंएल एल सोनी अध्यक्ष, एन के तिवारी सचिव एव ए डी शर्मा जी कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुये। आर एस शुक्ला , डी के साहू क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष, सुरेश खरे , जिला अध्यक्ष जबलपुर, सतीश राय जिला सचिव जबलपुर, एल के डहेरिया ,मनीष बाजपेई , के सी कोरी , पेंशनर्स संघ के एस के चतुर्वेदी एवं नरसिंहपुर जिला समिति के सभी सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति में अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम धूमधाम से सानंद सम्पन्न हुआ।

# जिला कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया

## भाजपा के शासन में गुंडों व बदमाशों को संरक्षण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियो ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के साथ समक्ष विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने बताया कि जिले में भाजपा नेताओं के संरक्षण में अवैध कार्य चल रहे हैं और गुंडा बदमाशों को संरक्षण मिला है। आज हमने भाजपा नेता पवन पटेल से मारपीट के मामले में विरोध प्रदर्शन किया है आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता पटेल सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचीं और धरने पर बैठ गईं। सुनीता पटेल ने शनिवार को एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस से संतोषजनक जवाब न मिलने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया। धरने के दौरान सुनीता पटेल ने आरोप लगाया कि पवन पटेल को बुरी तरह पीटा गया, लेकिन अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने प्रेस नोट जारी किया, पर उनके पत्र का कोई जवाब नहीं दिया। श्रीमती पटेल ने क्षेत्र में अवैध उत्खनन और डंपरों की आवाजाही को भी गंभीर समस्या बताया। उन्होंने कहा कि गाडरवारा सहित जिले में लगातार हादसे हो रहे हैं, जैसे हाल ही में गांधी गांव में एक ट्रक घर में घुस गया, जिससे एक युवक की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वह दिसंबर में भी पत्र लिखकर डंपरों के संचालन का समय निर्धारित करने की मांग कर चुकी हैं। साथ ही कहा कि भाजपा नेता अवैध कारोबार को संरक्षण देते हैं। पुलिस पर भी कई गंभीर आरोप लगाए। इस मौके पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, वरिष्ठ नेता दीवान शैलेंद्र सिंह, लाखन सिंह पटेल, जिनेश जैन, संतोष पटेल, धनीराम पटेल, रोहित पटेल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने मामले पर जानकारी दी।

# उत्साह के साथ मनाया गया भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस

## कार्यकर्ताओं का आचरण व्यवहार व नीति भाजपा के सिद्धांतों के अनुरूप हो : रामस्नेही पाठक

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी ही धूम धाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस यह कार्यक्रम जिले की चारों विधानसभाओं के 22 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर बूथ कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का ध्वज फहराकर मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा जिलाध्यक्ष पं.रामस्नेही पाठक द्वारा भाजपा का ध्वज फहराकर भाजपा के पितृ पुरूष पं.दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात् आयोजित कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष पं.रामस्नेही पाठक की



अध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के विशिष्ट आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष पं.नीरज महाराज, जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा, राहुल कौरव, जिला कार्यालय मंत्री सुदर्शन वैद्य की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में पार्टी के जिले के संस्थापक सदस्य वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी जी का मंचस्थ अतिथियों ने सॉल श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मान किया। तत्पश्चात् आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा देखा एवं सुना गया।उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि आज के ही दिन 1980 में पं.अटल बिहारी बाजपेयी व अन्य भाजपा नेताओं द्वारा मुम्बई अधिवेशन में पार्टी की स्थापना की गई थी उस समय बोया गया विचारधारा की बीज आज विशाल वट वृक्ष के रूप में स्थापित हो गया है। यह सब कार्यकर्ताओं के द्वारा पार्टी हित में किए गये कार्य का ही परिणाम है आज देश के साथ ही अधिकतम राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं जो यह बतलाता है कि भाजपा जनता की भावनाओं के अनुरूप कार्य करने के साथ ही अपनी वैचारिकता को घर घर पहुंचा रही है। आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। जहां लाखों नही करोड़ों कार्यकर्ता देश हित में कार्य कर रहे हैं। लगातार सरकार में रहने के कारण हमारी समाज के प्रति जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं अतः सभी कार्यकर्ताओं को यह प्रण लेना चहिए कि हमारा आचरण, व्यवहार व नीति भाजपा के सिद्धांतों के अनुरूप हो ।पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस दल में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष दिन है क्योंकि आज भाजपा 47 वर्ष पूर्ण कर 48 वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है। भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनैतिक दल है जो भारत की आत्मा व भारतीयों की मंशा के अनुरूप राजनैतिक क्षेत्र में कार्य कर देश की सेवा कर रही है। एक ओर भाजपा है जो राष्ट के लिए कार्य कर रही है।

वहीं दूसरी ओर बाकी दल हैं जो केवल और केवल अपने परिवारों के लिए कार्य कर रहें हैं हमारा ध्येय वाक्य है व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश, इस ध्येय वाक्य को भाजपा की स्थापना से लेकर आज दिनांक तक के समस्त नेताओं ने अपनी रीति नीति से इसे चरितार्थ किया है। कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का ही परिणाम है जो भारतीय जनता पार्टी इस मुकाम पर पहुंची है वर्तमान समय में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी व राज्य के मुखिया मोहन जी ने अंत्योदय की विचाराधारा को लेकर शासन की नीतियां बनाई हैं जिससे हर नागरिक लाभान्वित हो रहा है।नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं व उनके परिवारों के परिश्रम का ही परिणाम है जो आज पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक भाजपा का कार्यकर्ता पद पर आसीन है यहां हर व्यक्ति पहले कार्यकर्ता है उसके बाद नेता, विधायक, सांसद है। आज वैचारिक मजबूती के कारण ही भाजपा इस वृहद रूप में स्थापित है वहीं अन्य दल व्यक्तिवादिता के कारण पतन की ओर है। उन्होनें स्थापना दिवस की समस्त कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राहुल कौरव व आभार नरसिंहपुर नगर अध्यक्ष अंशुल नेमा ने किया इस अवसर पर जिला पदाधिकारी गण, मंडल पदाधिकारी, पार्षद गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना पलोहा क्षेत्र में पवन पटेल पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

02.04.2026 की रात्रि लगभग 12ः30 बजे दिव्या वेयर हाउस के पास कच्चा मार्ग, गाडरवारा रोड पलोहा पर फरियादी पवन पटेल के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट एवं प्राणघातक हमला किया गया। घटना के संबंध में फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पलोहा में अपराध क्र. 36/26 धारा 296-बी, 115(2), 351(3), 3(5), 109(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया फरियादी के अनुसार घटना के समय एक सफेद बोलेरो वाहन से चार अज्ञात व्यक्ति, जो चेहरे पर नकाब पहने हुए थे, उतरे। इनमें से दो व्यक्तियों ने फरियादी को पकड़ लिया तथा अन्य दो व्यक्तियों द्वारा डंडों से उसके पैरों (घुटनों के नीचे) पर हमला कर



गंभीर चोटें पहुंचाई गईं। अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु विशेष टीम का गठन - घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री ऋषिकेश मीना के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तेंदूखेड़ा श्री अभिनव मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया एवं आरोपियों की तत्काल पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे।धटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी गिरफ्त में - प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, चेक किए गए साथ की अन्य तकनीकी माध्यमों से जानकारी एकत्रित की गयी एवं मुखबिर के माध्यम से जानकारियों को एकत्रित कर सूचना के आधार पर संदेहियों की पहचान की गई। संदेही आशीष सिंह उर्फ रूद्रप्रताप सिंह चौहान एवं सोनू सिकरवार को अभिरक्षा में लेकर गहनता से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया। पूर्व विवाद के चलते रंजिशवश घटना को दिया गया अंजाम- पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रूद्रप्रताप सिंह चौहान का फरियादी पवन पटेल के साथ विगत 15 दिनों से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते आरोपी रूद्रप्रताप एवं सोनू सिकरवार द्वारा अपने अन्य साथियों के माध्यम से फरियादी का पीछा कराकर उस पर हमला कराया जाना बताया गया है। पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी रूद्रप्रताप सिंह चौहान पिता जंगबहादुर सिंह उम्र 36 निवासी कराईच, अम्बाह, मुरैना एवं सोनू सिकरवार उम्र 29 साल, पिता गंगासिंह निवासी दनकशा, आगरा उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

अज्ञात आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा, किशोर वामनकर, थाना प्रभारी पलोहा बी.एल. त्यागी, चौकी प्रभारी सीहोरा उनि विजय पाल, सउनि शशांक दुबे, सउनि राकेश दीक्षित, प्रधान आरक्षक संजय शाह, आरक्षक वहादुर, आरक्षक नारायण मराबी, आरक्षक गौरीशंकर लोधी की मुख्य भूमिका रही है।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों डीजे को नियंत्रित करने की मांग

## अनेक संगठनों के साथ जागरूक नागरिकों ने ज्ञापन सौंपा

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** ध्वनि प्रदूषण के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के पालन एवं मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के परिपालन में ध्वनि विस्तारक यंत्रों डीजे के नियंत्रित करने की मांग को लेकर अनेक संगठनों के साथ जागरूक नागरिकों ने कलेक्टर के नाम एसडीम को सोमवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यह कि 5 अप्रैल को नरसिंह मंदिर प्रागण में शहर और जिले के प्रवुद्ध नागरिकों जिसमें समस्त सामाजिक, व्यवसायिक, धार्मिक, राजनैतिक दलों एवं संगठनों के पदाधिकारीगण एवं प्रतिनिधियों की बैठक में एकमत होकर निर्णय लिया है कि ध्वनि प्रदूषण के संबंध में डीजे जैसे यंत्रों का उपयोग सामाजिक बुराई के रूप में सामने आया है जिससे उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण से मानव स्वास्थय पर दुष्प्रभाव पड रहा है। ध्वनि प्रदूषण के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न आदेश पारित किए गए है एवं मध्यप्रदेश में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम पूर्व से ही लागू है एवं मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा भी पूर्व में दिशा निर्देश जारी किए गए है जिसका पालन प्रशासन द्वारा नही कराया जा रहा है जिसका शक्ति से पालन कराया जाना आवश्यक है। आदेशों के तहत् रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्णतः प्रतिबंध किया जाना आवश्यक है विगत दिनों एक धार्मिक जुलूस के दौरान अत्यधिक तेज ध्वनि से डीजे बजाने के कारण एक पूर्व पार्षद पटेल वार्ड सूरज साहू की ह्रदय गति रूक जाने के कारण मृत्यु हो गयी है डी जे संचालक प्रतिस्पर्धा के चलते अत्यधिक तेज गति से डी जे बजाते हैं जिससे राहगीरों आमजनता के स्वास्थ पर दुष्प्रभाव पड रहा है। तय सीमा से अधिक तीव्र डीजे जैसे ध्वनि विस्ताकर यंत्रों की आवाज को नियंत्रित गति से बजाना सुनिश्चित किया जायें धामिक, राजनैजिक, सामाजिक कार्यों में ध्वनि विस्ताकर यंत्रों का उपयोग करने वालों से नियमों के पालन के लिए लिखित सहमति ली जायें।



# गाडरवारा एवं साईखेड़ा को 50-50 लाख की सौगात

## क्षेत्र के विकास के आयाम रच रहे उदय प्रताप सिंह

**गाडरवारा।** विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत चहुंओर विकास की बयार है। देखने में आ रहा है कि पूर्व में गाडरवारा क्षेत्र जिस तरह भाई भतीजावाद, अवैध कब्जा और मनमानी के हवाले था, उसके इतर वर्तमान में गाडरवारा सर्वोन्मुखी विकास के लिए पहचाना जाने लगा है। सत्ता को लाठी के जोर पर चलाने वालों में इसे लेकर झुंझलाहट भी है, जो दिख भी रही है।

**सेवा, सुचिता की राजनीति**- सेवा, सुचिता और शालीनता के साथ विकासपरक राजनीति को आगे रखकर जनता के हितों को सर्वोपरि मानते हुए क्षेत्र के विधायक और मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के नित नूतन विकास के आयाम में एक और कड़ी जुड़ते हुए नगर पालिका परिषद गाडरवाड़ा एवं नगर परिषद साईंखेड़ा को विकास की नई सौगात से नवाजा गया है।

**होंगे अधोसंरचना विकास कार्य**-नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्य प्रदेश द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों में विशेष अधोसंरचना विकास कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष निधि मद अंतर्गत नगर पालिका गाडरवारा के अंतर्गत राजीव वार्ड में नाला निर्माण हेतु 50 लाख रुपए एवं नगर परिषद साइखेड़ा में विविध अधोसंरचना विकास कार्यों हेतु 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

**राव ने जताया आभार**- विधानसभा क्षेत्र के दो निकायों को योजना में सम्मिलित किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी एवं नगरीय विकास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्री राव ने क्षेत्रीयजनों को शुभकामनाएं दी हैं।

# संयुक्त मोर्चा गाडरवारा की बैठक संपन्न

## शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में लामबंद हुए शिक्षक

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में प्रांत स्तर पर गठित संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर रविवार को स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा में तहसील के सभी अध्यापक शिक्षक संघों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न संगठनों ने एक सुर में शासन के निर्णय के प्रति अपनी असहमति दर्ज कराई और आगामी रणनीति पर चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष नगेन्द्र त्रिपाठी ने की। बैठक में मुख्य रूप से राज्य शिक्षक संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, आजाद अध्यापक संघ और पीएमयूएम संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की।

**शिक्षकों के सम्मान पर चोट**-बैठक को संबोधित करते हुए नगेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा की



अनिवार्यता शिक्षकों के सम्मान पर सीधी चोट है। उन्होंने जानकारी दी कि इस नियम के विरोध में संगठन जहां एक ओर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका प्रस्तुत कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार पर शिक्षकों के हित में निर्णय लेने हेतु दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने सभी शिक्षक साथियों से एकमत होकर एक मंच पर खड़े होने का आह्वान किया।

### संघर्ष और एकता पर जोर

प्रांतीय शिक्षक संघ के विजेंद्र कौरव ने संगठन की शक्ति और संघर्ष में सक्रिय उपस्थिति को आवश्यक बताया। मनीष शंकर तिवारी ने प्रांतीय संयुक्त बैठक के विवरण के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। राघवेंद्र गुप्ता ने वर्ष 1995 से आज तक अध्यापकों द्वारा किए गए अनवरत संघर्ष की स्मृतियां साझा कीं।

वरिष्ठ शिक्षक वेणी शंकर पटेल ने कहा कि पिछले वर्षों के अनुभव बताते हैं कि एक अच्छा नेतृत्व हमेशा संघर्ष को सम्मान देता है। दौलत सिंह पटेल ने पात्रता परीक्षा के तकनीकी पक्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें 1998 और 2025 के अंतर को समझने की आवश्यकता है, बिना संघर्ष के कुछ भी सरल नहीं होगा। श्रीमती प्रतिभा मौर्य ने तर्क दिया कि यदि न्यायालय विद्यार्थियों के हित में पात्रता परीक्षा को अनिवार्य मानता है, तो उसे शिक्षकों के हितों की रक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिए, राजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हम सभी को मोबाइल के प्रत्येक प्लेटफॉर्म से अपनी पीडा को रखनी चाहिए, शिक्षक रामावतार पटैल,दीपक गुप्ता ने संयुक्त मोर्चा के साथ कंधे से कंधा मिलकर संघर्ष में साथ देने की बात कही।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम की अपील

सुरेंद्र पटेल ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का कुशल संचालन देवेंद्र बसेड़िया द्वारा एवं आभार राजू ठाकुर द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में आगामी आन्दोलन को लेकर संकुल स्तर पर सभी शिक्षक साथियों से चर्चा करने को कहा गया, इस अवसर पर योगेंद्र झरिया,लक्ष्मीकांत कौरव, पंकज स्थापक,के के दुबे, राघवेन्द्र चौधरी, तुलसीकांत श्रीवास्तव, शैलेंद्र यादव,महेन्द्र पटैल,राममनोहर चडार, कमलेश पटैल, अखलेश शर्मा, सचिन मिर्धा, रामकृष्ण अहिरवार, रीता राज, मालती शर्मा, प्रीति विश्वकर्मा, मंजुलता मेहरा, विद्या शर्मा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

उपस्थित शिक्षकों ने आगामी जिला स्तरीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# मेरा बस इतना कहना है साथी पत्रकारों से हम लोहे को काट रहे हैं कागज की तलवारों से

## पत्रकार मिलन समारोह में कलेक्टर, एसपी, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री व प्रियदर्शन गौर की गरिमामयी मौजूदगी में बिखरी खुशियां

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिला पत्रकार संघ द्वारा परस्पर पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन 4 अप्रैल शनिवार को होटल उर्वशी में आयोजित किया गया। पत्रकारों ने पत्रकारिता जगत में वर्तमान कठिन चुनौतियों पर विचार मंथन कर संबोधित किया। कार्यक्रम में पत्रकारों की समन्वयता से अपार उत्साह झलक रहा था। नगर के गणमान्य वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी में कार्यक्रम पूरी गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ। पत्रकार मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं जिला पत्रकार संघ के संस्थापक कृष्णकांत अग्निहोत्री (भोला बाबू) की उपस्थिति रही जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर आशीष तिवारी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वरिष्ठ पत्रकार प्रियदर्शन गौर, यशभारत डॉट काम के संपादक आशुतोष शुक्ला, स्वतंत्र पत्रकार एवं अधिवक्ता अश्वनी बड़गैया व जनसंपर्क अधिकारी मनोज श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा व भवानी तिवारी ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष विवेक शुक्ला, महासचिव गिरीश श्रीवास्तव, प्रवक्ता भवानी तिवारी, संगठन मंत्री द्वय रोहित सेन, अंकुश रजक ने मंचासीन अतिथियों का तिलक वंदन करते हुए पुष्पहारों से स्वागत किया। इसके उपरांत समस्त पत्रकार साथियों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर गले मिलकर शुभकामनाएं प्रदान की।



### 1970 में जिला पत्रकार संघ का गठन, पूर्व मंत्री स्व सत्येन्द्र पाठक संरक्षक रहे

जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष पं विवेक शुक्ला ने स्वागत उदबोधन में जिला पत्रकार संघ के संबंध में अतिथिगणों को अवगत कराया कि 1970 में पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए जिला पत्रकार संघ का गठन किया गया था। जिला पत्रकार संघ में संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री कर्मयोगी स्व सत्येन्द्र पाठक रहे और वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री भोला बाबू अध्यक्ष बने। उस समय अखबार गिनती के हुआ करते थे, अखबार प्रकाशित करने दिन रात कठिन परिश्रम होता था, पत्रकारों की भूमिका समाज और शहर में बुद्धिजीवी और प्रतिष्ठित श्रेष्ठ नागरिक की होती थी। जिला पत्रकार संघ का परिवार बढता चला गया और आज मुझे दायित्व सौपा गया। उस समय संघ के संरक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री कर्मयोगी स्व सत्येन्द्र पाठक थे तो मेरे कार्यकाल में उनके सुपुत्र पूर्वमंत्री विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक है और उनका पत्रकारों तथा जिला पत्रकार संघ को सदैव अतुलनीय योगदान रहता है। आज पत्रकार कठिन चुनौतियों का सामना कर रहा है किसी का एक शेर याद आता है- 'मेरा बस इतना कहना है साथी पत्रकारों से' 'हम लोहे को काट रहे हैं कागज की तलवारों से' हमारे सामने लोहे को कागज की तलवार से काटने सामान चुनौती बनी हुई है शुक्ला ने समस्त पत्रकारों का आत्मीय से स्वागत किया।

पत्रकारिता दुर्भावनापूर्ण न है निष्पक्ष-निर्भीक के तथ्यात्मक हो- प्रियदर्शन गौर

कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ पार्षद प्रियदर्शन गौर ने कहा कि पत्रकारिता का क्षेत्र व्यापक ता के उस पायदान पर खडा है जहाँ पत्रकारिता एक चुनौतीपूर्ण पेशा बन गयी है, सोशल मीडिया के युग ने पत्रकारिता को अधिक पप्रभावी और तेज तो किया है लेकिन पत्रकारिता निष्पक्ष निर्भीक के साथ तथ्यात्मक होना चाहिये दुर्भावनापूर्ण पत्रकारिता धहीं होना चाहिये। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अश्वनि बडगैया ने कहा पत्रकारों को पत्रकारिता जगत में संस्थाओं से कभी पत्रकारिता करने की स्वतंत्रता नसीब नहीं हुई पत्रकारिता का व्यवसाय जिस दिन थमेगा पत्रकार की कलम स्वत: बोलेगी। यशभारत डाट का के संपादक आशुतोष शुक्ला ने कहा पत्रकारिता का क्षेत्र अब विस्तृत हो गया है इसमें पत्रकारों को चुनौती भी है और सरलता सहजता भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला पत्रकार संघ के आयोजको को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि पत्रकार बंधुओं द्वारा परष्पर सदभाव के ऐसे आयोजनों से मनोबल और पत्रकारिता के प्रति उत्साह बढता है। पत्रकार सुबह से लेकर शाम तक खबरों की खोज में लगे रहते हैं। उन्हें इतना समय भी नहीं मिलता कि वे अपने परिवार के साथ कुछ समय बिता सकें। काम के तनाव के बीच मिलन समारोह जैसे आयोजनों से उन्हें अपनी खुशी का इजहार करने का मौका मिलता है। इस तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में भवानी तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुये कलेक्टर आशीष तिवारी की जिले में बेहतरीन कार्यशैली और शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में सक्रियता पर कार्यक्रम चार पंक्तियों से सम्मानित किया कि गर आदमी का पराये ग़म से रिश्ता हो जाये तो आदमी आदमी न रहे फरिश्ता हो जाये जिले के लिये कलेक्टर फरिश्ता बनकर आये है। सभी अतिथियों और पत्रकार बंधुओं के प्रति जिला पत्रकार संघ की तरफ से आभार व्यक्त किया।

**इनकी रही उपस्थिति**- जिला पत्रकार संघ के पत्रकार मिलन समारोह में वष्ठि पत्रकार लालजी शर्मा, आशीष सोनी, वंदना तिवारी, सुरेन्द्र राजपूत, सुनील मुरारी, कमलेश सिंह, संजय शर्मा, रजनीश बाजपेयी, शिव प्रताप सिंह, बाल्मीकि पांडेय, रवि पांडे, अनिल राज तिवारी, मुकेश तिवारी, संजय अग्रवाल, संजय गुप्ता, अशोक वर्मा, राकेश चतुर्वेदी, अमित यादव, मनोज प्यासी, विकास बर्मन, जितेन्द्र द्विवेदी, सुजीत तिवारी, यश खरे, सुनील यादव, श्रद्धेश मिश्रा, प्रकाश पटेल, जाहिद हुसैन सिद्दकी, असलम खान, शकील खान, इनायत खान, सचिन तिवारी, दिलीप शुक्ला (गोलू), राहुल उपाध्याय, जितेन्द्र राय, संजय खरे, मनोज खरे, राकेश तिवारी, नवनीत गुप्ता, अनंत गुप्ता, अनिरूद्ध बजाज, मुरली पृथ्यानी, विष्णु वलेचा, सुभाष गर्ग, प्रभाकर सिंह, अभिषेक शुक्ला, अमित तिवारी, अनन्त चतुर्वेदी (पिंटू), अंकुश रजक, तपन निषाद, विजय उपाध्याय, अंशुल बेहरे, बल्लू यादव, शरद यादव, रवि ठाकुर, हेमंत सिंह, अवधेश सिंह चौहान, सुशील दुबे, सुजीत तिवारी, अनुनय शुक्ला, अनुभव शुक्ला, सुमित पांडे, सत्येंद्र गौतम, सचिन मिश्रा, विनोद दुबे, अभिषेक तिवारी, साध्वी निगम, नीलेश पटेल, सूरज साहू, दीपक रजक, सावन अहिरवार, कृष्ण कुमार ठाकुर, शशिकांत दुबे, योगेश दुबे, पंकज शर्मा, सुनील दुबे, बंटू रोहरा सहित शहर के तमाम पत्रकारों की उपस्थिति रहीं।

## कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी का जल सेवा अभियान शुरू, 300 पानी की टंकियों का वितरण



कटनी (स्वतंत्रमत)

भीषण गर्मी के मौसम में मूक पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के उद्देश्य से कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा जल सेवा अभियान के तहत सराहनीय जनसेवा पहल की गई। संस्था द्वारा शहर में नि:शुल्क पानी की टंकियों का वितरण किया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में लगभग 300 से अधिक 20 लीटर क्षमता की सीमेंट निर्मित पानी की टंकियां वितरित की गईं। इन टंकियों को शहर के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों, मोहल्लों, चौराहों एवं गलियों में मूक पशुओं के लिए स्थापित कराया जा रहा है, ताकि तेज गर्मी के दौरान उन्हें सहज रूप से पानी उपलब्ध हो सके। शेष टंकियों का वितरण द्वितीय चरण में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की महिला विंग द्वारा माता सरस्वती एवं गौ माता के पूजन के साथ किया गया। इसके बाद सेवा कार्य का विधिवत प्रारंभ हुआ। पूर्व में पंजीयन करा चुके नागरिकों को बरगवां रोड स्थित आई लव सेल्फी प्वाइंट के सामने बनाए गए वितरण केंद्र से टंकियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने संस्था के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। संस्था अध्यक्ष टीनू सचदेवा ने बताया कि यह सेवा कार्य संस्था द्वारा निरंतर संचालित किया जा रहा है और समाज के सहयोग से इसे व्यापक रूप दिया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि टंकी प्राप्त करने के बाद उसे स्वच्छ रखें तथा नियमित रूप से पानी भरते रहें, ताकि मूक जीवों को निरंतर लाभ मिल सके। संस्था ने नागरिकों से इस पुण्य कार्य में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि घर या मोहल्ले के बाहर पानी की टंकी रखकर पशु-पक्षियों के लिए जीवनदायी सेवा की जा सकती है। यह पहल समाज में जीव दया, संवेदनशीलता और मानवता का संदेश देती है तथा छोटे-से प्रयास से किसी मूक जीव के जीवन को बचाने की प्रेरणा प्रदान करती है।

# ९ फील्ड इन्वेस्टिगेटर ने नौ चयनित स्कूलों में जांची विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर कटनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत कटनी के निर्देशन में फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी (एफएलएस) के मुख्य आकलन हेतु डाइट कटनी के फील्ड इन्वेस्टिगेटर द्वारा जिले में एनसीईआरटी द्वारा चयनित नौ विद्यालयों में कक्षा 3 के कुल दर्ज 160 विद्यार्थियों में से 86 विद्यार्थियों का आकलन किया गया। उक्त स्टडी के अंतर्गत कक्षा 3 के विद्यार्थियों का हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा विकास तथा गणित की बुनियादी दक्षताओं में आकलन किया गया है। साथ ही शिक्षक तथा छात्र प्रश्नावली का उपयोग करते हुए स्कूलों के शैक्षिक स्वास्थ्य का आकलन भी किया गया। आकलन के पश्चात एनसीईआरटी द्वारा बच्चों के प्रदर्शन का विश्लेषण करते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सुधारात्मक उपाय किए जायेंगे। डाइट कटनी के संयोजन में आयोजित सर्वे में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, जिला परियोजना समन्वयक पीएन तिवारी, डाइट प्राचार्य एमपी डुंगडुंग वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी, एपीसी सुबरण राजपूत द्वारा चयनित शालाओं का भ्रमण कर सर्वे की प्रक्रियाओं का अवलोकन किया गया। सभी विद्यालयों में व्यवस्थाएं संतोषप्रद पाई गई। संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान जिला प्रोग्रामर सुमंत ताम्रकार द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया।



# विकास की नई लहर-सुविधाओं को मिलेगा नया आयाम

## जालपा देवी वार्ड में 22 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

कटनी (स्वतंत्रमत)



नगर के जालपा देवी वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु शनिवार को 22 लाख रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी की उपस्थिति में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक डॉ. सीताराम सेठिया के करकमलों द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। विकास कार्यों के अंतर्गत तिलक राष्ट्रीय स्कूल ग्राउंड के पीछे दोनों ओर पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग का कार्य कराया जाएगा, जिससे जलभराव की समस्या में कमी आएगी और आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। वहीं लक्ष्मी नारायण मंदिर से शारदा जनरल स्टोर्स होते हुए फूलचंद साहू एवं रवि राय के मकान से गुलाबचंद सोनी के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा और अधिक मजबूत होगी। साथ ही अशोक विश्वकर्मा के घर से गौतम भवन तक सीसी रोड निर्माण से लंबे समय से बनी सड़क समस्या का समाधान होगा और नागरिकों को राहत मिलेगी। महापौर ने कहा, हमारा लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधा, सुरक्षा और सम्मान प्रदान करना है। नगर का समग्र विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं चाहती हूँ कि शहर का हर वार्ड न केवल स्वच्छ और सुव्यवस्थित हो, बल्कि वह नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने वाला एक आदर्श क्षेत्र भी बने। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे आमजन को मूलभूत सुविधाएं सरलता और सुगमता से उपलब्ध हो सकें। सड़क, स्वच्छता, जल निकासी, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को मजबूत करना हमारी जिम्मेदारी है और इसी दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। महापौर ने आगे कहा कि नागरिकों की सहभागिता के बिना किसी भी विकास कार्य को पूर्ण रूप से सफल नहीं बनाया जा सकता।

## 12 हजार 613 किशोरियों को एचपीवी टीका लगाने का है लक्ष्य

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने किशोरी बालिकाओं के माता-पिता, पालकों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। यह बाजार में लगभग 4 हजार रुपये की आती है, लेकिन शासन द्वारा इसे नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इसलिये सभी पालक व अभिभावक अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को एचपीवी टीका अवश्य लगवायें। वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा। कटनी जिले में किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीव्ही (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) के टीकाकरण अभियान की शुरूआत 28 फरवरी को की गई। इस दिन कलेक्टर की मौजूदगी में जिला चिकित्सालय में तीन बालिकाओं क्रमश: श्रृष्टि सोनी, खुशी पांडेय और मंदाकिनी कोल को टीकाकरण कर शुरुआत की गई थी। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो गया है। अधिकाशत: 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकायें कक्षा 8वीं, 9वीं, 10 वीं में अध्ययनरत होती हैं। इन्हें सवाईकल कैंसर की बीमारी और इससे बचाव तथा एचपीव्ही टीकाकरण के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित करें।



## प्रेरणा एवं मंथन मंच के द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** प्रेरणा एवं मंथन मंच कटनी के द्वारा सुभाष चौक में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ गजलकार आनंद जैन (अकेला) की संचालन अनिल मिश्र का रहा। माँ वीणा पाणी की चरण वंदना के पश्चात गोष्ठी का आगाज़ करते हुए हास्य कवि शरद जायसवाल ने कहा- दो इधर थे दो उधर थे बीच में थे खैरख्वाह, हम सनम दुनिया में आए चार लोगों की बदौलत। वरिष्ठ गजलकार चंद्रकिशोर श्रीवास्तव चंदन ने कहा- कितने करीब आ के वो वापस पलट गया, जैसे लवों के पास आ प्याला उलट गया। अनिल मिश्र ने कहा- परमाणु युद्ध से पीड़ित हो, कितनी आँखें रोएंगी, अट्टहास यम का गूँजेगा कितनी साँसें खोएंगी।

# देश की जनता के विश्वास का प्रतीक बन चुकी है भारतीय जनता पार्टी- विष्णुदत्त शर्मा

## भाजपा का 47वां स्थापना दिवस उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया

कटनी (स्वतंत्रमत)



भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस जिला कार्यालय कटनी में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा कार्यकर्ताओं को मिष्ठान खिलाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यालय में वरिष्ठ भाजपाजनों का संगठन की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भोपाल से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे सांसद वीडी शर्मा सहित सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ सुना। साथ ही प्रदेश के 17 जिलों में भाजपा कार्यालयों के भूमि पूजन कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा गया। इससे पूर्व कटनी आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने सांसद विष्णुदत्त शर्मा का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुकी है, जिसके 14 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व का विषय है कि हम ऐसे संगठन से जुड़े हैं, जिसने अपने अथक परिश्रम, समर्पण और राष्ट्रसेवा के संकल्प के बल पर देश की राजनीति में नई दिशा स्थापित की है। उन्होंने कहा कि एक समय लोकसभा में मात्र 2 सीटों से अपनी यात्रा प्रारंभ करने वाली भाजपा आज 300 से अधिक सीटों के साथ देश की जनता के विश्वास का प्रतीक बन चुकी है। यह परिवर्तन कार्यकर्ताओं की निष्ठा, संगठन की मजबूती एवं नेतृत्व की दूरदर्शिता का परिणाम है। सांसद ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र (अंत्योदय) है- अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गांव, गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिससे देश चहुंमुखी विकास की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाएं तथा राष्ट्र निर्माण के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम उपरांत सांसद विष्णुदत्त शर्मा, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी एवं अन्य पदाधिकारियों ने भाजपा नेता चमनलाल आनंद के निवास पहुंचकर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया, जिन्होंने संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# युवाओं के हक की लड़ाई के लिए अब सड़क पर उतरेगी युवा कांग्रेस : यश घनघोरिया

## कटनी के स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने और पलायन पर भड़के नेता

कटनी (स्वतंत्रमत)



मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का कटनी जिले के विलायत कला ग्राम में प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल के नेतृत्व में चलाए जा रहे पंचायत चलो अभियान के तहत रविवार को एक विशाल मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनसभा में क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए मंच से प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकारें युवाओं के भविष्य के साथ केवल छलावा कर रही हैं, उन्होंने कहा आज का युवा उच्च शिक्षित होने के बावजूद हाथ में डिग्री लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। कमरतोड़ महंगाई ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। यू एस ट्रेड डील मोदी ने दबाववश स्वीकार की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि युवा कांग्रेस अब चुप नहीं बैठेगी और युवाओं को उनका हक व रोजगार दिलाने के लिए जल्द ही सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशु अंशु मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की केंद्र सरकार की गलत विदेश नीतियों के कारण आज देश कठिन दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल के लिए घंटों कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और जनता अब इस सरकार से बदलाव चाहती है। मिश्रा ने एलान किया कि आने वाले समय में 5000 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ वे कटनी मे सड़कों पर उतरेंगे और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने कटनी जिले की औद्योगिक स्थिति और बेरोजगारी के अंतर्विरोधों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि कटनी जिला पूरे मध्य प्रदेश को हर क्षेत्र में भारी-भरकम राजस्व देता है, लेकिन इस जिले का दुर्भाग्य है कि यहाँ का मूल निवासी युवा आज भी रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश है। इसराइल ने उद्योगपतियों और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, कटनी जिले में कई बड़ी कंपनियां और उद्योग स्थापित हैं, लेकिन बेहद अफसोस की बात है कि इन कंपनियों में बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और राजस्थान जैसे बाहरी राज्यों से लाकर लोगों को काम दिया जा रहा है। स्थानीय युवाओं की इस अनदेखी को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता से रोजगार दिलाने के लिए युवा कांग्रेस आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। पंचायत चलो अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस की मजबूत एकजुटता भी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ता और कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने एक सुर में आगामी दिनों में युवाओं के ज्वलंत मुद्दों को लेकर ब्लॉक और जिला स्तर पर एक बड़े और निर्णायक आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने की बात कही। कार्यक्रम का सफल संचालय जिला महासचिव विकास दुबे ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक बसंत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र दादू सिंह, संगठन प्रभारी चेतन चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष सचिन गर्ग, शैलेश जयसवाल, दीपक यादव, शुभम साहू, वरिष्ठ नेता संतोष यादव, मुकेश यादव, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सौम्या राँधेलिया, सन्दीप सिंह, एनएसयूआई प्रदेश सचिव अजय खटिक, हेमा शर्मा, माया चौधरी, मीनाक्षी बलवी, ब्लॉक अध्यक्ष विकास निगम, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार सिंह, अवध लाल यादव, लल्लन सिंह, कमलेश पांडेय, विजय चौधरी, कैलाश कोल, श्रीकान्त मिश्रा, परम कोल, धनी राम रजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजस्थान रॉयल्स को तीसरी जीत की तलाश

## मुंबई इंडियंस को वापसी की उम्मीद

गुवाहाटी (वार्ता)।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) टूर्नामेंट में तीसरी जीत दर्ज करना चाहेगी वहीं मुंबई इंडियंस (एमआई) पिछले मैच में मिली हार की निराशा से उबरते हुए वापसी के इरादे से मैदान में उतरेगी। बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में राजस्थान की टीम हालिया जीतों से उत्साहित होकर इस मैच में उतर रही है, यह एक ऐसी टीम है जिसका आत्मविश्वास हर मैच के साथ बढ़ता जा रहा है। उनके प्रदर्शन में आत्मविश्वास झलकता है। रियान पराग की कप्तानी में, टीम में एक अलग ही तरह का संयम देखने को मिल रहा है; यह एक युवा टीम है जो अपने इतिहास के भारी बोझ के बिना खेल रही है, लेकिन अपनी क्षमताओं को लेकर पूरी तरह से जागरूक है। उनकी बल्लेबाजी ने काफी अच्छे संकेत दिए हैं, और टीम के हर खिलाड़ी ने सही समय पर और पूरे तालमेल के साथ अपना योगदान दिया है। यशस्वी जायसवाल ने पारी की शुरुआत में ही तेज और शानदार खेल दिखाते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दी है, जिसमें उनका इरादा और निरंतरता साफ झलकती है। वैभव सूर्यवंशी की मौजूदगी ने टीम की बल्लेबाजी में एक नई जान डाल दी है; उनकी निडर बल्लेबाजी ने पावरप्ले के दौरान टीम को काफी गति प्रदान की है। मध्यक्रम में, ध्रुव जुरेल ने पूरी परिपक्वता के साथ पारी को संभाला है, जबकि शिमरोन हेटमायर ने दबाव भरे पलों में भी बड़े-बड़े छक्के लगाकर टीम को शानदार फिनिशिंग दी है।



### गेंदबाजी अभी भी चिंता का एक विषय

गेंदबाजी की बात की जाये तो टीम की गेंदबाजी अभी भी चिंता का एक विषय बनी हुई है। जोफ्रा आर्चर ने अपनी तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के दम पर गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की है, जबकि नांद्रे बर्गर ने नई गेंद से स्विंग और मूवमेंट का फायदा उठाकर उनका बखूबी साथ दिया है।

### उम्मीदों का भारी बोझ लेकर चल रही है मुंबई इंडियंस

दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस की टीम खड़ी है, एक ऐसी टीम जो पिछले कई वर्षों से लगातार मिली सफलताओं के कारण अपने कंधों पर उम्मीदों का भारी बोझ लेकर चल रही है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में, यह टीम अपनी पहचान की तलाश में उतनी नहीं है, जितनी कि अपनी निरंतरता को वापस पाने की तलाश में है। हाल के नतीजे भले ही उतार-चढ़ाव भरे रहे हों, लेकिन इस स्तर की टीमें शायद ही कभी अल्पकालिक उतार-चढ़ाव से परिभाषित होती हैं।

### बल्लेबाजी में अनुभव और प्रतिभा का बेहतरीन मेल

टीम में बल्लेबाजी में अनुभव और प्रतिभा का बेहतरीन मेल है। रोहित शर्मा शीर्ष क्रम में संयमित आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हैं, जो टाइमिंग और प्लेसमेंट पर आधारित मजबूत आधार प्रदान करते हैं। सूर्यकुमार यादव मध्य क्रम में रचनात्मकता का तड़का लगाते हैं, जो सहजता से गति बदलने और अपने विविध स्ट्रोक से गेंदबाजों को परेशान करने में सक्षम हैं। तिलक वर्मा ने संयम और निरंतरता बनाए रखी है, जबकि रयान रिकेल्टन ने शीर्ष क्रम में एक स्थिर उपस्थिति दर्ज कराई है।शेरफेन रदरफोर्ड और मिशेल सैंटनर के सहायक योगदान से टीम को गहराई और लचीलापन मिला है, वहीं पांड्या खुद अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने में सक्षम एक महत्वपूर्ण फिनिशर हैं। शार्दुल ठाकुर ने भी निचले क्रम में योगदान देकर बल्लेबाजी को मजबूती प्रदान की है।

### मुंबई की गेंदबाजी उनकी प्रमुख ताकत बनी

मुंबई की गेंदबाजी उनकी प्रमुख ताकत बनी हुई है। जसप्रीत बुमराह उनके आक्रमण का आधार बने हुए हैं, जो डेथ ओवरों में नियंत्रण और महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लेते हैं। ट्रेंट बोल्ट नई गेंद से शुरुआती स्विंग प्रदान करते हैं और दीपक चाहर के साथ एक प्रभावी संयोजन बनाते हैं, जो पावरप्ले में स्विंग और सटीकता जोड़ते हैं। मध्य ओवरों में, मिशेल सैंटनर अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से नियंत्रण प्रदान करते हैं, जबकि मयंक मार्कंडे कलाई की स्पिन में विविधता लाते हैं। पांड्या की ऑलराउंड उपस्थिति और ठाकुर की सहायक भूमिका गेंदबाजी की गहराई को और बढ़ाती है, जिससे मुंबई को हर चरण में कई विकल्प मिलते हैं।



# संग्राम सिंह ने ब्यूनस आयर्स में रचा इतिहास

## अर्जेंटीना की धरती पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बने

**ब्यूनस आयर्स (वार्ता)।** जब रविवार की रात को पूरा भारत सो रहा था, तब एमएमए का आइकन संग्राम सिंह ब्यूनस आयर्स में इतिहास रच रहा था। उन्हें अर्जेंटीना में एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय होने का गौरव हासिल हुआ। उम्र में 16 साल छोटे फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन काउडियर को उन्होंने यहां बयूनस आयर्स के खचाखच भरे टिगरे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में महज एक मिनट 45 सेकंड में धराशायी कर दिया। तिबस्ली (जॉर्जिया) और एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में जीत के बाद उन्होंने एमएमए में जीत की हैट्रिक भी पूरी कर ली। इस फाइट में उन्हें कुश्ती के दांव पेंचों का काफी फायदा हुआ। जीत के बाद रिंग पर दिए उनके एक बयान से पूरा एमएमए एरिना तालियों के शोर से गूंज उठा। दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने कहा कि मेरे लिए जीत-हार कोई मायने नहीं रखती। मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं अक्सर कहता हूं कि पैशन की कोई उम्र नहीं होती। जैसा कि प्रधानमंत्रीजी अक्सर कहते हैं कि ऊंचे सपने देखो और उनको साकार करने में जुट जाओ। मेरा भी अर्जेंटीना में फाइट जीतने पर पहले भारतीय बनने का सपना साकार हुआ।

उन्होंने आयोजकों के साथ ही अपने कोच भूपेश का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पिछले 25 साल से उनके साथ हैं। वह भी मुझे कामयाबी दिलाने में दिन-रात जुटे रहे। उन्होंने कहा कि जीत के बाद उन्हें देश विदेश से बधाई संदेशों का तांता लग गया। संग्राम सिंह प्रोफेशनल कुश्ती में वर्ल्ड हैवीवेट चैम्पियन भी रह चुके हैं। खेल मंत्रालय की फिट इंडिया मूवमेंट के ब्रैंड एम्बेसडर संग्राम सिंह ने कहा कि इस बार हालात उनके लिए काफी मुश्किल थे। कॉम्पीटिशन से दो दिन पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से 600 ग्राम अधिक था। दिन भर उन्होंने अपने कोच के साथ कड़ी मेहनत की।

खूब पसीना बहाया। दिन भर में आधा गिलास पानी पीया। संग्राम सिंह 83 किलो वजन में उतरे जहां दो किलो की छूट थी। संग्राम सिंह ने कहा कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से बड़ा दबाव महसूस कर रहे थे। इस अवसर पर मौजूद भारतीय राजदूत और उनके बेटे ने भी इस जीत के बाद बेहद भावुक होकर उन्हें बधाई दी। उस समय पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा था।



# हार्दिक पंड्या ने नेट्स पर किया अभ्यास

**गुवाहाटी (वार्ता)।** खराब स्वास्थ्य के कारण पिछला मैच नहीं खेलने वाले मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ होने वाले मैच से पहले रविवार को यहां नेट पर अभ्यास किया। वार्म अप करने के बाद फिजियो नितिन पटेल की निगरानी में हार्दिक ने गेंदबाजी शुरू की और खाली नेट्स में अच्छी स्पीड के साथ यॉर्कर फेंके। इस दौरान बल्लेबाजी कोच कायरन पोलार्ड भी उन पर नजर रखे हुए थे। इसके बाद हार्दिक ने बल्लेबाजी अभ्यास भी किया और गेंद उनके बल्ले के बीच में आती दिखती रही। हार्दिक अभ्यास सत्र के दौरान बेहतरीन लय में दिखें और मंगलवार को उनकी वापसी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि हार्दिक ने एमआई के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ तीन ओवरों में 39 रन देकर एक विकेट लिए थे और 11 गेंद में 18 रन भी बनाए थे। इस मैच को एमआई ने छह विकेट से जीता था। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में एमआई की अगुवाई करने वाले सूर्यकुमार यादव ने उस दिन हार्दिक को अनउपलब्ध बताया था।

# रीति पवार, प्रति और अरुंधति चौधरी फाइनल में

## निखत और लवलीना को मिला कांस्य पदक

**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार, प्रति और अरुंधति ने सोमवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के सेमीफाइनल मुकाबलों में अपने-अपने प्रतिंद्वद्वियों हराकर टूर्नामेंट फानइल में जगह बनाई। प्रीति पवार ने 54 किग्रा भार वर्ग मुकाबले में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया की एजी इम को हराया। वही प्रिया (महिला 60 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (महिला 70 किग्रा) ने अपने-अपने प्रतिद्वद्वियों को हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया। आज यहां हुए मुकाबले में प्रीति पवार ने एजी इम के खिलाफ तीनों राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 की जीत हासिल की। अब स्वर्ण पदक के लिए उनका मुकाबला चीनी ताइपे की हुआंग शियाओ-वेन से होगा, जो तीन बार की विश्व मुक्केबाजी चैंपियन और टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता हैं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की चयन प्रक्रिया के अनुसार, जो मुक्केबाज एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में पहुंचते हैं, उन्हें राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों के लिए सीधे प्रवेश मिल जाता है। अन्य मुकाबलों में पूर्व विश्व चैंपियन निकहत जरीन (महिला 51 किग्रा), ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (महिला 75 किग्रा) और ओलंपियन पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले 5-0 के समान अंतर से हार गईं और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।



निकहत को पेरिस 2024 चैंपियन चीन की वू यू के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जबकि लवलीना को उज्बेकिस्तान की अजीजा ज़ोकिरोवा ने हराया। पूजा रानी कजाकिस्तान की नादेज़्दा यार्बेट्स से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। अजीजा और यार्बेट्स, दोनों ही विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता हैं। प्रिया (महिला 60 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (महिला 70 किग्रा) ने अपने-अपने सेमीफाइनल प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से हराकर फाइनल मुकाबलों में जगह बनाई। प्रिया ने मंगोलिया की नामुन मोंखोर को 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से हराया। अब फाइनल मुकाबले में उनका सामना डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की उन ग्योंग वोन से होगा।

अरुंधति ने उज्बेकिस्तान की ओयशा तोइरोवा पर 4-1 की जीत के साथ सभी को प्रभावित किया और अब स्वर्ण पदक के लिए उनका मुकाबला कजाकिस्तान की बकित सेइडिश से होगा। महिला 65 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में, अंकुशिता बोरो को पेरिस 2024 कांस्य पदक विजेता चीनी ताईपे की निएन-चिन चेन के हाथों 3-0 से हार का सामना करना पड़ा।



# ऑरेंज कैप की दौड़ में रिजवी सबसे आगे

## पर्पल कैप तालिका में बिश्नोई शीर्ष पर

**बेंगलुरु (वार्ता)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सभी टीमों के दो-दो मैच पूरे हो चुके है वहीं सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) तथा चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए तीन-तीन मैच खेले है। ऑरेंज कैप की दौड़ में जहां समीर रिजवी तथा पर्पल कैप की तालिका रवि बिश्नोई शीर्ष पर है। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज सबसे आगे चल रहे है। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के नंबर 4 के बल्लेबाज रिजवी ने दोनों ही मौकों पर लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी की और दोनों ही बार अपनी टीम को मैच जिताया। पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स (एसएसजी) के खिलाफ 47 गेंदों में 70 रन बनाकर (नाबाद), और दूसरी बार मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ 51 गेंदों में 90 रन बनाकर। इन दोनों ही पारियों के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच का अवॉर्ड भी मिला।

# चावल मजबूत, चीनी नरम,तेलों में उतार-चढ़ाव

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को जहां चावल की औसत कीमतें बढ़ी, वहीं गेहूं की कीमत लगभग स्थिर रही जबकि चीनी में नरमी की रुख रहा। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 29 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 2,785 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबोश स्थिर रहा। आटे की कीमत सात रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 59 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। तुअर दाल 24 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल 22 रुपये प्रति क्विंटल नीचे बोली गयी। चना दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 27 रिंगिट गिरकर 4,812 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 68.94 सेंट प्रति पौंड पर स्थिर रहा। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 41 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ।



सोया तेल की कीमत 28 रुपये और सूरजमुखी तेल की 24 रुपये गिर गयी। मूंगफली तेल 14 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत पांच रुपये और पाम ऑयल की चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 16 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।दाल चना 7680.27 रुपये, मसूर काली 8071.11 रुपये, मूंग दाल 10154.82 रुपये, उड़द दाल 10792.06 रुपये, तुअर दाल 11265.18 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2784.56 रुपये और चावल 3855.55 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3271.92 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## रुपया 12 पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में सोमवार को रुपया 12 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 93.06 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 152 पैसे की जबरदस्त तेजी के साथ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी।

रुपये में आज शुरू से ही तेजी रही। यह पांच पैसे की बढ़त में 93.13 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका निचला स्तर रहा। बीच कारोबार में एक समय यह 92.79 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हो गया था, लेकिन अंत में ज्यादातर बढ़त खोता हुआ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# सेवा क्षेत्र में मार्च में बरकरार रही तेजी

मुंबई (वार्ता)।

पश्चिम एशिया संकट के बावजूद इस साल मार्च में सेवा क्षेत्र की तेजी बरकरार रही। एचएसबीसी द्वारा सोमवार को जारी भारत सेवा खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) रिपोर्ट में बताया गया है कि मार्च में एक ओर जहां नये कारोबार और सेवा गतिविधियों के विस्तार की गति जनवरी 2025 के बाद के निचले स्तर पर दर्ज की गयी, वहीं दूसरी ओर विदेशों से मिले ऑर्डर में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी तेजी रही।मार्च में सेवा क्षेत्र का पीएमआई 57.5 दर्ज किया गया, जो फरवरी के 58.1 से कम है। लगातार दूसरे महीने गिरने के बावजूद यह मजबूत विस्तार दिखाता है। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में वृद्धि और इससे कम रहना गिरावट दिखाता है। वहीं, 50 स्थिरता दर्शाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मार्च में मांग मजबूत बनी रही, जिसमें विदेशों से मिले नये ऑर्डरों में साल 2024 के मध्य के बाद की सबसे बड़ी तेजी का बड़ा योगदान रहा। भविष्य को लेकर सेवा प्रदाताओं की उम्मीद सकारात्मक है। लागत की मुद्रास्फीति में हालांकि साल 2022 के बाद सबसे तेज वृद्धि देखने को मिली है जो ईंधन, परिवहन और लॉजिस्टिक्स की बढ़ती लागत की ओर इशारा करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिर्फ कारोबारी गतिविधियों की बात करें तो इसमें 14 महीने की सबसे सुस्त वृद्धि हुई है। पश्चिम एशिया संकट का असर उत्पादन पर देखने को मिला है क्योंकि इससे मांग, बाजार की परिस्थिति और पर्यटन प्रभावित हुआ है।



# जेम पोर्टल पर अबतक 18.4 लाख करोड़ का व्यापार

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर अबतक 18.4 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हो चुका है जिसमें अकेले गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 में पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार शामिल है। जेम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिहिर कुमार ने सोमवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि 18.4 लाख करोड़ रुपये के संचयी सकल बाजार मूल्य को पार करना एक पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित खरीद प्रणाली में खरीदारों, विक्रेताओं और संस्थानों के विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जेम ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई), महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उद्यमों और स्टार्टअप्स के लिए पहुंच बढ़ाने हेतु समावेशी दृष्टिकोण अपनाया है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कुल ऑर्डरों में से 68 प्रतिशत की आपूर्ति लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसई) द्वारा की गयी जो कुल सकल बाजार मूल्य (जीएमवी) का 47.1 प्रतिशत था।

इस प्लेटफॉर्म पर 11 लाख से अधिक एमएसई पंजीकृत हैं। पिछले वित्त वर्ष में इन्हें 2.36 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 51 लाख से अधिक ऑर्डर प्राप्त हुए हैं, जो वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दिखाता है। पोर्टल पर 2.1 लाख से अधिक महिला नेतृत्व वाले एमएसई पंजीकृत हैं।

# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी

## एक प्रतिशत से अधिक चढ़े प्रमुख सूचकांक

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी देखने को मिली और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए।बीएसई का सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 591अंक लुढ़कने के बाद दोपहर बाद हुई लिवाली से 787.30 अंक (1.07 प्रतिशत) चढ़कर 74,106.85 अंक पर रहा। यह 25 मार्च के बाद पहली बार 74 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 255.15 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की बढ़त में 22,968.25 अंक पर बंद हुआ। यह इसका भी 25 मार्च के बाद का उच्चतम बंद स्तर है।

रुपये में जारी तेजी और सेवा क्षेत्र के पीएमआई के सकारात्मक आंकड़े आने से घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.55 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.29 फीसदी ऊपर रहा। तेल एवं गैस और मीडिया समूहों को छोड़कर सभी सेक्टरों में लिवाली हावी रही। बैंकिंग, वित्त, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। ऑटो, धातु, एफएमसीजी और आईटी समूहों में भी अच्छी तेजी रही। एनएसई में कुल 3,346 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,511 के शेयर बढ़त में और 746 के नुकसान में बंद हुए। अन्य 89 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 28 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। ट्रेंट में सबसे अधिक 7.89 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर 3.94 फीसदी, टाइटन का 3.58, एलएंडटी का 3.19, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.06, बजाज फाइनेंस का 2.93, इंडिगो का 2.75, एचडीएफसी बैंक का 2.68 और बजाज फिनसर्व का दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। पावरग्रिड का शेयर 1.83 प्रतिशत, एनटीपीसी का 1.71, बीईएल का 1.35, भारतीय स्टेट बैंक का 1.29, आईसीआईसीआई बैंक का 1.25 और टाटा स्टील का 1.06 प्रतिशत मजबूत हुआ। टीसीएस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, अडानी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, मारुति सुजुकी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज की शेयर 3.41 प्रतिशत गिर गया।



वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.55 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट एक प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग 0.70 प्रतिशत फिसल गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.56 प्रतिशत नीचे था, जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.69 प्रतिशत की तेजी है।

# एनएसजी भारत का अभेद्य कवच : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने किया समग्र क्षमता निर्माण प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यद्यपि हमारी संस्कृति हमें सबके सुख की कामना करना सिखाती है, पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में दुनिया यह भी जान गई है कि यदि कोई हमें छेड़ेगा, तो हम उसे नहीं छोड़ेंगे। जो जिस भाषा में समझें, उसे उसी भाषा में समझाना जरूरी है। अतिवादी ताकतें देश के विकास में बड़ी बाधक हैं। हमें ऐसी ताकतों से पूरी मजबूती से निपटना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (नेशनल सिक्युरिटी गार्ड) भारत का अभेद्य सुरक्षा कवच है। एनएसजी के कारण ही हमारी आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था बेहद सुदृढ़ है। देश में बीते काल में हुई किसी भी प्रकार की अतिवादी, अप्रिय घटनाओं एवं असामान्य परिस्थितियों में एनएसजी गार्ड की पूरी मुस्तैदी से मौजूदगी ने हमें यह एहसास कराया है कि एनएसजी है तो हम हर हाल में सुरक्षित हैं। एनएसजी देश की सीमा के भीतर नागरिक सुरक्षा की पक्की गारंटी की तरह है। उन्होंने कहा कि एनएसजी के जवान अपनी जान की परवाह किए बिना राष्ट्र की रक्षा में तत्पर रहते हैं। यह बल अपनी पेशेवर क्षमता, अनुशासन और तकनीकी दक्षता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को लाल परेड मैदान में आयोजित एनएसजी-शो में सहभागिता कर एनएसजी द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के जवानों के लिए आयोजित समग्र क्षमता निर्माण प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन के साझा कार्यक्रम का शुभारंभ किया।





### कमांडो के प्रदर्शन की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाल परेड मैदान में आयोजित एनएसजी शो देखा और कमांडो के प्रदर्शन की सराहना की। शो के दौरान एनएसजी जवानों ने मॉक टेररिस्ट अटैक का रीयलस्टिक सीन क्रिएट कर इस तरह के अटैक्स को काउंटर कर पूरी क्षमता से निपटने के लिए एनएसजी द्वारा अपनाई जाने वाली पूरी प्रकिया एवं कार्यवाही का सजीव प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह शो पुरुषार्थ और साहस से पराक्रम की पराकाष्ठा के प्रदर्शन का परिचायक है। इस प्रशिक्षण प्रदर्शन में जवानों ने हवा में उड़ते हुए जो करतब दिखाए हैं, वे सच में अद्भुत है। एनएसजी जवान हमारी सुरक्षा व्यवस्था की धुरी हैं। जल, थल, नभ हर तरह से देश पर किसी भी तरह की चुनौतियां और कठिनाइयां आ सकती हैं, इनसे निपटने की तैयारियों के लिए यह प्रशिक्षण और पूर्वाभ्यास बेहद महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण कार्यक्रम सह एनएसजी शो के शुभारंभ अवसर पर पुलिस बैंड द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिनंदन किया गया।

### सुरक्षा बलों, एटीएस, सीटीजी को मजबूत करेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी प्रकार के टेररिस्ट अटैक से निपटने के लिए हम अपने सुरक्षा बलों, एटीएस और सीटीजी को और अधिक मजबूत करेंगे। सीटीजी के आधुनिकीकरण के लिए सरकार ने 200 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की है। जल्द ही हम इस दिशा में आगे बढ़ने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि टेररिस्ट अटैक को पूरी दक्षता से काउंटर करने सभी जरूरी प्रशिक्षण के लिए हमारी सरकार भोपाल जिले की हुजुर तहसील के ग्राम तूमड़ा में अत्याधुनिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलेगी। इस सेंटर के जरिए हम अपने सुरक्षा बलों को किसी भी प्रकार की आकस्मिक आपदा एवं अतिवादी ताकतों से निपटने के लिए पूरी क्षमता से तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश के मध्य में है, इसलिए यह सेंटर देश की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारे जवान अपने हथियार और बुद्धिमत्ता से सभी प्रकार के संकटों से निपटने में सक्षम हैं।

### नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नागरिकों की सेवा और सुरक्षा के लिए हमारी सरकार हर समय तत्पर है। हमारी एटीएस आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत दीवार बनकर खड़ी है। इनकी मदद के लिए तैयार की गई काउंटर टेररिस्ट ग्रुप (सीटीजी) हमारी असॉल्ट यूनिट, आधुनिक हथियारों और मॉडर्न टेक्निक से लैस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को अपने सशस्त्र बलों पर बेहद गर्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की अलग पहचान बन रही है। वर्ष 1984 में एनएसजी की स्थापना हुई। एक समय था जब हमारे देश के प्रधानमंत्री भी अपने घर में सुरक्षित नहीं हुआ करते थे। एक सार्वजनिक कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की माला पहनाते हुए हत्या कर दी गई। एनएसजी का स्लोगन सर्वत्र सर्वोत्तम सुरक्षा है, जो विजय भाव की अनुभूति कराता है। एनएसजी जवानों का शौर्य और निष्ठा बेजोड़ है। जब भी देश में कोई संकट आता है। हमारे एनएसजी जवान (ब्लैक कैट कमांडोज़) देशवासियों को पूरी सुरक्षा देते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में अब हमारी सेना देश के दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारने का माद्दा रखती है।

### सशस्त्र बलों ने अपने पराक्रम से भरोसा दिलाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों ने अपने पराक्रम से आज हमें यह भरोसा दिलाया है। यहां मध्यप्रदेश पुलिस के साथ एटीएस, सीटीजी के प्रशिक्षण की शुरुआत हुई है। आज के विकासशील दौर में आतंकवाद, नक्सलवाद बहुत घातक है। इनसे लड़ने के लिए बलों को हर तरह के प्रशिक्षण की आवश्यकता है। देश ने 35 साल पुरानी एक बड़ी समस्या (नक्सलवाद) को खत्म कर दिया है। हमारा मध्यप्रदेश आज पूरी तरह नक्सलमुक्त हो चुका है। इसमें हमारे सशस्त्र बलों का बड़ा योगदान है।

# स्वस्थ जीवन का आधार है इन्द्रियों पर नियंत्रण: पटेल

## राज्यपाल आरोग्य भारती की नेचुरोपैथी कार्यशाला में हुए शामिल



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि नेचुरोपैथी स्वस्थ जीवन की मार्गदर्शिका है। उन्होंने कहा कि मन चंचल होता है, उसे नियंत्रित करना ही स्वस्थ जीवन का आधार है। स्वस्थ जीवन के लिए इन्द्रियों पर नियंत्रण जरूरी है। प्रकृति ने शरीर को बनाने और बिगाड़ने की समान शक्ति मानव को दी है। राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के ज्ञान-विज्ञान सभागार में आरोग्य भारती की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आयुर्वेद पकृति द्वारा प्रदान की गई औषधियों का विज्ञान है, जिसका प्रभाव भले ही धीरे-धीरे होता है, लेकिन उसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। उन्होंने कहा वातावरण का हमारे शरीर पर प्रभाव पड़ता है। हमारे पूर्वज इसीलिए ऋतु अनुसार भोजन बदलते रहते थे। उन्होंने गुजरात के डांग क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि अंचल में बहुत हरियाली है, वहाँ पर ट्रायबल आबादी रहती है, लेकिन इस क्षेत्र के ट्रायबल्स में सामान्यतः मिलने वाला अनुवांशिक रोग सिकल सेल रोग बहुत कम मिलता है। यह बताता है कि प्रकृति का मानव स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव होता है। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए पानी अधिक पीने, तैलीय पदार्थ कम खाने, कम से कम 6 घंटे सोने और मिलेट के सेवन के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नेचुरोपैथी केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे जीवन जीने के दृष्टिकोण और समग्र जीवन शैली से गहराई से जुड़ा हुआ विषय है। उन्होंने कहा कि नेचुरोपैथी आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, गलत खान-पान, प्रदूषण और तनाव से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का सरल, सुरक्षित और प्रभावी समाधान देती है। उन्होंने बताया कि प्रकृति के सिद्धांतों पर आधारित नेचुरोपैथी का मानना है कि यदि व्यक्ति प्रकृति के अनुरूप जीवन बिताए, तो अनेक रोगों से बच सकता है।

# किसानों ने समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन को दमोह जिले की सातवां तहसील में एक साथ तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन तहसील के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम भेजा गया है। ज्ञापन में किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर नाराज़गी जताई है। उनका कहना है कि इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा, सहकारी बैंकों द्वारा 0 प्रतिशत ब्याज की सुविधा समय पर न मिलने और ब्याज दर बढ़ने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की बात भी कही गई है। किसानों ने पराली जलाने के मामलों में एफआईआर दर्ज करने का विरोध करते हुए इसे अनुचित बताया है। उनका कहना है कि जब तक पराली के समाधान के लिए उचित व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक किसानों पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि गेहूं खरीदी की प्रक्रिया को सुचारू बनाया जाए और बंद किए गए सायलो केंद्रों को पुनः चालू किया जाए। किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन के दौरान प्रदेश मंत्री आरसी पटेल प्रांत प्रचार प्रमुख राममिलन पटेल प्रांतीय सदस्य रमेश यादव संभाग मंत्री हेमंत पटेल जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव तहसील अध्यक्ष विजय सिंह जैविक प्रमुख पूरन पटेल एवं अन्य पदाधिकारीयों की उपस्थिति रही ,।



# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस जिले भर में उत्साहए उमंग और गौरव के साथ जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलों एवं प्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण कर मनाया गया। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक जयंत मलैया, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रामलाल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल सहित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा का ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।



जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचारधारा आधारित राष्ट्र निर्माण का अभियान है। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने वाले लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन बना है। 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा ने संघर्ष, समर्पण और सेवा के बल पर लंबा सफर तय किया है। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज नेताओं के मार्गदर्शन से लेकर आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तक संगठन निरंतर सशक्त हुआ है। भाजपा की नीतियां गरीब, किसान, युवा और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित हैं। अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही भाजपा का मुख्य उद्देश्य है। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है जिसकी विचारधारा भारतीय जनसंघ से विकसित हुई है। पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर चलते हुए भाजपा समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं बल्कि हर कार्यकर्ता का संकल्प है। इसके लिए संगठन को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। सांसद राहुल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई है। आज भारत आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक दृष्टि से मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे गरीब कल्याण, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाई है। विधायक जयंत मलैया ने कहा कि स्थापना दिवस प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए आत्ममंथन और संकल्प का दिन है। भाजपा का संगठन मजबूत इसलिए है क्योंकि इसकी नींव समर्पित और अनुभवी कार्यकर्ताओं पर टिकी हुई है।

# जबेरा क्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ




**जबेरा (स्वतंत्र मत)।** जबेरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम हरदुआखुर्द में 6 से 22 अप्रैल तक आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत कथा सासाहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचन आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती महाराज द्वारा किया जा रहा है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे जबेरा नगर से कलश यात्रा निकाली गई जो नरसिंह देवालय से प्रारंभ होकर श्रीराम चौराहा, बस स्टैंड और नया बाजार मार्ग से होते हुए ग्राम हरदुआ खुर्द पहुंची। यात्रा के दौरान धार्मिक माहौल देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में छोटी-छोटी बालिकाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं ढोल-नगाड़ों की गूंज और ध्वज लेकर चलते ग्रामवासियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ग्राम हरदुआ खुर्द पहुंचने के बाद कथा व्यास दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती महाराज द्वारा विधिवत कथा वाचन प्रारंभ किया गया। आयोजन समिति के अनुसार यह धार्मिक कार्यक्रम 22 अप्रैल तक प्रतिदिन जारी रहेगा।

# बाल विवाह पर सख्ती : सभी जिलों में कंट्रोल रूम और उड़न दस्ते बनेंगे

भोपाल (स्वतंत्र मत)

अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले सामूहिक विवाह में बाल विवाहों को रोकने के लिए राज्य सरकार ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती जी वी रश्मि ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर बाल विवाह रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश में बाल विवाह की घटनाओं को शून्य करने और किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण नेशनल फ़ैमिली हेल्थ सर्वे के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में बाल विवाह के मामलों में कमी आई है, लेकिन कुछ जिलों में अभी भी यह समस्या बनी हुई है। अक्षय तृतीया इस वर्ष 20 अप्रैल 2026 को है और इस दिन प्रदेश में बड़ी संख्या में सामूहिक विवाह आयोजित होते हैं। ऐसे आयोजनों में बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन को विशेष



निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशानुसार स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। 20 अप्रैल को ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पंच, सरपंच, सचिव और पार्षद बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ लेंगे तथा पंचायत और वार्ड कार्यालयों में इसका प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों और आंगनबाड़ी के बच्चों की जागरूकता रैलियां भी निकाली जाएंगी। गांवों में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा समूह चर्चा आयोजित कर परिवारों को बाल विवाह न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, ग्राम कोटवार और पंचायत सचिव की मदद से 18 वर्ष से कम उम्र की किशोरियों की सूची तैयार कर संबंधित परिवारों को समझाइश दी जाएगी तथा उन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बाल विवाह की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 181, 1098 और 112 का व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। बाल विवाह रोकने के लिए प्रत्येक ग्राम और वार्ड में सूचना दल बनाए जाएंगे, जिनमें शिक्षक, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की महिलाएं और पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। सचिव श्रीमती रश्मि ने स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप और दीवार लेखन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए हैं, जिससे समाज में सही उम्र में विवाह के महत्व और कम उम्र में विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

# रेल मार्ग से दुर्लभ प्रजाति के वन्यजीवों की तस्करी का बड़ा नेटवर्क एक्सपोज

## स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने लखनऊ से मुख्य सरगना को किया गिरफ्तार

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, भोपाल ने ट्रेन के प्रथम श्रेणी एसी कोच से दुर्लभ और प्रतिबंधित प्रजाति के वन्यजीवों की तस्करी में शामिल एक संगठित गिरोह के सरगना रविन्द्र उर्फ रमन कश्यप को उत्तर प्रदेश एसटीएफ की सहायता से लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार था और उस पर इनाम घोषित किया गया था। वह पिछले दो महीनों से लगातार अपनी लोकेशन बदलकर जांच एजेंसियों को चकमा दे रहा था। आरोपी को विशेष न्यायालय में पेश कर वन विभाग की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच जारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), मध्यप्रदेश के निर्देशन में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ट्रेन नं. 19322, पटना-इंदौर एक्सप्रेस के एसी फर्स्ट कोच में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, भोपाल, रेलवे सुरक्षा बल और वनमंडल भोपाल की संयुक्त टीम ने विगत 3 फरवरी को कार्रवाई की थी। कार्रवाई में संत हिरदाराम नगर स्टेशन से आरोपी अजय सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 311 जीवित दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के कछुए बरामद किए गए थे। इस संबंध में 3 फरवरी 2026 को वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण की जांच के दौरान वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर प्रदेश के नीमच, मंदसौर, रतलाम, इंदौर, देवास, उज्जैन, नागदा और शाजापुर सहित उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक साथ छापामार कार्रवाई की गई। पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ में गिरोह के सरगना के रूप में रविन्द्र उर्फ रमन कश्यप का नाम सामने आया। जांच में सामने आया कि यह संगठित गिरोह रेल मार्ग के जरिए लंबे समय से दुर्लभ प्रजाति के जलीय वन्यजीवों की तस्करी में लिप्त था। गिरोह में पेट शॉप संचालक, पेट पैरेंट, डॉग ब्रीडर और रेल के एसी फर्स्ट कोच के अटेंडेंट भी शामिल थे। इस मामले में मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उषा तिवारी पति स्व. अरूण कुमार तिवारी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी के भवन क्रमांक 1733 एचआईजी-6 गोविंद भवन संपत्ति के पिन क्रमांक 1000398347 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 2709 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1000 व.फु. प्रथम तल 200 व.फु. पर निम्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री ए.के.तिवारी पिता स्व. मुरारी लाल तिवारी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कविता चौहान पति श्री जीतेन्द्र सिंह चौहान ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक म.नं. 1624/13 मंदिर घाट पुरानी बस्ती संपत्ति के पिन क्रमांक 2000353573 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1000 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री भरत रजक पिता श्री भीमराज रजक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती फाईजा खान पति फिरोज खान ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी के भवन क्रमांक शॉप नं. जी.7 डिलाइट कम्पाउण्ड सम्पत्ति के पिन क्रमांक 10002904800 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 230 व.फु. व्यावसायिक वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 230 व.फु. व्यावसायिक पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री सुधीर नायक पिता श्री रामेन्द्र प्रसाद नायक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती माया द्विवेदी पति श्री रमाकांत द्विवेदी ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वर दास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 102 कम्बोज रेसीडेंसी पिपरिया सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000012003 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1500 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री प्रदीप सिंह, विक्रम सिंह रिषी रमन सिंह, स्व. श्री राजेन्द्र सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ओम प्रकाश बघेल पिता श्री जीवन लाल बघेल ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वर दास रोहाणी के भवन क्रमांक प्लाट नं. 84 कम्बोज रेसीडेंसी पिपरिया संपत्ति के पिन क्रमांक 2000007008 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1000 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री प्रदीप सिंह, विक्रम सिंह, रिषी रमन सिंह पिताश्री राजेन्द्र सिंहका नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजकुमार लालवानी पिता श्री हरिराम लालवानी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी के भवन क्रमांक पुलिस स्टेशन जबलपुर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398014 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1192 व.फु. प्रथम तल 1254 व.फु. द्वितीय तल 1254 व.फु. तृतीय तल 1254 व.फु. चतुर्थतल 284 व.फु. तलघर 1335 व.फु पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री दिलीप तोतलानी पिता श्री लाधाराम तोतलानी श्रीमती पूनम पति श्री दिलीप तोतलानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती स्वाती श्रीवास पति श्री मनोज कुमार ने वार्ड क्रमांक 66 ने वार्ड का लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक राजुल आसियाना सम्पत्ति के पिन क्रमांक1002871107 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 890 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 890 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती सीमा कुमारी पति श्री दुर्गेश कुमार, दुर्गेश कुमार पिता श्री लक्ष्मी प्रसाद का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 6/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता विश्वकर्मा पति श्री गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वर दास रोहाणी के भवन क्रमांक प्रियदर्शनी हाउसिंग सोसाइटी डुमना रोड सम्पत्ति के पिन क्रमांक 9000209221 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 2400 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 548 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती आभा कनौजिया पति श्री सुरेश चंद्र कनौजिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

# गड़ा धन निकालने का झांसा देकर डाक्टरों से करोड़ों की ठगी, गिरफ्त में ठगों का गिरोह

## क्राइम ब्रांच की कार्यवाही, झांसी से पकड़े गए आरोपी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

क्राइम ब्रांच की टीम ने एक ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पकड़े गए इन आरोपियों ने गड़ा हुआ सोना मिलने का झांसा देकर डॉक्टरों को निशाना बनाते हुए उनसे करीब 1.60 करोड़ की ठगी की है। इस मामले में पुलिस ने एक ही परिवार के 4 लोगों को झांसी से गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पकड़े ठगों ने एक डॉक्टर से 10 लाख रुपए, दूसरे डॉक्टर 50 लाख रुपए और तीसरे डॉक्टर एक करोड़ की ठगी की है। डेंटिस्ट पिता-पुत्र समेत 3 डॉक्टर से ठगी हुई है। इनमें से एक डॉक्टर यादव कॉलोनी में अस्पताल चलाते हैं। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने बताया, आरोपी हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले हैं। इनमें 60 वर्षीय पन्नालाल राठौर, 34 वर्षीय धर्मेन्द्र राठौर, 30 वर्षीय वीरेन्द्र राठौर और 52 वर्षीय रामादेवी राठौर शामिल हैं। सभी आरोपी एक ही परिवार के हैं, जो छज्जूमल रोड थाना आदर्शनगर बल्लभगढ जिला फरीदाबाद हरियाणा के रहने वाले है। आरोपियों की लोकेशन झांसी में मिली, जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर उन्हें पकड़ा।





### इलाज के बहाने करते थे सम्पर्क

क्राइम ब्रांच में मुताबिक आरोपी पहले डॉक्टरों से इलाज के बहाने संपर्क करते थे। इसके बाद खुद को मजदूर बताकर कहते थे कि खुदाई में गड़ा हुआ सोना मिला है। वे इसे बेच नहीं पाने की बात कहकर सस्ते दाम में देने का लालच देते थे। भरोसा जीतने के लिए शुरुआत में 4-5 असली सोने की गिन्नियां देते थे, जो जांच में असली निकलती थीं। इससे पीड़ितों का विश्वास पक्का हो जाता था। इसके बाद आरोपी करीब 12 लाख रुपए प्रति किलो के हिसाब से बड़ी मात्रा में सोना देने का लालच देते थे। सौदा तय होने पर वे नकली सोने की गिन्नियां या बिस्किट देकर रकम ले लेते थे। जब तक पीड़ित को धोखाधड़ी का पता चलता, आरोपी फरार हो जाते थे। इस तरह भरोसा बनाकर और लालच देकर ठगी को अंजाम दिया जाता था।

### तीन अलग-अलग शिकायतों से खुला मामला

पहले मामले में एक पीड़ित से 7 किलो नकली सोना देकर करीब 10 लाख रुपए की ठगी की गई। दूसरी शिकायत में 5 किलो सोने के नाम पर 50 लाख रुपए लिए गए। तीसरे मामले में 12 किलो नकली सोना देकर 1 करोड़ रुपए की ठगी की गई। इस मामलों की शिकायत पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय तक पहुंचने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बनाई गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर झांसी में दबिश दी गई। उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह एक ही परिवार का है, जो संगठित तरीके से ठगी करता था। सभी आरोपी अलग-अलग भूमिकाएं निभाते थे। लोगों को विश्वास में लेकर बड़ी रकम ऐंठते थे।




# उत्कृष्ट विद्यार्थी हुए पुरस्कृत नवीन सत्र का हुआ शुभारंभ

## आदर्श हितकारिणी विद्यालय गोविंदगंज में 2 दिवसीय समारोह का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आदर्श हितकारिणी विद्यालय गोविंदगंज में दो दिवसीय वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनैना पटेरिया (सभापति हितकारिणी सभा), विशिष्ट अतिथि राकेश तिवारी (उपाध्यक्ष हितकारिणी सभा), दीपक राठौर (वरिष्ठ सदस्य शाला प्रबंधन समिति गोविंदगंज व हितकारिणी सभा) नरेश तिवारी ( संयोजक विद्या परिषद) उपस्थित रहे।

***विद्यार्थियों को तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं-*** कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला की प्राचार्य ज्योत्सना दीक्षित ने की तथा अतिथियों के द्वारा छात्रों को अंक सूची व पुरस्कार वितरण किए गए ।

कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। साथ ही सभापति ने नवीन सत्र का शुभारंभ विद्यार्थियों को तिलक लगा किया एवं विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करने व अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी।

# फरार बदमाश को गिरफ्तार कर निकाला जुलूस, लगा एनएसए

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पुलिस ने कुख्यात अपराधी बाबू सिंधी को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी पर लगभग 22 आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह कई थानों में वांछित था। पुलिस के मुताबिक कुछ दिन पहले आरोपी ने फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया और उसकी गिरफ्तारी भी हुई थी। लगातार आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए जिला दंडाधिकारी ने एनएसए के तहत वारंट जारी किया। बताया जा रहा है कि आरोपी बाबू सिंधी पर शहर के अलग-अलग थानों में हत्या, फायरिंग और अन्य गंभीर अपराधों के करीब 22 प्रकरण दर्ज हैं। मदन महल क्षेत्र की एक वारदात में भी वह लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी को पकड़ने क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस उसकी लगातार निगरानी कर रही थी। उसके ठिकानों पर दबिश, घटनास्थलों का पुनर्निर्माण और मुखबिर तंत्र के जरिए आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद घमापुर क्षेत्र में पुलिस ने आरोपी का जुलूस निकालते हुए उससे पूछताछ शुरू कर दी है।



## चाकू से हमला कर किया घायल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया जब कोर्ट में चल रहे मुकदमे के लिए रूपए की मांग करते हुए आरोपी ने उस व्यक्ति को ही चाकू मार दिया जिससे उसका केस चल रहा है । थाना हनुमानताल में 55 वर्षीय संजीव कुमार जैन निवासी बड़े जैन मंदिर के पीछे हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ई रिक्शा चलाता है । कुछ दिनों पहले अर्जुन सोनी विवाद के कारण उसके आटो में आग लगा दि थी । जिसका केस न्यायालय में चल रहा है बीती रात वह ईरिक्शा लेकर चार्जिंग कराने के लिये जा रहा था। तभी हरी मजार के पास हनुमानताल पर अर्जुन सोनी उसे मिला जो उससे बोला कि तुमने जो केस लगाया था । केस में मेरा बहुत पैसा खर्च हुआ है तुम मुझे दो हजार रूपये दो, उसने रूपये देने से मना किया तो अर्जुन उर्फ लालू सोनी उससे विवाद करते हुये गाली गलोज करने लगा तथा चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है ।

# हितकारिणी डेंटल कॉलेज की छात्रा का सुयश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी दन्त चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की बीडीएस द्वितीय वर्ष सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते छात्रा वर्धा मिश्रा ने मेरिट सूची में चौथा स्थान पाते हुए अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज कराई है। छात्रा की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हितकारिणी सभा के सचिव विश्वमोहन, महाविद्यालय शासी निकाय की अध्यक्षा सुनैना पटेरिया, निदेशक डॉ राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ रोहित मिश्रा ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। छात्रा की यह उपलब्धि महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

## प्रेमिका की खातिर हाइटेंशन खंभे पर चढ़ा युवक

**सिहोरा।** सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम गज़ताल में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक हाईटेंशन बिजली के खंभे पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही डायल 112 के माध्यम से पुलिस मौके पर पहुंची और सूझबूझ से युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। जानकारी के अनुसार, युवक की पहचान रतन कोरी पिता छोटेलाल कोरी निवासी ग्राम बटोरा थाना मैहर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह एक युवती से प्रेम करता था और शादी नहीं हो पाने के कारण मानसिक रूप से परेशान था। इसी तनाव में आकर उसने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को के निर्देश पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जिन्होंने समझाइश देकर कड़ी मशक्कत के बाद युवक को नीचे उतारा।

## शराब के लिए रूपए न देने पर हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोरखपुर थाने में 23 वर्षीय मोनू वंशकार निवासी सेठीनगर गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पुताई पुट्टी का काम करता है । बीती रात अपने घर के पास किराना दुकान के सामने अपने साथी हिमांशु गुप्ता का इंतजार कर रहा था । तभी पड़ौसी अद्दू बेन और छोटू बेन आकर उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर दोनों गाली गलौज करते हुए छोटू बेन ने नुकीली चीज से हमला कर दिया और अधू बैन ने मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया । पुलिस ने मामले की जांच शुरू करदी है ।

## मजदूर से शराबी ने की हाथापाई

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरेला थाना अंतर्गत गौर चौकी में 36 वर्षीय दिलीप श्रीपाल निवासी ग्राम कुड़ारी उमरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिजली विभाग में प्राईवेट लाईनमेन का काम करता है दोपहर में वह एवं उसका साथी नकुल मेहरा मछली डिपो ग्राम सालीवाड़ा से ट्रांसफार्मर सुधारकर लौट रहे थे । तभी ग्राम सालीवाड़ा निवासी उमेश पटेल मिला जो उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर गाली गलोज करते हुये उसने मारपीट कर दी । पुलिस अपना मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लोहे के कटीले तार से किया हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कुण्डम थाने में 18 वर्षीय ललित पटेल निवासी ग्राम बघराजी ने बताया कि वह मजदूरी करता है। शाम को अपने 2 साथियों के साथ स्कूटीसे खेलने के लिये महानीमन ग्राउण्ड बघराजी जा रहा था। तभी गांव का शुभम उर्फ सत्येन्द्र नामदेव उसकी गाड़ी रोककर शराब पीने के लिये 200 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो सत्येन्द्र गाली गलोज करने लगा, और उसके साथी आयुष महोबिया एवं दीपांशु सोनी ने गालिया देने से मना किया तो वह गुस्सा हो गया और डंडा जिसमें लोहे का कटीला तार लिपटा हुआ था से हमलाकर तीनों को घायल कर दिया । पुलिस ने मामूली की जांच शुरू कर दी है ।

## डॉ. नवनीत कोठारी को मिला सीएमएचओ का अतिरिक्त प्रभार



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सिविल सर्जन डॉ. नवनीत कोठारी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। रविवार रात इसके आदेश जारी किए गए। इसके साथ ही डॉ. संजय मिश्रा इस दायित्व से मुक्त हो गए हैं। उन्हें करोड़ों के घोटाले में निलंबित किया गया है। वे प्रभारी सीएमएचओ के साथ संयुक्त संचालक की कुर्सी भी संभाल रहे थे। वहीं डॉ. संजय मिश्रा को निलंबित करते हुए मुख्यालय भोपाल संभाग के क्षेत्रीय संचालक कार्यालय में अटैच किया गया है। दरअसल, सीएमएचओ कार्यालय में फर्जी देयकों के माध्यम से भुगतान किए जाने की शिकायतों के बाद जांच शुरू की गई थी। डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी के नेतृत्व में गठित टीम ने पाया कि भोपाल की एक निजी कंपनी को 12 फर्जी बिलों के जरिए करीब 93.04 लाख रुपए का भुगतान किया गया है, जबकि संबंधित सामग्री कभी प्राप्त ही नहीं हुई। कलेक्टर के निर्देश पर जांच कर रही टीम आज रिपोर्ट सौंपेगी।

# कई प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग की दबिश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर के कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए खाद्य विभाग ने पेय पदार्थों के नमूने लिये है । सोमवार को की गई निरीक्षण कार्यवाही के दौरान तीन पत्ती चौक, जहांगीराबाद स्थित इच्छाधारी लस्सी एण्ड मिल्क प्रोडक्टस् से लस्सी तथा मैंगो शेक, मनपसंद फास्ट फूड एण्ड लस्सी कॉर्नर से लस्सी तथा दही, इच्छाधारी लस्सी एलएलपी से लस्सी तथा मेंगो शेक, अधारताल चौराहा स्थित बजरंग लस्सी से लस्सी, कमानिया गेट स्थित नायक दूध भण्डार से लस्सी, बाहुबली दूध भण्डार से मैंगो शेक, गढ़ा रोड़ स्थित लक्ष्मी जूस से मैंगो शेक और पाइनेपल जूस, गुलौआ स्थित दुबे चौपाटी से कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम, बिलहरी स्थित महालक्ष्मी आइसकीम से आइसक्रीम, सालीवाड़ा स्थित महावीर कुल्फी एण्ड लस्सी से लस्सी तथा पाटन स्थित आपका अपना आइसक्रीम से मावा कुल्फी के नमूने लिये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि लिये गये नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है। परीक्षण में अमानक पाये जाने पर संबंधित कारोबारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत सूरतलाई पुल के पास रविवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कटंगी के ग्राम बोरिया राम खिरिया निवासी 30 वर्षीय दिलीप चौधरी अपने काम से जबलपुर आया था। रविवार शाम को वे अपनी बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहा था । प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रात जैसे ही दिलीप सूरतलाई पुल के पास स्थित धर्मकांटा के सामने पहुंचा तभी एक अनियंत्रित वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक चालक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही दिलीप सडक़ पर उछलकर दूर जा गिरा और सिर पर गंभीर चोट आने के कारण उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा और परिजनों को सूचित किया।

# व्यापारी के खाते से उड़ा दिए 2 लाख रूपए

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** साइबर ठगों ने ठगी का एक नया और सनसनीखेज तरीका अपनाया । शहर के हृदय स्थल करमचंद चौक स्थित क्लासिक मार्केटिंग के संचालक 47 वर्षीय पंकज जैन ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए। तुलसीनगर निवासी पंकज जैन का मढ़ाताल स्थित इंडियन बैंक में खाता है। ठगी की यह वारदात 27 मार्च से 29 मार्च के बीच अंजाम दी गई। पीड़ित ने बताया कि उन तीन दिनों के दौरान उनके मोबाइल की स्क्रीन अचानक ब्लैक हो गई थी । और फोन बार-बार अपडेट मांग रहा था। इस तकनीकी खराबी के कारण फोन का कोई भी बटन काम नहीं कर रहा था। मोबाइल खराब समझकर पंकज जैन ने उसे कुछ समय के लिए अलग रख दिया और अपने व्यापारिक कार्यों में व्यस्त हो गए।

# 550 दिन बिना रुके हुआ बिजली उत्पादन चचाई की यूनिट-5 ने रचा इतिहास



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने देश के विद्युत क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए बिना रूके 550 दिन विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। यह यूनिट 1 अक्टूबर से निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन कर रही है। यूनिट नंबर 5 की यह उपलब्धि इसे देश के सार्वजनिक क्षेत्र में तीसरी और स्टेट सेक्टर में पहली यूनिट बनाती है, जिसने इतनी लंबी अवधि तक सतत उत्पादन किया है। इस दौरान यूनिट ने 98.74ज प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर, 95.48ज प्लांट लोड फैक्टर व 9.28ज ऑक्जलरी कंजम्पशन जैसे उच्च मानक हासिल किए। ये प्रभावशाली आंकड़े स्पष्ट रूप से उस उच्च स्तर की दक्षता, विश्वसनीयता और तकनीकी उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, जिसे प्लांट टीम द्वारा निरंतर बनाए रखा गया है।

## ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

मप्र के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नीरज मंडलोई व मनजीत सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि गहन योजना, मज़बूत निवारक रखरखाव प्रक्रियाओं, बारीकी से की गई परिचालन निगरानी और एटीपीएस की पूरी परिचालन और रखरखाव टीम के अटूट समर्पण का परिणाम है। इतनी लंबी अवधि तक बिना किसी बड़ी रुकावट के निर्बाध परिचालन बनाए रखना पेशेवर रूख, प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**